सूर्योदय 5:20 सूर्यास्त 7:29

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 16.5 न्यू | 25.0 अधि |
| धर्मशाला | 21.3 न्यू | 31.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 77,100 |
| निफ्टी | 24,056 |
| सोना 1,40,000 | चांदी 2,15000 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | शुक्रवार, 26 जून 2026 | 12 आषाढ़, विक्रमी संवत 2083 | वर्ष 3, अंक 178, कुल पृष्ठ 12 | मूल्य : 5 रुपए | डाक पंजीकरण संख्या : HP/DO/DEHRA/01/2026-2028 follow us on: | 8894521702





## न्यूज शॉर्ट्स

### कछार में हेरोइन समेत दो तस्कर गिरफ्तार

**एजेंसी, कछार (असम)।** मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कछार जिले के कलाईन थाना क्षेत्र में पुलिस ने लगभग 90 लाख मूल्य की संदिग्ध हेरोइन जब्त कर दो लोगों को गिरफ्तार किया है। सूत्रों के अनुसार वीरवार को पुलिस ने बीती रात नाका लगाकर एएस-01डीएन-5202 नंबर वाले एक वाहन को रोककर उसकी तलाशी ली तो 15 साबुनदानियों में छिपाकर रखी गई संदिग्ध हेरोइन बरामद की गई। बरामद मादक पदार्थ का कुल वजन 177 ग्राम पाया गया। पुलिस के अनुसार, इसकी अनुमानित बाजार कीमत करीब 90 लाख है। (अनंत ज्ञान)

### ईपीएफओ पोर्टल 26 से 28 जून तक रहेगा बंद

**एजेंसी, नई दिल्ली।** यदि आप इस सप्ताह ईपीएफ क्लेम जमा करने की योजना बना रहे थे, तो आपको कुछ दिन इंतजार करना पड़ सकता है। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने घोषणा की है कि एक बड़े सिस्टम अपग्रेड के कारण 26 जून से 28 जून तक उसके सदस्य पोर्टल पर कई सेवाएं अस्थायी रूप से अनुपलब्ध रहेंगी। इस कदम का उद्देश्य सेवा की गुणवत्ता में सुधार करना और भविष्य में दावों की प्रक्रिया को तेज और अधिक कुशल बनाना है। (अनंत ज्ञान)




### दावा: दिल्ली रेप-मर्डर का आरोपी निकला नपुंसक

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली में 11 साल की बच्ची के रेप-मर्डर को लेकर नया दावा किया गया है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक आरोपी कैब ड्राइवर इरेक्टाइल डिस्फंक्शन, यानी शारीरिक संबंध बनाने में दिक्कत आने से पीड़ित था। उसकी नपुंसकता रिपोर्ट भी पॉजिटिव आई है। आरोपी ने पूछताछ में पुलिस को बताया कि उसने गाड़ी की पिछली सीट पर बच्ची के साथ रेप करने की कोशिश की, लेकिन इरेक्टाइल डिस्फंक्शन के कारण वह ऐसा नहीं कर सका। आरोपी ने कहा कि उसने बच्ची को शोर मचाने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी और फिर उसे फरीदाबाद-गुरुग्राम सीमा के पास एक सुनसान जंगली इलाके में ले गया। जहां उसकी हत्या कर दी। (अनंत ज्ञान)

# वेनेजुएला में भूकंप से तबाही

## 39 सेकंड में 7.2 और 7.5 तीव्रता के लगे जोरदार झटके, अब तक 164 लोगों की मौत

**एजेंसी, काराकास**

वेनेजुएला में दो शक्तिशाली भूकंपों ने व्यापक तबाही मचा दी। अब तक की जानकारी के अनुसार, इस प्राकृतिक हादसे में 164 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 971 लोग घायल हुए हैं। भूकंप के बाद देश में आपातकाल घोषित कर दिया गया है और बचाव कार्य जारी हैं।

दुनियाभर से सहायता की पेशकश आने लगी है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत वेनेजुएला को हरसंभव मदद देने की पेशकश की है। चीन, अमेरिका, इक्वाडोर, कतर, मैक्सिको और अल साल्वाडोर समेत कई देशों ने राहत एवं बचाव सहायता खेप की घोषणा की है।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, यूएस जियोलॉजिकल सर्वे (यूएसजीएस) के अनुसार पहला भूकंप बुधवार शाम करीब 6.30 बजे (भारतीय समयानुसार गुरुवार तड़के करीब 4.00 बजे) 7.1 तीव्रता का था। इसके ठीक एक मिनट बाद 7.5 तीव्रता का दूसरा और अधिक शक्तिशाली झटका महसूस किया गया। दोनों भूकंपों का केंद्र राजधानी काराकास से



◆ **मोदी ने वेनेजुएला को दिया हरसंभव मदद का भरोसा**

लगभग 160 किलोमीटर पश्चिम में स्थित तटीय शहर मोरोन के पास आए। भूकंप की गहराई मात्र 10 किलोमीटर होने के कारण इसका प्रभाव अत्यंत विनाशकारी रहा।

सबसे अधिक नुकसान उत्तरी वेनेजुएला का तटीय राज्य ला गुएरा में हुआ है, जिसे सरकार ने 'आपदा क्षेत्र' घोषित कर दिया है। दर्जनों इमारतें ढह गई हैं और कई इलाकों में संचार व्यवस्था बाधित होने से राहत एवं बचाव कार्य प्रभावित हो रहे हैं। राजधानी काराकस और उसके आसपास भी कई बहुमंजिला इमारतें धराशायी हो गईं। सरकार ने पूरे देश में आपातकाल घोषित कर दिया है। राजधानी में बिजली और मोबाइल नेटवर्क बाधित हो गए। सिमॉन बोलिवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट को नुकसान पहुंचने के कारण बंद करना पड़ा, जबकि मेट्रो सेवाएं और प्राकृतिक गैस आपूर्ति भी अस्थायी रूप से रोक दी गई हैं। स्कूलों में



कक्षाएं रद्द कर दी गई हैं और कुछ स्कूलों को राहत शिविरों में बदला जा रहा है। राहतकर्मी मलबे में फंसे लोगों को निकालने के लिए लगातार अभियान चला रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

# सीबीएसई स्कूलों में जुलाई माह तक और अध्यापक किए जाएंगे भर्ती : सीएम सुक्खू

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, सोलन।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कसौली विधानसभा क्षेत्र के नेरी कलां में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए जोहड़झी-मल्ला सड़क के लिए 20 करोड़ रुपए स्वीकृत करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि इस परियोजना से क्षेत्र के कई गांवों को बेहतर सड़क सुविधा मिलेगी और आवागमन सुगम होगा।

इसके अलावा मुख्यमंत्री ने पांच ग्राम पंचायतों की पात्र महिलाओं को इंदिरा गांधी सुख सम्मान निधि के तहत 1500 रुपए मासिक पेंशन देने, प्राथा विद्यालय को सीबीएसई से संबद्ध करने, जोगिंद्रा सहकारी बैंक की शाखा खोलने तथा चाटी ढांक में बांध निर्माण के लिए सर्वेक्षण करवाने की भी घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि वे पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय वीरभद्र सिंह के बाद इस क्षेत्र में आए हैं और लोगों से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याएं जानने का प्रयास किया है। उन्होंने विधायक विनोद सुल्तानपुरी की सराहना करते हुए उन्हें जुझारू और सक्रिय युवा नेता बताया।

किशाऊ बांध परियोजना पर बोलते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार के साथ हुई बैठक में हिमाचल के हितों की मजबूती से



नेरी कलां में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे मुख्यमंत्री सीएम सुक्खू, साथ हैं अन्य।

◆ **जोहड़जी-मल्ला सड़क के लिए 20 करोड़ रुपए की घोषणा**

पैरवी की गई है। उन्होंने कहा कि राज्य को अब बिना अतिरिक्त वित्तीय बोझ के 211 मेगावाट बिजली प्राप्त होगी, जिससे लगभग 600 करोड़ रुपए वार्षिक लाभ होगा। उन्होंने केंद्र की नीतियों पर सवाल उठाते हुए कहा कि मनरेगा जैसी योजनाओं में बदलाव से राज्य प्रभावित हो सकता है, जबकि सरकार आत्मनिर्भर हिमाचल के लक्ष्य की ओर बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि आरडीजी बंद होने और अन्य नीतिगत फैसलों से प्रदेश को नुकसान हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत कर रही है। प्राकृतिक खेती से उत्पादित हल्दी, मक्की और गेहूं के लिए एमएसपी तय किया गया है तथा दूध की खरीद दरें भी बढ़ाई गई हैं। शिक्षा क्षेत्र में सुधार का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि 7000 शिक्षकों की भर्ती की गई है और 150 सीबीएसई स्कूल शुरू किए गए हैं। स्वास्थ्य क्षेत्र में भी आधुनिक सुविधाएं बढ़ाई जा रही हैं।

विधायक कसौली विनोद सुल्तानपुरी ने कहा कि मुख्यमंत्री प्रदेश की जनता से भरपूर प्रेम करते हैं और एक योद्धा की तरह प्रदेश की जनता के लिए दिन-रात काम कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए दिल्ली तक प्रदेश के लोगों की आवाज पहुंचाई, जिससे हिमाचल को लाभ मिल रहा है।


# सुक्खू सरकार ने मल्टी टास्क वर्करों का मानदेय बढ़ाकर 6,000 रुपए किया

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश की सुक्खू सरकार ने लोक निर्माण विभाग में कार्यरत मल्टी टास्क वर्करों को बड़ी राहत देते हुए उनके मासिक मानदेय में 500 रुपए की बढ़ोतरी कर दी है। अब इन कर्मचारियों को हर महीने 6 हजार रुपए मानदेय मिलेगा। सरकार का यह निर्णय एक अप्रैल 2026 से प्रभावी होगा और बढ़े हुए मानदेय का एरियर भी कर्मचारियों को दिया जाएगा।

जानकारी के अनुसार लोक निर्माण विभाग में कार्यरत पांच हजार से अधिक मल्टी टास्क वर्करों को इस फैसले का सीधा लाभ

◆ **मानदेय वृद्धि अप्रैल से लागू, हजारों कर्मियों को मिलेगा एरियर का लाभ**



मिलेगा। अभी तक उन्हें प्रतिमाह 5,500 रुपए मानदेय दिया जा रहा था, जिसे बढ़ाकर 6,000 रुपए कर दिया गया है।

बता दें कि प्रदेश सरकार के प्रमुख सचिव (लोक निर्माण) ने 11 जून 2026 को इस प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की थी। इसके बाद लोक निर्माण विभाग के रजिस्ट्रार सोम भारद्वाज ने सभी अधीक्षण अभियंताओं और अधिशासी अभियंताओं को अधिसूचना जारी कर निर्णय को तत्काल लागू करने तथा आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। सरकार के आदेशों के अनुसार बढ़ा हुआ मानदेय एक अप्रैल 2026 से लागू माना जाएगा। ऐसे में अप्रैल से अब तक की बढ़ी हुई राशि का एरियर भी कर्मचारियों को जल्द जारी किया जाएगा। विभागीय स्तर पर इसकी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

## संजय सिंह ने एसआईटी को दिए राम मंदिर जमीन घोटाले के सबूत

**एजेंसी, अयोध्या।** अयोध्या राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले की जांच कर रही एसआईटी को आप सांसद संजय सिंह ने जमीन घोटाले से जुड़े सबूत दिए। संजय सिंह वीरवार सुबह 11 बजे लखनऊ में एसआईटी के अध्यक्ष विजय विश्वास पंत के ऑफिस पहुंचे। वह करीब 12 मिनट कमरे में रुके। संजय सिंह ने बाहर आकर कहा कि राम मंदिर में जमीन घोटाले के 11 कागजात मैंने एसआईटी को सौंपे हैं। उन्होंने कहा कि एक-एक कर सब सामने आ रहा है। पैसे की बरामदगी हो चुकी है, चढ़ावे में चोरी के तमाम साक्ष्य मिल चुके हैं। फिर भी अब तक कोई जेल क्यों नहीं गया? किसी की गिरफ्तारी क्यों नहीं हुई? कोई एफआईआर अब तक क्यों दर्ज नहीं हुई? यह बेहद हैरान करने वाली बात है। दरअसल, संजय सिंह ने दावा किया था कि उनके पास अयोध्या में जमीन घोटाले से जुड़े सबूत हैं। इसके बाद एसआईटी के प्रमुख कुमार विश्वास पंत ने उन्हें सबूत के साथ बुलाया था। (अनंत ज्ञान)




# अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा के लिए 'प्रोजेक्ट हॉक आई' शुरू

**एजेंसी, श्रीनगर**

जम्मू-कश्मीर में आगामी श्री अमरनाथ यात्रा को सुरक्षित और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए अनंतनाग पुलिस ने 'प्रोजेक्ट हॉक आई' शुरू किया है। इस पहल के तहत यात्रा मार्ग पर जमीन से आसमान तक चौबीसों घंटे निगरानी की व्यवस्था की गई है। अमरनाथ यात्रा अगले सप्ताह पहलगाम और बालटाल दोनों मार्गों से शुरू होगी। इसके मद्देनजर सरकार ने दोनों मार्गों को 'नो-फ्लाई जोन' घोषित किया है और अभूतपूर्व सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं।

'प्रोजेक्ट हॉक आई' के तहत पांच ड्रोन के जरिए हवाई निगरानी की जाएगी, जिससे रियल-टाइम में स्थिति पर नजर रखी जा सकेगी और किसी भी घटना पर तुरंत कार्रवाई संभव होगी। इसके अलावा 28 रणनीतिक



मचान मोर्चे और 22 विशेष निशानेबाज टीमों की तैनाती की गई है।

◆ **ड्रोन, सीसीटीवी और फेस रिकग्निशन सिस्टम से मार्ग पर 24 घंटे रखी जाएगी नजर**

सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए यात्रा मार्ग पर 416 हाई-रिजॉल्यूशन सीसीटीवी कैमरे और फेस रिकग्निशन सिस्टम लगाए गए हैं, जो संदिग्ध गतिविधियों की पहचान में मदद करेंगे।

पुलिस के अनुसार यह मल्टी-लेयर सुरक्षा व्यवस्था तीर्थयात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और किसी भी आपात स्थिति से प्रभावी तरीके से निपटने के लिए तैयार की गई है। (अनंत ज्ञान)

# अमरजीत सिंह को गृह विभाग में बनाया सचिव

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश सरकार ने प्रशासनिक व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाने के लिए वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों को अतिरिक्त जिम्मेदारियां सौंपते हुए बड़ा फेरबदल किया है। कार्मिक विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार 2010 बैच के आईएएस अधिकारी अमरजीत सिंह को गृह विभाग के सचिव का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

अमरजीत सिंह वर्तमान में सहकारिता तथा नगर एवं ग्राम नियोजन एवं आवास विभाग के सचिव हैं और अब वे गृह विभाग की अतिरिक्त जिम्मेदारी भी संभालेंगे। हालांकि, गृह विभाग का संचालन अतिरिक्त मुख्य सचिव (गृह) के समग्र नियंत्रण में ही जारी

◆ **आशीष सिंघमार को भी मिला पशुपालन विभाग में सचिव नया दायित्व**




रहेगा। इसी तरह 2008 बैच के आईएएस अधिकारी आशीष सिंघमार को पशुपालन विभाग का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। वे पहले से ही डिजिटल टेक्नोलॉजी एवं गवर्नेंस, मुख्यमंत्री सचिवालय, सामान्य प्रशासन, संसदीय कार्य तथा मानवाधिकार आयोग जैसे कई महत्वपूर्ण विभागों का दायित्व निभा रहे हैं।

# सुजानपुर नगर परिषद अध्यक्ष-उपाध्यक्ष के शपथ ग्रहण पर न्यायालय की रोक

अनंत ज्ञान

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर।** चुनाव प्रक्रिया को लेकर विवादों से घिरे सुजानपुर नगर परिषद के चुनाव पर हाईकोर्ट ने स्टे लगा दिया है। इस चुनाव में हाथ खड़े करके अध्यक्ष और उपाध्यक्ष चुने गए थे, जिस पर पिछले दो दिनों से मंडल भाजपा सुजानपुर हमलावर हुई थी। सुजानपुर में धरना-प्रदर्शन भी हुआ और हमीरपुर में डीसी से मिलकर राज्यपाल को ज्ञापन भी भेजा गया था, लेकिन वीरवार को इस चुनाव प्रक्रिया पर रोक लग गई। कांग्रेस को इससे निश्चित रूप में झटका लगा है, क्योंकि चुनाव अधिकारी और वहां के एसडीएम ने जिस तरीके से अध्यक्ष उपाध्यक्ष चुने के लिए रणनीति बनाई वह बाजी फिलहाल उल्टी साबित हुई है।

◆ **राणा बोले-न्याय और लोकतांत्रिक मूल्यों की हुई जीत, सुक्खू सरकार की धक्केशाही पर लगा विराम**

उधर, पूर्व विधायक और भाजपा के प्रदेश मुख्य प्रवक्ता राजेंद्र राणा ने सुजानपुर नगर परिषद के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पद के शपथ ग्रहण और नियुक्ति प्रक्रिया पर न्यायालय द्वारा आगामी आदेशों तक रोक लगाए जाने का स्वागत करते हुए इसे सत्य, न्याय और लोकतांत्रिक मूल्यों की जीत बताया है। उन्होंने कहा कि यह निर्णय उन सभी लोगों के विश्वास को मजबूत करता है जो लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं की निष्पक्षता और संवैधानिक व्यवस्था में आस्था रखते हैं।

राणा ने कहा कि सुजानपुर नगर परिषद के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के चयन को लेकर जिस प्रकार के घटनाक्रम सामने आए, उससे स्थानीय जनता में अनेक प्रश्न उत्पन्न हुए थे। भाजपा लगातार यह मांग कर रही थी कि पूरे मामले की निष्पक्षता और वैधानिकता सुनिश्चित की जाए तथा लोकतांत्रिक मानदंडों का पूर्ण पालन हो। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार लगातार लोकतांत्रिक संस्थाओं पर दबाव बनाने और राजनीतिक हितों को प्राथमिकता देने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि सुक्खू सरकार की धक्केशाही और मनमानी के विरुद्ध भाजपा शुरू से आवाज उठाती रही है तथा जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए आगे भी संघर्ष जारी रखेगी।

**सीजन** | औषधीय गुणों से भरपूर मौसमी फल की बढ़ी मांग, आयुर्वेद में माना है स्वास्थ्यवर्धक

# छोटी काशी मंडी के बाजार में पहुंची जामुन की बहार

अनंत ज्ञान

**अनिल शर्मा, मंडी।** बरसात के मौसम की दस्तक के साथ ही छोटी काशी मंडी के फल बाजार में जामुन की ताजा खेप पहुंचनी शुरू हो गई है। गहरे बैंगनी रंग, अनूठे स्वाद और औषधीय गुणों से भरपूर यह फल इन दिनों लोगों की पहली पसंद बना हुआ है। बाजार में पहुंचते ही जामुन की मांग बढ़ गई है और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक लोग इसे अपने दैनिक आहार में शामिल कर रहे हैं।

फल विक्रेता राकेश कुमार का कहना है कि स्थानीय बाजारों में जामुन की अच्छी आवक हो रही है। स्वादिष्ट होने के साथ-साथ यह फल अनेक स्वास्थ्य लाभों से भी भरपूर है। आयुर्वेद में जामुन को एक महत्वपूर्ण औषधीय फल माना गया है, जिसके फल, बीज, पत्तियां और छाल तक विभिन्न रोगों के उपचार में उपयोग किए जाते हैं। विशेषज्ञों के अनुसार जामुन में विटामिन-सी, आयरन, कैल्शियम, पोटैशियम, फाइबर और



छोटी काशी मंडी के फल बाजार में बिक्री के लिए सजी ताजा जामुन की खेप।

शक्तिशाली एंटी-ऑक्सीडेंट तत्व प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं। इसका सेवन शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत बनाने, पाचन तंत्र को बेहतर रखने और रक्त को शुद्ध करने में सहायक माना जाता है। जामुन में मौजूद प्राकृतिक तत्व शरीर में बढ़ते ऑक्सीडेटिव तनाव को कम करने में भी मदद करते हैं।

मधुमेह रोगियों के लिए भी जामुन को लाभकारी माना जाता है। इसके बीजों में पाए जाने वाले तत्व रक्त में शर्करा के स्तर को नियंत्रित करने में सहायक हो सकते हैं। इसके अतिरिक्त यह मुंह के छालों, त्वचा संबंधी समस्याओं तथा गर्मी और उमस के कारण होने वाली शारीरिक थकान से राहत दिलाने में भी उपयोगी माना जाता है। आयुर्वेद में इसे शरीर को संतुलित रखने वाले श्रेष्ठ फलों में शामिल किया गया है।

> **जामुन** केवल एक मौसमी फल नहीं, बल्कि प्रकृति द्वारा प्रदत्त औषधीय वरदान है। इसके नियमित एवं संतुलित सेवन से पाचन तंत्र मजबूत होता है, रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है तथा शरीर को आवश्यक पोषक तत्व प्राप्त होते हैं। विशेष रूप से मधुमेह रोगियों के लिए भी यह लाभकारी माना जाता है।
>
> **-डॉ. लोकेश ठाकुर, आयुर्वेदिक चिकित्सक एवं स्वास्थ्य विशेषज्ञ।**



## न्यूज ब्रीफ

### तारा देवी में 7 जुलाई को होंगे ड्राइविंग टेस्ट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी शिमला ने जुलाई के लिए वरिष्ठ मोटर वाहन निरीक्षक का संभावित दौरा कार्यक्रम जारी कर दिया है। कार्यक्रम के अनुसार तारा देवी, ठियोग, कोटखाई, जुब्बल, चौपाल, सुन्नी और रोहड़ू में निर्धारित तिथियों पर लाइसेंस संबंधी कार्य तथा ड्राइविंग टेस्ट आयोजित किए जाएंगे। तारा देवी में ड्राइविंग टेस्ट 7, 14, 21 और 31 जुलाई को होंगे, जबकि 25 जुलाई को केवल कार्यालय संबंधी कार्य किए जाएंगे। जारी कार्यक्रम के अनुसार ठियोग में 3 जुलाई, कोटखाई में 4 जुलाई, जुब्बल में 8 जुलाई, सुन्नी में 15 जुलाई, रोहड़ू में 17 जुलाई तथा चौपाल में 18 जुलाई को ड्राइविंग टेस्ट आयोजित किए जाएंगे। आरटीओ कार्यालय ने अभ्यर्थियों से निर्धारित तिथि एवं समय पर आवश्यक दस्तावेजों सहित उपस्थित होने की अपील की है। तारा देवी में ड्राइविंग टेस्ट का समय सुबह 10:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक निर्धारित किया गया है।

### सीयूईटी में उदित का देशभर में तीसरा रैंक



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा आयोजित सीयूईटी-2026 के परिणामों में हिमाचल प्रदेश के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। प्रदेश के तीन छात्रों ने राष्ट्रीय मेरिट सूची में स्थान बनाया है। इनमें जिला सोलन के अर्की निवासी उदित चतुर्वेदी ने ऑल इंडिया तीसरी रैंक (एआईआर-3) हासिल कर प्रदेश का नाम पूरे देश में रोशन किया है। जानकारी के अनुसार करीब 15 लाख अभ्यर्थियों के बीच आयोजित इस परीक्षा में उदित चतुर्वेदी ने 1207 एनटीए स्कोर प्राप्त किया। वहीं संकल्प कमल ने 1067 और चिराग नेगी ने 1006 एनटीए स्कोर के साथ राष्ट्रीय मेरिट सूची में जगह बनाई। उदित ने 10वीं तक की पढ़ाई न्यू ड्रीमलैंड पब्लिक स्कूल से और 12वीं दिल्ली के रोहिणी स्थित डीएवी स्कूल से 98.4 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण की। अब उनका लक्ष्य दिल्ली के प्रतिष्ठित श्री राम कॉलेज ऑफ कॉमर्स (एसआरसीसी) में प्रवेश लेकर उच्च शिक्षा प्राप्त करना है, जो इस उपलब्धि के बाद साकार होता दिखाई दे रहा है।

### फ्यूल चार्ज लगाकर लोगों पर बढ़ाया बोझ : त्रिलोक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** भाजपा के प्रदेश वरिष्ठ प्रवक्ता एवं विधायक त्रिलोक जम्वाल ने कांग्रेस सरकार पर बिजली उपभोक्ताओं पर लगातार नए शुल्क लगाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता को हर महीने 300 यूनिट मुफ्त बिजली देने का वादा करने वाली सरकार अब फ्यूल चार्ज सहित नए-नए टैक्स लगाकर आम लोगों पर आर्थिक बोझ बढ़ा रही है। उनके अनुसार पहले बिजली सब्सिडी समाप्त की गई, फिर मीटर क्लबिंग, केवाईसी, मिल्क सेस, पर्यावरण शुल्क और स्वच्छता शुल्क जैसे अतिरिक्त भार जोड़े गए तथा अब फ्यूल चार्ज लागू कर दिया गया है। जम्वाल ने शिमला से जारी बयान में कहा कि इस फैसले से प्रदेश के लाखों बिजली उपभोक्ता प्रभावित होंगे और घरेलू बजट पर अतिरिक्त दबाव पड़ेगा। उन्होंने मुख्यमंत्री से फ्यूल चार्ज सहित सभी अतिरिक्त शुल्कों की समीक्षा कर जनहित में इन्हें तत्काल वापस लेने की मांग की। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी जनता के हितों से जुड़े ऐसे मुद्दों को लगातार उठाती रहेगी और जनविरोधी निर्णयों का लोकतांत्रिक तरीके से विरोध करेगी।

### जिला स्तरीय रामपुरी मेले को लेकर तैयारियां तेज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** जुब्बल क्षेत्र के आराध्य देवता शाड़ी बनाड़ के सम्मान में आयोजित होने वाले ऐतिहासिक जिला स्तरीय रामपुरी मेले की तैयारियों को लेकर प्रशासन ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में उपमंडलाधिकारी कार्यालय जुब्बल में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता उपमंडलाधिकारी गुरमीत नेगी ने की। बैठक में मेले के सफल, शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित आयोजन को लेकर विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा की गई। गौरतलब है कि 16, 17 और 18 जुलाई को आयोजित होने वाला यह पारंपरिक मेला सदियों पुरानी सांस्कृतिक एवं धार्मिक विरासत का प्रतीक है, जिसमें जुब्बल सहित आसपास के क्षेत्रों से हजारों श्रद्धालु और स्थानीय लोग उत्साहपूर्वक भाग लेते हैं। बैठक में उपमंडलाधिकारी गुरमीत नेगी ने बताया कि मेले के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। इसके लिए बिजली, पेयजल, यातायात, स्वास्थ्य, स्वच्छता, कानून-व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को सुचारु बनाए रखने के निर्देश सभी संबंधित विभागों को जारी कर दिए गए हैं। मेला कमेटी के सदस्यों ने भी आयोजन को और अधिक व्यवस्थित एवं आकर्षक बनाने के लिए अपने सुझाव रखे। बैठक में नायब तहसीलदार जुब्बल, बीडीओ जुब्बल सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### न्यू शिमला में तेंदुए ने कुत्ते पर किया हमला

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** राजधानी शिमला के न्यू शिमला क्षेत्र में तेंदुए की बढ़ती आवाजाही ने लोगों की चिंता बढ़ा दी है। सेक्टर-4 की एक रिहायशी कॉलोनी में सुबह सवेरे तेंदुए ने एक आवारा कुत्ते पर अचानक हमला कर उसे अपना शिकार बना लिया। पूरी घटना पास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिसमें तेंदुआ कुछ ही सेकंड में कुत्ते को दबोचकर जंगल की ओर ले जाता दिखाई दे रहा है। घटना के दौरान वहां पहुंचे एक व्यक्ति ने खतरा भांपते हुए अपने पालतू कुत्ते के साथ तुरंत सुरक्षित स्थान की ओर रुख किया। स्थानीय लोगों का कहना है कि पिछले कुछ समय से क्षेत्र में तेंदुए की गतिविधियां लगातार बढ़ रही हैं, जिससे बच्चों, बुजुर्गों और सुबह-शाम टहलने वालों में दहशत का माहौल है। लोगों ने वन विभाग से क्षेत्र में गश्त बढ़ाने, पिंजरा लगाकर तेंदुए को पकड़ने और किसी भी अप्रिय घटना से पहले प्रभावी कार्रवाई करने की मांग की है।



### कोटखाई नगर पंचायत में अध्यक्ष-उपाध्यक्ष चुनाव जानबूझकर रोके : चेतन बरागटा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** कोटखाई नगर पंचायत में अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के चुनाव में हो रही देरी को लेकर भाजपा ने कांग्रेस सरकार पर लोकतांत्रिक प्रक्रिया में हस्तक्षेप करने का आरोप लगाया है। भाजपा नेता एवं प्रदेश आईटी एवं सोशल मीडिया प्रभारी चेतन सिंह बरागटा ने इस संबंध में जिलाधीश शिमला को ज्ञापन सौंपते हुए चुनाव प्रक्रिया जल्द पूरी करवाने की मांग की। चेतन बरागटा ने कहा कि नगर पंचायत कोटखाई के चुनाव 17 मई को संपन्न होने और परिणाम घोषित हुए एक माह से अधिक समय बीत चुका है, लेकिन अब तक अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का चुनाव नहीं कराया गया है। उनका आरोप है कि नगर पंचायत में भाजपा को 7 में से 5 पार्षदों का स्पष्ट समर्थन प्राप्त होने के बावजूद कांग्रेस सरकार राजनीतिक कारणों से चुनाव प्रक्रिया में देरी कर रही है। उन्होंने कांग्रेस पर पार्षदों पर दबाव बनाने और प्रलोभन देकर जनादेश को प्रभावित करने का प्रयास करने का आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार को लोकतांत्रिक मूल्यों का सम्मान करते हुए बिना किसी विलंब के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का चुनाव संपन्न कराना चाहिए।

### नशे के खिलाफ रिज पर वाकथॉन आज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के विरुद्ध अंतरराष्ट्रीय दिवस-2026 के अवसर पर 26 जून को शिमला में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। प्रातः 10:30 बजे ऐतिहासिक रिज मैदान पर वाकथॉन और साइकिल रैली का आयोजन होगा। इसके माध्यम से युवाओं और आम नागरिकों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए नशामुक्त समाज के निर्माण का संदेश दिया जाएगा। इसके उपरांत प्रातः 11 बजे बचत भवन, शिमला में केंद्र सरकार के नशा मुक्त भारत अभियान के तहत राज्य स्तरीय समारोह ऑनलाइन माध्यम से आयोजित किया जाएगा। 17 से 26 जून तक जिलेभर में आयोजित जागरूकता रैलियों, साइकिल एवं बाइक रैलियों, योग एवं ध्यान सत्र, शपथ ग्रहण अभियान, पोस्टर, निबंध एवं स्लोगन प्रतियोगिताओं, नुक्कड़ नाटकों, सांस्कृतिक कार्यक्रमों, हस्ताक्षर अभियान, वेबिनार, स्वास्थ्य एवं परामर्श शिविर तथा विद्यालयों, महाविद्यालयों और पंचायत स्तर पर चलाए गए व्यापक जन-जागरूकता अभियान का इस अवसर पर समापन होगा। समारोह में नशे के विरुद्ध सामूहिक शपथ भी दिलाई जाएगी तथा सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से समाज को नशामुक्त बनाने का संदेश दिया जाएगा।

### उद्यमियों को दिए कारोबार बढ़ाने के टिप्स

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** ठियोग के जेस औद्योगिक क्षेत्र में उद्योग विभाग ने एमएसएमई मंत्रालय के फिट एमएसएमई कार्यक्रम के तहत एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में उद्यमियों को जैम पोर्टल, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम उद्यमिता विकास तथा ई-कॉमर्स के माध्यम से कारोबार बढ़ाने की जानकारी दी गई। कार्यशाला में क्लस्टर आधारित विकास मॉडल, साझा संसाधनों के उपयोग और सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने पर भी विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम में 94 प्रतिभागियों ने भाग लिया और इसे छोटे उद्यमों के विकास के लिए उपयोगी और लाभकारी बताया।


# कांग्रेस ने 'वीबी-जी-रामजी' को लेकर केंद्र सरकार को घेरा

## अनिरुद्ध सिंह बोले- हिमाचल पर सालाना 164 करोड़ रुपए का बढ़ेगा बोझ

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने वीरवार को शिमला में आयोजित प्रेस वार्ता में केंद्र सरकार के प्रस्तावित 'विकसित भारत-रोजगार एवं आजीविका गारंटी मिशन (वीबी-जी-रामजी) अधिनियम, 2025 का कड़ा विरोध करते हुए कहा कि यह कानून महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम की मूल भावना के विपरीत है। उन्होंने कहा कि इस नए कानून से राज्यों पर अतिरिक्त वित्तीय और प्रशासनिक बोझ बढ़ेगा तथा उनकी वित्तीय स्वायत्तता भी प्रभावित होगी।

उन्होंने आरोप लगाया कि कानून का मसौदा तैयार करने से पहले राज्यों से मजदूरी दर, वित्तीय दायित्व, रोजगार की मांग और कार्यों की प्रकृति जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर कोई व्यापक परामर्श नहीं किया गया। अनिरुद्ध सिंह ने कहा कि मनरेगा एक मांग आधारित योजना रही है, जिसमें ग्रामीण क्षेत्रों की वास्तविक जरूरत के अनुसार रोजगार उपलब्ध कराया जाता था और मजदूरी का पूरा खर्च केंद्र सरकार वहन करती थी। लेकिन प्रस्तावित कानून के तहत केंद्र सरकार अपनी वित्तीय जिम्मेदारी वार्षिक मानक बजट आवंटन तक सीमित करना चाहती है, जबकि मजदूरी व्यय में राज्यों को भी 10 प्रतिशत हिस्सेदारी देनी होगी। इसके अलावा प्रशासनिक खर्च, कर्मचारियों के वेतन और संचालन व्यय में भी राज्यों का योगदान बढ़ाया गया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में गैर-जनजातीय क्षेत्रों के लिए 247 रुपए प्रतिदिन मजदूरी निर्धारित है, लेकिन नए कानून के



◆ **आरडीजी बंद होने से प्रदेश पर पड़ा 1000 करोड़ तक का अतिरिक्त बोझ**

तहत मजदूरी बढ़ाने संबंधी कोई अधिसूचना जारी नहीं की गई है, जिससे श्रमिकों के हित प्रभावित हो सकते हैं।

ग्रामीण विकास मंत्री ने कहा कि हिमाचल प्रदेश जैसे पर्वतीय राज्यों की भौगोलिक परिस्थितियों, प्राकृतिक आपदाओं की संवेदनशीलता, निर्माण कार्यों की अधिक लागत, बिखरी ग्रामीण आबादी और सीमित रोजगार अवसरों को नए आवंटन फार्मूले में पर्याप्त महत्व नहीं दिया गया है। यदि वास्तविक मांग केंद्र द्वारा तय आवंटन से अधिक हुई तो अतिरिक्त खर्च पूरी तरह राज्य सरकार को उठाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि नए अधिनियम में ग्राम पंचायतों पर जीआईएस आधारित योजना, पीएम गति शक्ति और विकसित ग्राम पंचायत योजनाओं का एकीकरण, बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण, जीपीएस निगरानी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित योजना निर्माण तथा डिजिटल अनुपालन जैसी नई जिम्मेदारियां भी डाली गई हैं, जिससे विशेषकर दुर्गम क्षेत्रों में योजना के प्रभावी क्रियान्वयन में कठिनाइयां बढ़ेंगी। उन्होंने बताया कि वर्तमान रोजगार स्तर के आधार पर हिमाचल प्रदेश की अनुमानित अतिरिक्त वित्तीय देनदारी 164.63 करोड़ रुपए तक पहुंच सकती है। अनिरुद्ध सिंह ने आरडीजी (राजस्व घाटा अनुदान) बंद किए जाने को भी प्रदेश के लिए बड़ा आर्थिक झटका बताते हुए कहा कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में हिमाचल को लगभग 47 हजार करोड़ रुपये आरडीजी मिली थी, जबकि वर्तमान सरकार के कार्यकाल में अब तक केवल लगभग 11 हजार करोड़ रुपये ही प्राप्त हुए हैं। वर्ष 2026 से आरडीजी बंद होने के कारण प्रदेश पर प्रतिवर्ष 800 से 1000 करोड़ रुपए का अतिरिक्त वित्तीय बोझ पड़ेगा।

# राजस्व मंत्री भंडारी को किन्नौर कांग्रेस अध्यक्ष बनाने से नाराज

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश कांग्रेस में संगठनात्मक नियुक्तियों को लेकर लंबे समय से चल रही अंदरूनी खींचतान अब खुलकर सार्वजनिक मंच पर आ गई है। किन्नौर जिला कांग्रेस अध्यक्ष की नियुक्ति को लेकर प्रदेश सरकार के वरिष्ठ और प्रभावशाली मंत्री जगत सिंह नेगी ने अपनी ही पार्टी के फैसले पर तीखा असंतोष जताते हुए नेतृत्व की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि ऐसे निर्णय न केवल कार्यकर्ताओं की भावनाओं को आहत करते हैं, बल्कि पार्टी की राजनीतिक मजबूती को भी कमजोर कर सकते हैं। नेगी के इस बयान ने कांग्रेस पार्टी की अंदरूनी कलह को एक बार फिर सुर्खियों में ला दिया है। राजस्व, बागवानी, जनजातीय विकास एवं जन शिकायत निवारण मंत्री जगत सिंह नेगी ने किन्नौर जिला कांग्रेस अध्यक्ष पद पर निगम भंडारी की नियुक्ति पर खुलकर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा कि इस महत्वपूर्ण फैसले से पहले जिले के निर्वाचित प्रतिनिधि होने के बावजूद उनसे कोई राय नहीं ली गई। नेगी ने अपने लंबे राजनीतिक अनुभव का हवाला देते हुए कहा कि उन्होंने उस दौर में भी कांग्रेस को मजबूत करने का काम किया, जब किन्नौर में पार्टी का आधार बेहद कमजोर था। उन्होंने यह भी कहा कि चुनाव हार चुके लोगों को संगठन की जिम्मेदारी देना पार्टी के समर्पित कार्यकर्ताओं के मनोबल पर प्रतिकूल असर डालता है।

प्रेस वार्ता के दौरान मंत्री जगत सिंह नेगी ने कांग्रेस के भीतर 'भाजपा के स्लीपर सेल' सक्रिय होने का गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि कुछ लोग पार्टी के भीतर रहकर भाजपा की 'बी-टीम' की तरह काम कर रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि हाल के राजनीतिक घटनाक्रम और भाजपा नेताओं के बयान भी उनके इस आरोप की पुष्टि करते हैं।



**पार्टी नेतृत्व को दी गंभीर चेतावनी**

नेगी ने संकेत दिए कि यदि संगठन में ऐसे फैसले लगातार होते रहे तो इसका सीधा नुकसान कांग्रेस को आगामी चुनावों में उठाना पड़ सकता है। उन्होंने पार्टी नेतृत्व से पूरे मामले की गंभीरता से समीक्षा कर संगठन को मजबूत करने की अपील की।

# प्रतिबंधित सड़कों के निवासियों को राहत दिलाने की उठी मांग



डीसी को मांगपत्र ज्ञापन सौंपते हुए एक प्रतिनिधिमंडल। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** प्रतिबंधित सड़कों पर रहने वाले स्थायी निवासियों की समस्याओं को लेकर शहर के विभिन्न क्षेत्रों के नागरिकों के प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को उपायुक्त अनुपम कश्यप से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने जाखू, यू.एस. क्लब, बेनमोर, फिंगास्क एस्टेट, कालीबाड़ी, नॉर्थ बैंक और कनलोग सहित विभिन्न क्षेत्रों के निवासियों के लिए दीर्घकालिक रेजिडेंट पास, परमिट शुल्क में राहत, सिंगल विंडो व्यवस्था, दोपहिया वाहनों को परमिट में शामिल करने तथा आवश्यक सेवाओं से जुड़े लोगों के लिए सरल प्रवेश व्यवस्था लागू करने की मांग उठाई। उपायुक्त अनुपम कश्यप ने प्रतिनिधिमंडल की मांगों को गंभीरता से सुनते हुए सकारात्मक एवं सहानुभूतिपूर्वक विचार का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल ने उम्मीद जताई कि प्रशासन शीघ्र ही स्थायी निवासियों की समस्याओं का समाधान कर प्रतिबंधित सड़कों पर जनहितैषी और पारदर्शी व्यवस्था लागू करेगा।

### मुफ्त राशन योजना की जांच की उठाई मांग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** सरकारी डिपो के माध्यम से वितरित किए जा रहे मुफ्त राशन की पात्रता की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग उठी है। जुन्गा क्षेत्र के कई लोगों का आरोप है कि आर्थिक रूप से संपन्न परिवार भी बीपीएल, पीएचएच और अंत्योदय जैसी श्रेणियों का लाभ उठा रहे हैं, जबकि कई जरूरतमंद परिवार अब भी योजना से वंचित हैं। लोगों ने सरकार से पात्रता सूची की निष्पक्ष समीक्षा कर अपात्र परिवारों को योजना से बाहर करने की मांग की है। सहकारी सभा के संचालक उधम सिंह ठाकुर ने बताया कि बीपीएल, पीएचएच और अंत्योदय श्रेणी के राशन कार्ड धारकों को सरकार की ओर से रियायती और मुफ्त राशन उपलब्ध कराया जाता है। वहीं, खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के अनुसार इन श्रेणियों की सूची पंचायत स्तर पर तैयार होती है। क्षेत्र के कई पंचायत सचिवों ने भी माना कि वर्तमान सूची की समीक्षा आवश्यक है ताकि योजना का लाभ वास्तविक पात्र परिवारों तक पहुंच सके।

# मानसून से पहले शिमला प्रशासन सतर्क

## आपदा से निपटने के लिए अगले माह से हर दस दिन में होगी समीक्षा

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** मानसून की आहट के साथ ही जिला प्रशासन शिमला पूरी तरह मुस्तैद हो गया है। संभावित प्राकृतिक आपदाओं से जन-धन की हिफाज़त, राहत एवं बचाव कार्यों में तेज़ी तथा संवेदनशील क्षेत्रों में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के उद्देश्य से वीरवार को बचत भवन में उपायुक्त अनुपम कश्यप की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी सेब सीजन, भूस्खलन, फ्लैश फ्लड, सड़क अवरोध, संचार व्यवस्था और राहत तंत्र की तैयारियों का विस्तार से जायजा लिया गया। प्रशासन ने साफ़ संदेश दिया कि मानसून के दौरान किसी भी स्तर पर लापरवाही या कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उपायुक्त ने बताया कि जिला भर में लगभग 200 आपदा मित्र और करीब 500 युवा आपदा मित्र किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयार हैं। पंचायत प्रतिनिधियों को भी आपदा प्रबंधन में सक्रिय भूमिका निभाने के निर्देश दिए गए हैं। राष्ट्रीय एवं राज्य राजमार्गों, पुलों, जल निकासी प्रणालियों, बाढ़ सुरक्षा ढांचों तथा भूस्खलन संभावित स्थलों का निरीक्षण तेज़ कर दिया गया है। संवेदनशील मार्गों की मरम्मत, चेतावनी संकेतक लगाने और वैकल्पिक मार्गों की जानकारी समय रहते लोगों तक पहुंचाने की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जा रही है। आंकड़ों पर नज़र डालें तो तस्वीर चिंता बढ़ाने वाली है। वर्ष 2016 से 2025 के बीच विभिन्न मौसमों में हुई मौतों में सबसे अधिक 405 मौतें मानसून अवधि में दर्ज की गईं, जबकि प्री-मानसून अवधि में 390 लोगों की जान गई, जिनमें अधिकांश सड़क दुर्घटनाएं शामिल रहीं। इन्हीं अनुभवों को देखते हुए प्रशासन ने वर्ष 2023 के समरहिल शिव बावड़ी भूस्खलन और वर्ष 2024 में समेज क्षेत्र में बादल फटने की त्रासदी से सबक लेते हुए इस बार पूर्व चेतावनी प्रणाली, राहत व्यवस्था और विभागीय तालमेल को पहले से अधिक मज़बूत बनाया है।



आपदा प्रबंधन एवं तैयारियों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते डीसी अनुपम। अनंत ज्ञान

# खलीनी में 29 से शुरू होगी शिव महिमा

## दिव्य ज्योति जागृति संस्थान के सेवादार घर-घर जाकर दे रहे निमंत्रण

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** दिव्य ज्योति जागृति संस्थान द्वारा 29 जून से 5 जुलाई तक क्योंथल बैंक्वेट हॉल, खलीनी में आयोजित होने जा रही भगवान शिव कथा को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। कथा की तैयारियों के संबंध में आयोजित बैठक में व्यवस्थाओं की विस्तार से समीक्षा की गई। स्वामी धीरानंद ने बताया कि दिव्य गुरु आशुतोष महाराज के शिष्य डॉ. सर्वेश्वर संत समाज के साथ कथा का दिव्य वाचन करेंगे।

कथा के लिए शहर के गणमान्य नागरिकों, धार्मिक, सामाजिक, प्रशासनिक एवं राजनीतिक क्षेत्र से जुड़े लोगों को विशेष आमंत्रण दिया जा रहा है। संस्थान के सेवादार घर-घर जाकर श्रद्धालुओं को निमंत्रण पत्र वितरित कर रहे हैं, जिससे पूरे क्षेत्र में आध्यात्मिक वातावरण बन गया है। बैठक में साध्वी गार्गी भारती ने बताया कि कथा के शुभारंभ अवसर पर 29 जून को प्रातः 10 बजे कम्युनिटी हॉल, सेक्टर-2, न्यू शिमला से भव्य मंगल कलश यात्रा निकाली जाएगी, जिसमें सैकड़ों सौभाग्यवती महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में भाग लेंगी। कथा के दौरान प्रतिदिन विशाल भंडारे की व्यवस्था भी रहेगी। बैठक में रामेश्वर ठाकुर, कमल कुमार, जनक भट्टी, एडवोकेट राजेंद्र शर्मा, डॉ. अमविंदर, अजय शर्मा, दीपक शर्मा, हरीश शर्मा सहित अनेक सेवादार उपस्थित रहे और आयोजन को सफल बनाने के लिए अपने-अपने दायित्वों पर चर्चा की।



आम नागरिकों को निमंत्रण पत्र वितरित करते हुए संस्थान के पदाधिकारी। अनंत ज्ञान

### नंदिता गुप्ता ने किया ईवीएम एवं वीवीपैट वेयरहाउस का निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, ऊना।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्धारित मानकों एवं दिशा-निर्देशों के अनुरूप वीरवार को हिमाचल प्रदेश की मुख्य निर्वाचन अधिकारी नंदिता गुप्ता ने जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त, ऊना जतिन लाल के साथ जिला ईवीएम एवं वीवीपैट वेयरहाउस का संयुक्त त्रैमासिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी प्रणाली, अभिलेखों के संधारण, सीलिंग व्यवस्था तथा ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों के सुरक्षित भंडारण सहित विभिन्न पहलुओं का गहन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण भारत निर्वाचन आयोग के निर्धारित प्रोटोकॉल एवं मानकों के अनुरूप संपन्न हुआ। सभी की उपस्थिति में वेयरहाउस का निरीक्षण पारदर्शिता एवं निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार किया गया।

# बीएसएनएल 259 रुपए में देगा हाई-स्पीड इंटरनेट डाटा

अनंत ज्ञान



◆ **भारतनेट के तहत शुरू हुआ विशेष रूरल एंट्री प्लान**

◆ **हिमाचल परिमंडल के मुख्य महाप्रबंधक राजन ने दी जानकारी**

**ब्यूरो, शिमला।** ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल सेवाओं को मजबूत बनाने की दिशा में बीएसएनएल ने भारत सरकार की भारतनेट योजना के अंतर्गत नया रूरल एंट्री प्लान शुरू किया है। इस योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों के नए घरेलू उपभोक्ताओं को मात्र 259 प्रतिमाह (जीएसटी अतिरिक्त) में हाई-स्पीड फाइबर ब्रॉडबैंड, असीमित वॉयस कॉलिंग तथा प्रसार भारती की वेव्स ओटीटी सेवा उपलब्ध कराई जाएगी। यह विशेष योजना सीमित अवधि के लिए लागू रहेगी। बीएसएनएल हिमाचल प्रदेश परिमंडल के मुख्य महाप्रबंधक राजन कंबोज ने बताया कि योजना का उद्देश्य ग्रामीण परिवारों तक तेज और भरोसेमंद इंटरनेट पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि इच्छुक उपभोक्ता एफटीटीएच कनेक्शन के लिए आवेदन कर सकते हैं। साथ ही ग्रामीण युवाओं को 'भारतनेट उद्यमी' बनकर अपने क्षेत्र में बीएसएनएल फाइबर सेवाओं का विस्तार करने और प्रोत्साहन राशि व कमीशन के माध्यम से आय अर्जित करने का अवसर भी मिलेगा।

### महिला की मौत पर पति ने अस्पताल प्रबंधन पर लगाए गंभीर आरोप

**अनंत ज्ञान, बालीचौकी।** सुनारू निवासी सतीश शर्मा ने अपनी पत्नी रजनी देवी की मृत्यु को लेकर गंभीर आरोप लगाते हुए महिला आयोग को लिखित शिकायत भेजी है। शिकायत में उन्होंने संबंधित चिकित्सकों और अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही, गलत उपचार तथा प्रसव के दौरान उचित देखभाल न किए जाने के आरोप लगाए हैं। शिकायत के अनुसार रजनी देवी को गर्भावस्था के दौरान उपचार हेतु कुल्लू अस्पताल में भर्ती कराया गया था। आरोप है कि चिकित्सकों द्वारा समय पर सही निर्णय नहीं लिया गया तथा प्रसव से पहले और बाद में उनकी स्थिति लगातार बिगड़ती रही। बार-बार तबीयत खराब होने और रक्तचाप बढ़ने की जानकारी देने के बावजूद स्थिति को गंभीरता से नहीं लिया गया। परिजनों का आरोप है कि प्रसव के बाद महिला की तबीयत और बिगड़ गई, लेकिन समय रहते उचित उपचार उपलब्ध नहीं कराया गया। शिकायत में यह भी कहा गया है कि विभिन्न जांचों और उपचार प्रक्रियाओं को लेकर परिवार को स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई तथा मरीज की गंभीर स्थिति के बावजूद आवश्यक कदम उठाने में देरी हुई।

**बागवानी** परिवहन, मालभाड़ा, ट्रैफिक व पैकेजिंग व्यवस्था पर जिला प्रशासन का बड़ा खाका तैयार

# किलो और टन के आधार पर तय होगा सेब का मालभाड़ा

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** सेब सीजन-2026 को पूरी तरह सुचारू, सुरक्षित संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने अपनी तैयारियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। डीसी शिमला की अध्यक्षता में आयोजित वर्चुअल समीक्षा बैठक में परिवहन, यातायात प्रबंधन, मालभाड़ा निर्धारण, श्रमिकों की उपलब्धता, नियंत्रण कक्षों की स्थापना तथा पैकेजिंग सामग्री सहित तमाम व्यवस्थाओं का बारीकी से जायज़ा लिया गया। उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए कि बागवानों को किसी भी स्तर पर असुविधा नहीं होनी चाहिए और सभी विभाग आपसी तालमेल के साथ पूरी जिम्मेदारी और मुस्तैदी से कार्य करें। बैठक में निर्णय लिया गया कि सभी एसडीएम अपने-अपने क्षेत्रों में बागवानों, ट्रक ऑपरेटरों और पिकअप यूनियनों के साथ बैठक कर परिवहन वाहनों की वास्तविक आवश्यकता का आकलन करेंगे। आवश्यकता पड़ने पर बाहरी जिलों और राज्यों से भी ट्रकों की व्यवस्था जिला प्रशासन करेगा। साथ ही सेब की तुड़ाई और ढुलाई के लिए पर्याप्त श्रमिकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए।

प्रशासन ने इस वर्ष मालभाड़ा बॉक्स के बजाय किलोग्राम और टन के आधार पर तय करने का निर्णय लिया है। इसके लिए एसडीएम, डीएसपी, लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता और एचआरटीसी प्रतिनिधि की संयुक्त समिति दरें निर्धारित करेगी। सड़क की स्थिति, डीजल की कीमत और माल के भार को ध्यान में रखते हुए तय की गई दरों को नियंत्रण कक्षों और प्रमुख स्थानों पर सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित किया जाएगा।



सेब सीजन की तैयारियों को लेकर वर्चुअल बैठक की अध्यक्षता करते डीसी अनुपम। अनंत ज्ञान

### पैकेजिंग सामग्री समय पर उपलब्ध कराने के निर्देश

**एचपीएमसी** और हिमफेड को सेब की पेटियों, कार्टनों तथा अन्य पैकेजिंग सामग्री की दरें समय रहते तय कर पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही एप्पल कलेक्शन सेंटरों की एमआईएस व्यवस्था भी समय पर सक्रिय करने को कहा गया है। बैठक में बताया गया कि वर्ष 2026-27 में जिला शिमला में लगभग 2.31 लाख मीट्रिक टन सेब उत्पादन का अनुमान है, जबकि पिछले वर्ष यह उत्पादन लगभग 4.41 लाख मीट्रिक टन दर्ज किया गया था।

### 15 जुलाई तक फागू में स्थापित किया जाएगा मुख्य नियंत्रण कक्ष

15 जुलाई तक फागू में मुख्य नियंत्रण कक्ष स्थापित किया जाएगा, जहां टेलीफोन, फैक्स, सीसीटीवी सहित सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। परिवहन वाहनों के चालकों और क्लीनरों को यहीं से पहचान पत्र जारी किए जाएंगे तथा पुलिस उनके दस्तावेजों का सत्यापन करेगी। ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए शिमला शहर में ट्रकों के प्रवेश पर रोक रहेगी और उन्हें ढली-मेहली बाईपास से भेजा जाएगा। सेब से लदे ट्रालों के आवागमन के लिए भी समय सीमा निर्धारित की गई है, जबकि भट्टाकुफर मंडी में केवल नमूना बॉक्स ही दर निर्धारण के लिए लाए जाएंगे ताकि भीड़भाड़ कम रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### महिला मंडल ने लगाई ठंडे मीठे जल की छबील



**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** चिन्मय मणिमहेश महिला मंडल ग्राम पंचायत बग गुलेहड़ टीका बग की प्रधान अनिता देवी व उपप्रधान पुष्पा देवी, कोषाध्यक्ष कुशला देवी, सचिव अनीता देवी व अन्य सदस्य सविता देवी, रजनी, नीलम, निर्मला, ममता, पुष्पा देवी, ब्रह्मी, आशा, संजीना, सरोज, चंद्रकांता, व श्रेष्ठा देवी द्वारा ठंडे व मीठे जल की छबील लगाई गई।

### 'अपने खास पार्टी' का सदस्यता अभियान शुरू

**अनंत ज्ञान, अजय पाल, पालमपुर।** हिमाचल में तीसरे राजनीतिक विकल्प के रूप में 'अपने खास पार्टी' के सदस्यता अभियान का शुभारंभ पालमपुर से किया गया। स्वामी धीरज महाराज ने ऑनलाइन सदस्यता लेकर अभियान की शुरुआत की। पार्टी संस्थापक प्रवीण कुमार ने प्रदेश में बढ़ती बेरोजगारी, आर्थिक संकट, कर्ज, सरकारी खर्चों और झूठे वादों को लेकर सरकार पर निशाना साधते हुए मजबूत तीसरे विकल्प की आवश्यकता बताई।

### बालकरूपी स्कूल में एसएमसी का गठन

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** बालकरूपी स्कूल में विद्यालय प्रबंधन समिति (एसएमसी) के गठन के लिए आयोजित विशेष बैठक में लगभग 100 अभिभावकों ने भाग लिया। लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत 15 सदस्यीय समिति का गठन किया गया, जिसमें मुनिश चौहान को अध्यक्ष और अनु रानी को उपाध्यक्ष चुना गया। कार्यक्रम में पंचायत प्रधान अजय सिंह तथा शिक्षाविद चन्द्रदत्त शर्मा शास्त्री ने अभिभावकों को शिक्षा के क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। प्रधानाचार्य राजिंदर कुमार ने नवगठित समिति को शुभकामनाएं दी।

### निर्जला एकादशी पर एंजल स्कूल ने लगाई छबील



**अनंत ज्ञान, राकेश डोगरा, डरोह।** निर्जला एकादशी के पावन अवसर पर एंजल पब्लिक स्कूल, भवारना में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने मिलकर स्कूल के बच्चों और स्थानीय लोगों को ठंडा शरबत वितरित किया। अध्यापकों ने निर्जला एकादशी के धार्मिक महत्व तथा जल संरक्षण की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। प्रधानाचार्य समीर अमिताभ सूद ने विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति, सेवा भाव और सामाजिक उत्तरदायित्व से जुड़े रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने सद्भाव, सेवा और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

### इंदु बाला बनीं कोटला बेहड़ स्कूल की एसएमसी अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** पीएम श्री राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कोटला बेहड़ में प्रधानाचार्य नरेश कुमार धीमान की अध्यक्षता में विद्यालय प्रबंधन समिति (एसएमसी) का गठन किया गया। अभिभावकों की उपस्थिति में संपन्न चुनाव प्रक्रिया में इंदु बाला ने 35 मत प्राप्त कर अध्यक्ष पद पर विजय हासिल की, जबकि ममता ठाकुर को 29 और पूर्व अध्यक्ष अमर ठाकुर को 4 मत मिले। चुनाव प्रक्रिया का संचालन राजेंद्र कुमार एवं इंचार्ज राजकुमारी की देखरेख में किया गया। कुल 20 सदस्यीय समिति का भी चयन किया गया। प्रधानाचार्य ने नवगठित समिति को शुभकामनाएं देते हुए सहयोग की अपेक्षा जताई।

### लोअर लंबागांव स्कूल में मनाया नशा विरोधी दिवस

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लोअर लंबागांव में नशा विरोधी दिवस मनाया गया। एनएसएस स्वयंसेवकों ने प्रधानाचार्य के निर्देशन में रैली का आयोजन किया। स्वयंसेवकों में सिया, अदिति, नैंसी, रिधिमा, सागर, अजय, विजय के साथ प्रधानाचार्य विपिन कुमार व स्टॉफ मौजूद रहे।

### ठारू पंचायत में लगाई ठंडे पानी की छबील




**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** ठारू पंचायत में शिव शंकर महिला मंडल द्वारा भीषण गर्मी के मद्देनजर ठंडे पानी की छबील लगाई गई। इस दौरान राहगीरों और स्थानीय लोगों को शीतल जल उपलब्ध कराया गया। महिला मंडल के इस सेवा कार्य की क्षेत्र में सराहना की गई और इसे जनसेवा का उत्कृष्ट उदाहरण बताया गया।

# मूमता में विकास कार्यों पर किए 3.19 करोड़ खर्च : आरएस बाली

## 'विधायक आपके द्वार' कार्यक्रम के तहत सुनीं जनसमस्याएं

अनंत ज्ञान



**नगरोटा बगवां।** मूमता में विकास कार्यों पर 3 करोड़ 19 लाख रुपए खर्च किए गए हैं। यह बात पर्यटन निगम के अध्यक्ष आरएस बाली ने बाबा मढ़ेन्दर नाथ की धार्मिक स्थली मूमता में विधायक आपके द्वार कार्यक्रम में कही।

इस मौके पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मान सिंह, प्रताप रियाड़, पंचायत प्रधान सुमित्र मसंद, उपप्रधान गुरचरण सिंह और समस्त पंचायत सदस्य और ग्रामीण मौजूद रहे। उन्होंने लोगों के समक्ष अब तक किए गए कार्यों का ब्यौरा रखा। उन्होंने बताया कि मुमता में अब तक करोड़ों रुपए बिजली, पानी और रास्तों पर खर्च किए जा चुके हैं। आरएस बाली ने कहा कि नगरोटा विस क्षेत्र की पंचायतों के समग्र विकास के लिए अधिकारियों को कारगर कदम उठाने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि ग्रामीणों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें।

उन्होंने कहा कि गांव और गरीब की समस्याओं को जानने के लिए उन्होंने आपका विधायक आपके द्वार कार्यक्रम शुरू किया है, जिसके तहत वे अपनी विधानसभा क्षेत्र की प्रत्येक पंचायत के ग्रामीणों से मिल रहे हैं और उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी ले रहे हैं और किए कार्यों का ब्योरा भी रख रहे हैं। उन्होंने नवनिर्मित समस्त पंचायत

◆ **ग्रामीणों की मांग पर हैंडपंप लगाने के निर्देश दिए।**

कार्यकारिणी को शुभकामनाएं दीं और कहा उनका पूर्ण सहयोग पंचायत को मिलेगा। उन्होंने समस्त पंचायत कार्यकारिणी को सम्मानित भी किया। उन्होंने लोगों की समस्याओं को सुना और अधिकतर समस्याओं का निपटारा किया। उन्होंने ग्रामीणों की मांगों को पूरा करते हुए पाइप और हैंडपंप लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने पंचायत में बनाई जाने वाली पुलियों के निर्माण के लिए एस्टीमेट बनाने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। स्थानीय विद्यालय की छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए।

# शाहपुर में प्रणव शर्मा के नेतृत्व में युवाओं ने थामा भाजपा का दामन

अनंत ज्ञान



कांग्रेस को छोड़कर भाजपा में शामिल होने वाले युवा। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** शाहपुर विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस से जुड़े 7 युवाओं ने पार्टी छोड़कर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सदस्यता ग्रहण कर ली। भाजपा युवा नेता प्रणव शर्मा के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम के दौरान आदित्य मेहरा, रोहन कुमार, अर्णव मेहरा, हर्ष शर्मा, अनिल राणा, रितिक शर्मा और विक्रम कुमार ने भाजपा का दामन थामा।

भाजपा में शामिल हुए युवाओं ने कहा कि वे केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार एवं प्रदेश भाजपा की जनकल्याणकारी नीतियों, युवा हितैषी सोच और विकास कार्यों से प्रभावित होकर पार्टी में शामिल हुए हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि भाजपा के साथ जुड़कर उन्हें समाज और क्षेत्र के विकास के लिए बेहतर अवसर मिलेंगे तथा वे संगठन को मजबूत करने के लिए सक्रिय रूप से कार्य करेंगे। इस दौरान भाजपा युवा नेता प्रणव शर्मा ने सभी युवाओं का पार्टी में स्वागत करते हुए कहा कि भाजपा लगातार युवाओं को संगठन में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां देकर उन्हें राष्ट्र निर्माण की मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि पार्टी की नीतियों और विकास कार्यों से प्रभावित होकर बड़ी संख्या में युवा भाजपा से जुड़ रहे हैं, जिससे संगठन लगातार मजबूत हो रहा है। कार्यक्रम में लदवाड़ा मंडल के मंडल महामंत्री जसविंदर जस्सू, मंडल सचिव योगेश धीमान, किसान मोर्चा के जिला आईटी संयोजक गणेश कुमार तथा भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं शाहपुर मंडल के पूर्व महामंत्री हंसराज विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## धर्मशाला और पालमपुर के नवनिर्वाचित पार्षद 29 जून को ग्रहण करेंगे शपथ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** नगर निगम धर्मशाला के नवनिर्वाचित पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह 29 जून को प्रातः 11 बजे मिनी सचिवालय, कचहरी अड्डा धर्मशाला स्थित कैबिनेट हॉल में आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी उपायुक्त कांगड़ा हेमराज बैरवा ने दी। प्रदेश सरकार के शहरी विकास विभाग द्वारा जारी अधिसूचनाओं के अनुसार नगर निगम धर्मशाला के नव निर्वाचित पार्षदों को भारतीय संविधान के प्रति निष्ठा की शपथ दिलाई जाएगी। उपायुक्त ने बताया कि शपथ ग्रहण समारोह के उपरांत उसी दिन नगर निगम धर्मशाला के महापौर एवं उपमहापौर के निर्वाचन की प्रक्रिया भी संपन्न करवाई जाएगी। वहीं, नगर निगम पालमपुर के नवनिर्वाचित पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह 29 जून को प्रातः 11:00 बजे नगर निगम कार्यालय पालमपुर में आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी अतिरिक्त उपायुक्त कांगड़ा विनय कुमार ने दी।

## समुद्र की लहरों पर भारत का गौरव लिख रहे हैं नाविक : पराशर

अनंत ज्ञान




**ब्यूरो, धर्मशाला।** सीफेरर्स दिवस के अवसर पर वीआर मैरीटाइम के प्रबंध निदेशक एवं नेशनल शिपिंग बोर्ड के पूर्व सदस्य कैप्टन संजय पराशर ने प्रदेश एवं देशभर के समुद्री नाविकों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि भारतीय जहाजरानी उद्योग की प्रगति में नाविकों का समर्पण और कठिन परिश्रम सबसे बड़ी ताकत है। कैप्टन पराशर ने कहा कि समुद्र में कार्यरत नाविक न केवल जहाजों का संचालन करते हैं, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था को भी मजबूती प्रदान करते हैं। उन्होंने बताया कि पांच महासागरों में व्यापारिक गतिविधियों को सुचारू बनाए रखने में उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश के लगभग 5000 युवा आज समुद्री सेवाओं में कार्यरत हैं और इस संख्या को दोगुना करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले वर्षों में यह क्षेत्र युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर लेकर आएगा। पराशर ने कहा कि भारत वर्ष 2030 तक समुद्री शक्ति के रूप में वैश्विक पहचान बनाएगा। उन्होंने नाविकों से अनुशासन, समर्पण और राष्ट्र सेवा की भावना के साथ कार्य करने का आह्वान किया।

## 750 अस्थायी चालकों की भर्ती का निर्णय कर्मचारी एवं युवा विरोधी : अरविंद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** भारतीय जनता युवा मोर्चा, हिमाचल प्रदेश के सह मीडिया प्रभारी अरविंद सिंह चौधरी ने हिमाचल पथ परिवहन निगम में 750 अस्थायी चालकों की भर्ती के निर्णय तथा कर्मचारियों के आंदोलन पर एस्मा लगाए जाने को लेकर प्रदेश सरकार पर तीखा हमला बोला है। कांग्रेस सरकार अपनी प्रशासनिक विफलताओं और गलत नीतियों का बोझ कर्मचारियों एवं युवाओं पर थोप रही है। कर्मचारियों को समय पर वेतन, पेंशन और अन्य देय लाभों को लेकर लगातार संघर्ष करना पड़ रहा है। कर्मचारी संगठन मांगों को सरकार के समक्ष रख रहे हैं, लेकिन समस्याओं का समाधान करने के बजाय सरकार टकराव का रास्ता अपना रही है। 750 अस्थायी चालकों की भर्ती का निर्णय स्पष्ट करता है कि सरकार कर्मचारियों की आवाज को कमजोर करने का प्रयास कर रही है।






# पंचायत समिति की सत्ता पर अर्जुन गुट के कब्जे ने विधानसभा चुनावों के लिए पेश की मजबूत दावेदारी

अनंत ज्ञान



**जवाली।** पंचायत समिति नगरोटा सूरियां के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पदों पर भाजपा समर्थित अर्जुन गुट के उम्मीदवारों की सर्वसम्मति से जीत ने जवाली विधानसभा क्षेत्र की राजनीति में नए समीकरण पैदा कर दिए हैं। इस परिणाम को प्रदेश के कृषि मंत्री चंद्र कुमार के प्रभाव वाले क्षेत्र में कांग्रेस के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। राजनीतिक जानकारों के अनुसार यह चुनाव केवल पंचायत समिति के नेतृत्व के चयन तक सीमित नहीं था, बल्कि भाजपा के भीतर शक्ति संतुलन और संगठनात्मक प्रभाव की भी परीक्षा माना जा रहा था। लंबे समय से गुटबाजी से जूझ रही जवाली भाजपा में इस जीत के बाद पूर्व विधायक अर्जुन सिंह की राजनीतिक स्थिति और मजबूत हुई है। भाजपा समर्थित खेमे द्वारा आवश्यक समर्थन जुटाकर दोनों पदों पर निर्विरोध कब्जा करना उनकी संगठनात्मक क्षमता का परिचायक माना जा रहा है। वहीं नगरोटा सूरियां ब्लॉक को कृषि मंत्री चंद्र कुमार का मजबूत प्रभाव क्षेत्र माना जाता है। ऐसे में पंचायत समिति के दोनों शीर्ष पद भाजपा समर्थित उम्मीदवारों के खाते में जाना कांग्रेस संगठन के लिए चिंता का विषय माना जा रहा है।

## सारनू पुहाड़ा फोरलेन ब्रिज से गिरने से रिहलू के व्यक्ति की मौत

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** तहसील शाहपुर के सारनू पुहाड़ा खौली खड्ड फोरलेन ब्रिज से गिरने के कारण रिहलू पंचायत के एक व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई। हादसा देर रात का बताया जा रहा है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान पवन कुमार (46), पुत्र नीचू राम, निवासी गांव किला, पंचायत रिहलू, तहसील शाहपुर के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार पवन कुमार भरमौर से लौट रहे थे और शाहपुर उतरना था, लेकिन अंधेरे में सही स्थान का पता न चलने से वे गलत स्थान पर उतर गए। पैदल लौटते समय वे फोरलेन ब्रिज से नीचे गिर गए, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। सुबह परिजनों को उनका शव मिला। सूचना पर पुलिस ने कार्रवाई शुरू की। विधायक केवल सिंह पठानिया भी मौके पर पहुंचे और शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी।

# आपातकाल लगाकर कांग्रेस ने की थी लोकतंत्र की हत्या : विपिन परमार



प्रेसवार्ता करते विपिन परमार व अन्य नेता। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** सुलह के विधायक एवं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष विपिन सिंह परमार ने वीरवार को कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। धर्मशाला में प्रेसवार्ता में परमार ने कहा कि देश में आपातकाल लगाकर कांग्रेस ने लोकतंत्र और संविधान की मूल भावना की हत्या की थी। कांग्रेस स्वयं को संविधान का रक्षक बताती है, जबकि इतिहास गवाह है कि उसने अपने राजनीतिक स्वार्थों के लिए संविधान में कई संशोधन कर लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर करने का प्रयास किया।

उन्होंने आरोप लगाया कि उस समय न्यायपालिका की शक्तियों को सीमित करने तथा मंत्रिमंडल की शक्तियां बढ़ाने के लिए संविधान में संशोधन किए गए। उन्होंने कहा कि जबरन नसबंदी, लोगों का विस्थापन और विरोध की आवाजों को दबाने जैसे कदम लोकतंत्र पर गहरा आघात थे। विपिन परमार ने हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शांता कुमार का उल्लेख करते हुए कहा कि आपातकाल के दौरान उन्हें भी महीनों तक जेल में रहना पड़ा।

उन्होंने कहा कि संविधान देश की आत्मा है और 140 करोड़ देशवासियों का विश्वास ही भारतीय लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत है। परमार ने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार प्रेस की आवाज को दबाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि आपातकाल के समय कांग्रेस का जो स्वरूप था, उसकी झलक आज प्रदेश की कांग्रेस सरकार में भी दिखाई दे रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### धर्माणी कल बडू में करेंगे मेगा जॉब फेयर का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** बहुतकनीकी महाविद्यालय बडू में 27 जून को मेगा जॉब फेयर आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी करेंगे। सिटी ग्रुप एवं सीटी यूनिवर्सिटी के सहयोग से आयोजित इस फेयर में 25 से अधिक कंपनियां युवाओं के साक्षात्कार लेंगी। चयनित युवाओं को मौके पर ही ऑफर लैटर प्रदान करेंगी

### बचत भवन की 2 दुकानों की नीलामी 10 को

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** उपायुक्त कार्यालय के परिसर में स्थित बचत भवन की दुकान नंबर-9 और 10 को मासिक किराये के आधार पर नीलाम किया जाएगा। इन दुकानों की नीलामी की प्रक्रिया 10 जुलाई को सुबह 11 बजे बचत भवन में पूर्ण की जाएगी। प्रत्येक दुकान का न्यूनतम आरक्षित मासिक किराया बीस हजार रुपये निर्धारित किया गया है। उपायुक्त के सहायक आयुक्त और जिला बचत विकास एवं सेवा समिति के सचिव चिराग शर्मा ने बताया कि नीलामी में भाग लेने के इच्छुक व्यक्ति सभी आवश्यक दस्तावेजों सहित अपने आवेदन 9 जुलाई सायं 5 बजे तक उपायुक्त के सहायक आयुक्त कार्यालय में जमा करवा सकते हैं।

### धनेटा-पिपलू-बंगाणा मार्ग भारी वाहनों के लिए बंद

**अनंत ज्ञान, नादौन।** नादौन उपमंडल के धनेटा क्षेत्र से सटे जिला ऊना के गांव पिपलू में आयोजित जिला स्तरीय मेले के कारण धनेटा-पिपलू-बंगाणा सड़क पर 24 से 26 जून तक भारी वाहनों की आवाजाही पर रोक लगा दी गई है। जिलाधीश गंधर्वा राठौड़ ने आदेश जारी करते हुए बताया कि बस, ट्रक एवं अन्य भारी वाहन किटपल-भियाडी-तूतड़ू मार्ग से होकर बंगाणा जा सकेंगे। मेला ड्यूटी, आवश्यक सेवाओं और स्थानीय वाहनों पर यह प्रतिबंध लागू नहीं होगा, बशर्ते वे दस्तावेज प्रस्तुत करें।

### हमीरपुर में डीईओसी के भवन के निर्माण पर चर्चा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) के जिला एमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर (डीईओसी) भवन निर्माण के लिए पर्यावरण एवं सामाजिक प्रभाव अध्ययन को लेकर उपायुक्त कार्यालय के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष में बैठक आयोजित की गई। इसमें एचपीडीआरआरपी की कंसल्टेंसी टीम के नीरज शर्मा और वरुण शर्मा ने अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा की। डीडीएमए की समीक्षा शर्मा और डीईओसी प्रभारी भानु शर्मा ने बताया कि इस परियोजना का उद्देश्य आपदा प्रबंधन को प्रभावी बनाना है। हमीरपुर में प्रस्तावित डीईओसी भवन राहत एवं बचाव कार्यों को और सुदृढ़ करेगा।

### इग्नू अध्ययन केंद्र में प्रवेश प्रक्रिया शुरू

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्मारक राजकीय महाविद्यालय हमीरपुर स्थित इग्नू अध्ययन केंद्र (1104) में जुलाई 2026 सत्र के लिए प्रवेश प्रक्रिया जारी है। इच्छुक अभ्यर्थी विभिन्न स्नातक, स्नातकोत्तर, डिप्लोमा एवं प्रमाणपत्र कार्यक्रमों में 15 जुलाई 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। प्राचार्य डॉ. सतीश सोनी ने बताया कि इग्नू दूरस्थ शिक्षा में देश का अग्रणी विश्वविद्यालय है, जो गुणवत्तापूर्ण एवं रोजगारोन्मुखी शिक्षा प्रदान करता है। सह-समन्वयक संजय कुमार ने बताया कि इस सत्र में एम.एससी. (कंप्यूटर साइंस) और एम.एससी. (जलवायु परिवर्तन) नए कार्यक्रम शुरू किए गए हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से समय रहते आवेदन करने की अपील की।

### पौंहज स्कूल में एसएमसी का किया गठन

**अनंत ज्ञान, संजीव चौहान, टौणी देवी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पौंहज में स्कूल प्रबंधन समिति का गठन प्रधानाचार्य रविंद्र सुपहिया की अध्यक्षता में किया गया। सर्वसम्मति से अनिल कुमार को प्रधान और गीता डोगरा को उपप्रधान चुना गया। प्रबंधन समिति द्वारा प्रस्ताव पारित किया गया कि स्कूल की समस्याओं का निवारण किया जाएगा और स्कूल में बच्चों के सर्वांगीण विकास पर विशेष जोर दिया जाएगा। प्रधानाचार्य रविंद्र सुपहिया ने स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्यों को स्कूल में चल रही गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। अभिभावकों के साथ स्कूल स्टाफ के सदस्य भी मौजूद रहे।

### अनिल बने जंगलबैरी स्कूल की एसएमसी अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जंगलबैरी में प्रधानाचार्य संजीव ठाकुर की अध्यक्षता में 2026-2028 के लिए स्कूल प्रबंधन समिति (एसएमसी) का द्विवार्षिक चुनाव सम्पन्न हुआ। लगभग 80 अभिभावकों की उपस्थिति में हुए चुनाव में अनिल धीमान अध्यक्ष तथा वंदना राणा उपाध्यक्ष निर्वाचित हुईं। इस अवसर पर मनोसामाजिक वेलफेयर सोसायटी द्वारा विद्यार्थियों के लिए मार्गदर्शन कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें करियर चयन, कौशल विकास एवं आत्मविश्वास बढ़ाने पर बल दिया गया। कार्यक्रम में पंचायत प्रतिनिधियों, स्टाफ एवं नवगठित समिति ने भाग लिया तथा नव-निर्वाचित पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया।

### गौना स्कूल में रेडीनेस मेले का आयोजन

**अनंत ज्ञान, नादौन।** राजकीय प्राथमिक पाठशाला गौना में वीरवार को रेडीनेस मेले का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों एवं अभिभावकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। मेले का उद्देश्य बच्चों के सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देना तथा उन्हें खेल-खेल में सीखने के लिए प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम में शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक विकास से जुड़ी विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं। कुंदनलाल स्मारक राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गौना के अध्यापकों ने भी सहभागिता कर बच्चों का उत्साहवर्धन किया और ऐसे आयोजनों को उनके उज्ज्वल भविष्य की नींव बताया।

### पूर्व मंडल अध्यक्ष राजीव के निधन पर शोक की लहर

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** भोरंज कांग्रेस ब्लॉक के पूर्व मंडल अध्यक्ष राजीव मेहर के निधन से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। उनके निधन की सूचना मिलते ही कार्यकर्ताओं और समर्थकों में गहरा दुख व्याप्त हो गया। राजीव मेहर लंबे समय तक कांग्रेस संगठन से जुड़े रहे और जनसेवा में सक्रिय भूमिका निभाते रहे। विधायक सुरेश कुमार, मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू तथा भोरंज कांग्रेस अध्यक्ष विजय बन्याल सहित कई नेताओं ने शोक व्यक्त किया। सभी ने दिवंगत आत्मा की शांति एवं परिजनों को धैर्य प्रदान करने की प्रार्थना की।

### सुमिता मेहरा बनीं एसएमसी अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, सोनल, नादौन।** पीएम श्री स्कूल ऑफ एक्सीलेंस राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नादौन में विद्यालय प्रबंधन समिति का गठन किया गया। सुमिता मेहरा को आगामी तीन वर्षों के लिए विद्यालय प्रबंधन समिति की अध्यक्ष चुना गया। बैठक की अध्यक्षता प्रधानाचार्य राजेश कुमार ने की। विद्यालय के संस्कृत अध्यापक आचार्य नरेश मलोटिया ने बताया कि प्रेमलता, ममता रानी, पूनम शर्मा, सुमिता कुमारी, अनीता देवी, आशा देवी, श्रेष्ठा, पूजा ठाकुर, शिवानी कौंडल, अरुण कुमार एवं पूजा कुमारी को समिति के सदस्य के रूप में चयनित किया गया। कार्यक्रम का संचालन रसायन प्रवक्ता अजय कुमार नंदा ने किया।

---

## हमीरपुर में जिला प्रशासन और पुलिस ने किया मिनी मैराथन का आयोजन

# नशे के विरुद्ध जागरुकता के लिए लगाई दौड़

◆ डीसी, एसपी, अन्य अधिकारियों, बच्चों युवाओं ने लिया भाग

**अनंत ज्ञान**



डीसी गंधर्वा राठौड़ ने लोगों को नशे का विरोध करने की शपथ दिलाई। अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** मादक पदार्थों के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय दिवस तथा नशा निवारण सप्ताह के उपलक्ष्य पर जिला प्रशासन एवं पुलिस ने वीरवार सुबह हीरानगर के चिल्ड्रन पार्क से पक्का भरो चौक तक मिनी मैराथन दौड़ आयोजित की।

इस मिनी मैराथन में उपायुक्त गंधर्वा राठौड़, एसपी बलवीर सिंह, एडीसी अभिषेक कुमार गर्ग, एसी टू डीसी चिराग शर्मा, सीएमओ डॉ. अजय अत्री, डीएफओ अंकित सिंह, जिला कल्याण अधिकारी चमन लाल शर्मा, डीएसपी नितिन चौहान, एडीपीईओ राजेंद्र शर्मा, कई अन्य अधिकारियों तथा शहर के गणमान्य नागरिकों ने भी बच्चों, युवाओं और अन्य धावकों संग दौड़ लगाई। महिलाओं और पुरुषों के दो अलग-अलग आयु वर्गों में करवाई गई इस मिनी मैराथन को हरी झंडी दिखाने से पहले उपायुक्त ने सभी लोगों को नशे का विरोध करने की शपथ दिलाई।

एसपी ने भी बच्चों और युवाओं को नशे से दूर रहने का संदेश दिया। मिनी मैराथन की समाप्ति पर पक्का भरो चौक पर विजेताओं को नकद पुरस्कार भी दिए गए।

### लड़कियों के अंडर-16 वर्ग में कामिनी प्रथम

**लड़कियों** के अंडर-16 वर्ग में हाई स्कूल चौकी जमवालां की कामिनी पहले, हिम अकादमी स्कूल की प्रियांशी वशिष्ठ दूसरे, चौकी जमवालां की धनेश्वरी तीसरे, इसी स्कूल की शबनम चौथे और मनीता पांचवें स्थान पर रहीं। अंडर-16 ब्वायज में हिम अकादमी के रुकुल प्रथम, सीनियर सेकेंडरी स्कूल हमीरपुर के पंकज खरयाल द्वितीय, सिल्वर बैल्स स्कूल के अर्पित तृतीय, न्यू गुरुकुल के कौशल ठाकुर चतुर्थ और नक्ष चौहान पंचम स्थान पर रहे। 16 वर्ष से अधिक के आयु वर्ग में डिग्री कालेज की राशि पहले, इसी कालेज की सुहानी दूसरे, धलोट की शिवाली तीसरे, डिग्री कालेज की ऋचा चौथे और कुठेड़ा स्कूल की शाइन पांचवें स्थान पर रहीं। जबकि, पुरुषों के वर्ग में रोहड़ू के आर्यन पहले, ताल क्षेत्र के गांव पड़ियां के अविरल दूसरे, गांव ककरू के नवीन तीसरे, कुठेड़ा क्षेत्र के गांव उखक के अतुल चौथे और गांव अवाह देवी के दीपक पांचवें स्थान पर रहे।

---

# राज राजेश्वरी कॉलेज भोटा में मेधावी किए सम्मानित





दो मेधावी छात्राओं को प्रदान की छात्रवृत्ति। अनंत ज्ञान

**अनंत ज्ञान**

**हमीरपुर।** राज राजेश्वरी कॉलेज शिक्षा महाविद्यालय भोटा में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह 2025-26 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि एसडीएम बड़सर स्वाति डोगरा रहीं। समारोह का शुभारंभ सरस्वती वंदना और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।

इसके बाद छात्रों ने गिद्दा, नाटी, समूह गान और एकल प्रस्तुतियों से मन मोह लिया। मुख्य अतिथि ने मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरित करते हुए कहा कि छात्र जीवन में शिक्षकों का सम्मान करें, लक्ष्य निर्धारित कर मेहनत से आगे बढ़ें तथा नशे से दूर रहें। राज राजेश्वरी एजुकेशन सोसायटी के चेयरमैन मनजीत सिंह ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं और देशहित को सर्वोपरि रखने का आह्वान किया। कार्यक्रम में बीएड की आकांक्षा चड्ढा और डीएलएड की अनिता को 5000-5000 रुपए की छात्रवृत्ति प्रदान की गई। प्राचार्य डॉ. राज कुमार धीमान ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की तथा विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

---

# सर्वर डाउन होने से डिपो से खाली हाथ लौटे उपभोक्ता



सर्वर डाउन होने से उपभोक्ताओं को करना पड़ा परेशानियों का सामना। अनंत ज्ञान

**अनंत ज्ञान**

**गलोड़।** लहड़ा कृषि सहकारी सभा के डिपो में लगातार आ रही तकनीकी खराबियों और सर्वर डाउन रहने की समस्या से उपभोक्ताओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

बुधवार को भी करीब 50 उपभोक्ता घंटों इंतजार करने के बावजूद राशन और अन्य आवश्यक सामान नहीं ले सके तथा निराश होकर खाली हाथ घर लौट गए। समाजसेवी शमशेर सिंह ने लोगों की आवाज बुलंद करते हुए कहा कि डिपो में आए दिन सर्वर ठप होने से ग्रामीणों का बहुमूल्य समय बर्बाद हो रहा है। उन्होंने खाद्य आपूर्ति विभाग से शीघ्र नई मशीन स्थापित करने और तकनीकी खामियों को दूर करने की मांग की। उपभोक्ताओं का कहना है कि इन दिनों किसान खेती-बाड़ी के कार्यों में व्यस्त हैं, लेकिन राशन लेने के लिए उन्हें चार से पांच घंटे तक डिपो में बैठना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि समस्या का जल्द समाधान नहीं हुआ तो वे विभाग के समक्ष अपना रोष प्रकट करेंगे। पंचायत प्रधान लहड़ा राकेश कुमार शर्मा ने बताया कि इस मुद्दे को ग्राम सभा की बैठक में प्रस्ताव पारित कर उच्च अधिकारियों को भेजा जाएगा, ताकि लोगों को इस गंभीर समस्या से जल्द राहत मिल सके।

---

## आपातकाल भारतीय लोकतंत्र पर कभी न मिटने वाला कलंक : अनुराग

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से सांसद अनुराग ठाकुर ने 25 जून 1975 को लगाए गए आपातकाल को भारतीय लोकतंत्र के इतिहास का सबसे काला अध्याय बताते हुए कहा कि कांग्रेस की दमनकारी नीतियों, सत्ता पिपासा और तानाशाही मानसिकता ने देश के लोकतांत्रिक मूल्यों पर गहरा आघात किया था। उन्होंने कहा कि आपातकाल भारतीय लोकतंत्र पर ऐसा कलंक है जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। अनुराग ठाकुर ने कहा कि सत्ता के नशे में चूर कांग्रेस नेतृत्व ने अपनी राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं की पूर्ति के लिए देश के संविधान और लोकतांत्रिक संस्थाओं को कुचलने का प्रयास किया। रातों-रात लाखों निर्दोष नागरिकों, राजनीतिक कार्यकर्ताओं, सामाजिक नेताओं और लोकतंत्र के समर्थकों को जेलों में बंद कर दिया गया। प्रेस की स्वतंत्रता पर ताला लगा दिया गया, अभिव्यक्ति की आजादी छीन ली गई और नागरिकों के मौलिक अधिकारों को निलंबित कर दिया गया। उन्होंने कहा कि देशहित और लोकतांत्रिक मूल्यों से ऊपर एक परिवार और एक व्यक्ति के अहंकार को रखा गया, जिसके परिणामस्वरूप पूरे देश को भय और दमन के वातावरण का सामना करना पड़ा। युवाओं, पत्रकारों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और विपक्षी नेताओं को गिरफ्तार किया गया तथा अनेक लोगों को अमानवीय यातनाएं सहनी पड़ीं। सरकारी मशीनरी का खुलेआम दुरुपयोग कर लोकतांत्रिक आवाजों को दबाने का प्रयास किया गया। अनुराग ठाकुर ने कहा कि आज का दिन उन सभी लोकतंत्र सेनानियों के साहस, संघर्ष और बलिदान को स्मरण करने का अवसर है जिन्होंने आपातकाल के दौरान कांग्रेस की दमनकारी नीतियों के विरुद्ध आवाज बुलंद की और लोकतंत्र की रक्षा के लिए यातनाएं सहीं।

---

## पट्टा स्कूल में विद्यार्थियों को वितरित की 151 साइकिलें



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पट्टा में साइकिल वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रामचंद्र पठानिया, अध्यक्ष कांगड़ा सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक, उपस्थित रहे। इस अवसर पर कुल 151 साइकिलें विद्यार्थियों को वितरित की गईं, जो व्यवसायी अरुण सरीन एवं उनकी धर्मपत्नी शिखा सरीन द्वारा भेंट की गईं। इनमें राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पट्टा के 53, खरवाड़ के 57, जखयोल माध्यमिक के 13, बलोखर के 23 तथा प्राथमिक पाठशाला जखयोल के 5 विद्यार्थियों को साइकिलें प्रदान की गईं। मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों को शिक्षा, अनुशासन, पर्यावरण संरक्षण और नियमित उपस्थिति के लिए प्रेरित किया। प्रधानाचार्य तेज सिंह ने इस पहल के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में मुख्याध्यापिका किरण कुमारी ,जिला विज्ञान पर्यवेक्षक राजेश गौतम, 7 स्टार स्कूल के प्रबंध निदेशक कुलदीप गुलेरिया, पंचायत प्रधान सविता मिन्हास, पूर्व पंचायत समिति सदस्य सुशीला शर्मा, पंचायत समिति सदस्य मनोज कुमार, अमर चंद लाली आदि मौजूद रहे।

---

# समाजसेवी नरेश कुमार दर्जी ने कन्यादान स्वरूप दी 31 हजार रुपए की सहायता राशि

**अनंत ज्ञान**



बेटी की शादी के लिए 31 हजार रुपए देते समाजसेवी नरेश कुमार। अनंत ज्ञान

**भोरंज।** पूर्व उपाध्यक्ष जिला परिषद हमीरपुर एवं समाजसेवी नरेश कुमार दर्जी ने एक बार फिर सामाजिक दायित्व का निर्वहन करते हुए भोरंज विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत जिजवीं निवासी कुमारी निशा कुमारी के विवाह अवसर पर कन्यादान स्वरूप 31 हजार रुपये की सहयोग राशि भेंट की।

निशा कुमारी स्वर्गीय जोगिंदर कुमार एवं प्रतिमा देवी की पुत्री हैं। इस सहयोग के लिए परिवारजनों ने नरेश कुमार दर्जी का आभार व्यक्त किया। नरेश कुमार दर्जी ने कहा कि बेटी का विवाह केवल एक परिवार का नहीं, बल्कि पूरे समाज की खुशियों से जुड़ा एक महत्वपूर्ण अवसर होता है। ऐसे अवसरों पर समाज के सक्षम लोगों को आगे आकर जरूरतमंद परिवारों का सहयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की सहायता करना उनका सामाजिक दायित्व है और वे सदैव समाजहित के कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेते रहे हैं। दर्जी ने कहा कि समाज में आपसी सहयोग और भाईचारे की भावना को मजबूत करना समय की आवश्यकता है। यदि प्रत्येक व्यक्ति अपनी क्षमता के अनुसार जरूरतमंद लोगों की मदद करे तो अनेक परिवारों की समस्याओं का समाधान सहज रूप से हो सकता है। उन्होंने कहा कि जनसेवा केवल राजनीति या किसी पद तक सीमित नहीं होती, बल्कि यह समाज के प्रति हमारी जिम्मेदारी और संवेदनशीलता का परिचायक है। उन्होंने नवविवाहित जोड़े को आशीर्वाद देते हुए उनके सुखद, समृद्ध एवं मंगलमय वैवाहिक जीवन की कामना की। साथ ही ईश्वर से प्रार्थना की कि उनके जीवन में सदैव प्रेम, खुशहाली, स्वास्थ्य और सफलता बनी रहे तथा वे जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को प्राप्त करें। नरेश कुमार दर्जी ने कहा कि भोरंज क्षेत्र उनके लिए केवल एक विधानसभा क्षेत्र नहीं, बल्कि एक परिवार है। परिवार के प्रत्येक सदस्य के सुख-दुःख में सहभागी बनना उनका संकल्प है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के लोगों ने उन्हें हमेशा स्नेह और विश्वास दिया है, जिसके चलते वे लगातार समाज सेवा के कार्यों में सक्रिय रहते हैं।

---

## न्याय और लोकतांत्रिक मूल्यों की जीत, सुक्खू सरकार की धक्केशाही पर लगा विराम : राणा

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** भाजपा प्रदेश मुख्य प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने सुजानपुर नगर परिषद के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पद के शपथ ग्रहण और नियुक्ति प्रक्रिया पर न्यायालय द्वारा आगामी आदेशों तक रोक लगाए जाने का स्वागत करते हुए इसे सत्य, न्याय और लोकतांत्रिक मूल्यों की जीत बताया है। उन्होंने कहा कि यह निर्णय उन सभी लोगों के विश्वास को मजबूत करता है जो लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं की निष्पक्षता और संवैधानिक व्यवस्था में आस्था रखते हैं। राजेंद्र राणा ने कहा कि सुजानपुर नगर परिषद के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के चयन को लेकर जिस प्रकार के घटनाक्रम सामने आए, उससे स्थानीय जनता में अनेक प्रश्न उत्पन्न हुए थे। भाजपा लगातार यह मांग कर रही थी कि पूरे मामले की निष्पक्षता और वैधानिकता सुनिश्चित की जाए तथा लोकतांत्रिक मानदंडों का पूर्ण पालन हो। न्यायालय द्वारा मामले पर आगामी आदेशों तक रोक लगाया जाना यह दर्शाता है कि विषय गंभीर विचारणीय है और इसकी विधिक समीक्षा आवश्यक है। राणा ने आरोप लगाया कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार लगातार लोकतांत्रिक संस्थाओं पर दबाव बनाने और राजनीतिक हितों को प्राथमिकता देने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि सुक्खू सरकार की धक्केशाही और मनमानी के विरुद्ध भाजपा शुरू से आवाज उठाती रही है तथा जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए आगे भी संघर्ष जारी रखेगी। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में किसी भी निर्णय को बलपूर्वक थोपने की बजाय नियमों और कानूनों के अनुरूप कार्य किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सुजानपुर की राजनीति में यह घटनाक्रम एक नया मोड़ लेकर आया है और अब समूचे क्षेत्र की निगाहें न्यायालय के आगामी आदेशों पर टिकी हुई हैं।

---

## हमीरपुर मेडिकल कॉलेज कांग्रेस सरकार की देन : डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा ने कहा कि डॉ. राधाकृष्णन राजकीय मेडिकल कॉलेज हमीरपुर पूरी तरह कांग्रेस सरकार की देन है। उन्होंने कहा कि इस विषय पर तथ्यों को तोड़-मरोड़कर प्रस्तुत करने के बजाय वास्तविक इतिहास जनता के सामने रखा जाना चाहिए। डॉ. वर्मा ने कहा कि केंद्र में तत्कालीन यूपीए सरकार के दौरान 19 फरवरी 2014 को चंबा और नाहन मेडिकल कॉलेजों की स्वीकृति प्रदान की गई थी। इसके बाद तत्कालीन विधायक एवं वर्तमान मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू के निरंतर प्रयासों से 14 मार्च 2014 को हमीरपुर को भी डॉ. राधाकृष्णन राजकीय मेडिकल कॉलेज की स्वीकृति मिली। उन्होंने बताया कि चंबा और नाहन मेडिकल कॉलेजों के लिए 90-10 के अनुपात में केंद्र और राज्य सरकार की वित्तीय भागीदारी निर्धारित की गई थी, जबकि हमीरपुर मेडिकल कॉलेज के लिए 75 प्रतिशत केंद्र और 25 प्रतिशत प्रदेश सरकार द्वारा व्यय वहन करने का प्रावधान किया गया। इससे स्पष्ट है कि इन मेडिकल कॉलेजों की स्थापना कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में हुई और इन्हें साकार करने में कांग्रेस नेतृत्व की महत्वपूर्ण भूमिका रही। डॉ. वर्मा ने कहा कि वर्तमान में मुख्यमंत्री सुक्खू के नेतृत्व में आर्थिक चुनौतियों के बावजूद मेडिकल कॉलेज के आधुनिक ढांचे को विकसित किया जा रहा है।

---

# भलेठ स्कूल में रेडीनेस मेला : बच्चों को पहली कक्षा में जाने के लिए किया तैयार



कार्यक्रम में खंड प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी अरविंद चौधरी रहे मुख्य अतिथि। अनंत ज्ञान

**अनंत ज्ञान**

**सुजानपुर।** राजकीय प्राथमिक केंद्र पाठशाला भलेठ, शिक्षा खंड सुजानपुर में विद्यालय आधारित स्कूल रेडीनेस मेला-2026 का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में खंड प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी सुजानपुर अरविंद चौधरी ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की, जबकि विद्यालय प्रबंधन समिति एवं स्थानीय समुदाय के सदस्यों ने भी अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज करवाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता केंद्र मुख्य अध्यापिका सुमन बाला ने की।

उन्होंने बताया कि स्कूल रेडीनेस मेले का मुख्य उद्देश्य बच्चों को कक्षा प्रथम में प्रवेश के लिए शारीरिक, मानसिक, भाषाई, संज्ञानात्मक तथा सामाजिक-भावनात्मक विकास के लिए तैयार करना है। इस अवसर पर विभिन्न गतिविधियों एवं खेल-आधारित शिक्षण सामग्री के माध्यम से बच्चों के समग्र विकास पर बल दिया गया। मेले के दौरान बच्चों एवं अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विभिन्न शैक्षणिक एवं मनोरंजक गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को विद्यालय वातावरण से परिचित करवाया गया तथा अभिभावकों को प्रारंभिक शिक्षा के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। स्कूल परिवार ने मुख्य अतिथि, अभिभावकों एवं उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों का आभार व्यक्त किया गया।

---

## सीपीयू की पहल : 28 जून को लगेगा मेगा हेल्थ चेकअप कैंप

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** करियर प्वाइंट विश्वविद्यालय के सामुदायिक सेवा निदेशालय द्वारा पंचायत प्रतिनिधि सम्मान समारोह एवं स्वास्थ्य शिविर संकल्प बैठक का आयोजन विश्वविद्यालय के सेमिनार हॉल में किया गया। इस स्वास्थ्य शिविर का उद्देश्य ग्रामीण एवं स्थानीय समुदाय को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना तथा विभिन्न रोगों की समय रहते पहचान करना है। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के स्वागत, दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। कार्यक्रम के दौरान कुलपति कार्यालय की ओएसडी ऋचा शर्मा ने स्वागत संबोधन प्रस्तुत करते हुए कार्यक्रम की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पंचायतें ग्रामीण विकास की आधारशिला हैं तथा समाज के समग्र विकास में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित यह पहल पंचायत प्रतिनिधियों और शैक्षणिक संस्थानों के बीच समन्वय स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसके पश्चात विश्वविद्यालय के कुलसचिव गुलशन संधू ने करियर प्वाइंट विश्वविद्यालय केवल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने तक सीमित नहीं है, बल्कि सामाजिक उत्तरदायित्वों के निर्वहन के लिए भी निरंतर कार्य कर रहा है। कार्यक्रम में डॉ. शिवाली राठौर, एडीएसडब्ल्यू, सीपीयू ने 28 जून को आयोजित होने वाले मेगा हेल्थ चेक-अप एवं बॉडी टेस्ट कैंप की जानकारी दी।

---

## स्पर्धा हेमराज मेमोरियल टौणी देवी ने की ओपन बास्केटबॉल प्रतियोगिता आयोजित

# कुरुक्षेत्र टीम ने जीती बास्केटबाल ट्रॉफी

**अनंत ज्ञान**



मुख्यातिथि विधायक कैप्टन रणजीत ने विजेता खिलाड़ियों को किया सम्मानित। अनंत ज्ञान

**सुजानपुर।** हेमराज मेमोरियल टौणी देवी की ओर से आयोजित ओपन बास्केटबाल प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक कैप्टन रणजीत सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। आयोजन समिति द्वारा मुख्य अतिथि का शॉल, हिमाचली टोपी एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया।

प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला एसएसबी आर्मी और कुरुक्षेत्र टीम के बीच खेला गया। दोनों टीमों ने उत्कृष्ट खेल भावना का परिचय देते हुए दर्शकों को रोमांचक मुकाबला देखने का अवसर प्रदान किया। पूरे मैच के दौरान कांटे की टक्कर देखने को मिली, लेकिन अंततः कुरुक्षेत्र टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज कर खिताब अपने नाम किया। इस अवसर पर खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों को संबोधित करते हुए विधायक कैप्टन रणजीत सिंह ने कहा कि खेल युवाओं को अनुशासन, समर्पण, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना का पाठ पढ़ाते हैं। उन्होंने कहा कि आज के दौर में युवाओं को नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रखने और उनकी ऊर्जा को सकारात्मक दिशा देने में खेलों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने आयोजन समिति की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन ग्रामीण क्षेत्रों की प्रतिभाओं को आगे लाने तथा उन्हें अपनी क्षमता प्रदर्शित करने का बेहतर मंच प्रदान करते हैं। विधायक ने कहा कि प्रदेश सरकार और स्थानीय स्तर पर खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं ताकि युवाओं को बेहतर अवसर उपलब्ध हो सकें। उन्होंने खिलाड़ियों से खेल भावना के साथ आगे बढ़ने और प्रदेश व देश का नाम रोशन करने का आह्वान किया। रणजीत सिंह ने विजेता कुरुक्षेत्र टीम एवं उपविजेता एसएसबी आर्मी टीम को पुरस्कार देकर सम्मानित किया तथा सभी खिलाड़ियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रेषित कीं। उन्होंने सफल आयोजन के लिए हेमराज मेमोरियल टौणीदेवी एवं आयोजन समिति को बधाई भी दी।

## न्यूज ब्रीफ

### नगर निगम मंडी के पार्षद 29 को लेंगे शपथ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** नगर निगम मंडी के नवनिर्वाचित पार्षदों की शपथ के लिए 29 जून, 2026 की तिथि निर्धारित की गई है। इस बारे में उपायुक्त अपूर्व देवगन की ओर से शपथ की सूचना जारी कर दी गई है। जारी सूचना के अनुसार सभी नवनिर्वाचित पार्षद मंडी नगर निगम के कार्यालय में 29 जून को दोपहर बाद दो बजे उपायुक्त के समक्ष भारत के संविधान के प्रति निष्ठा की शपथ ग्रहण करेंगे। उन्होंने सभी संबंधित पार्षदों से आग्रह किया है कि वे निर्धारित तिथि और समय पर अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें। उपायुक्त की ओर से जारी एक अन्य सूचना के अनुसार मंडी नगर निगम क्षेत्र से संबंधित विधायकों को भी इस शपथ ग्रहण के लिए आयोजित बैठक में बतौर निगम के पदेन सदस्य भाग लेने का आग्रह किया गया है। इनमें सदर मंडी, बल्ह तथा द्रंग के विधायक शामिल हैं।

### महादेव में हुई प्रधानों व उपप्रधानों की बैठक

**अनंत ज्ञान, महादेव।** नाचन विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत महादेव पंचायत भवन में बीडीओ धनोटू की अध्यक्षता में 32 पंचायतों के नव-निर्वाचित प्रधानों एवं उपप्रधानों की बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर पंचायत प्रतिनिधियों को केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न विकासात्मक एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। धनोटू विकास खंड मंडी जिले के विकास खंडों में से एक है। बैठक में पंचायत प्रतिनिधियों को ग्रामीण विकास, मनरेगा, स्वच्छता, सामाजिक सुरक्षा, आवास योजनाओं तथा पंचायतों के माध्यम से संचालित अन्य कल्याणकारी कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बीडीओ धनोटू ने कहा कि पंचायत प्रतिनिधि सरकार और जनता के बीच महत्वपूर्ण कड़ी हैं तथा उन्हें योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने नव-निर्वाचित प्रतिनिधियों से पारदर्शिता, जवाबदेही और जनहित को प्राथमिकता देते हुए पंचायतों के समग्र विकास के लिए कार्य करने का आह्वान किया। बैठक के दौरान विभिन्न योजनाओं के संचालन, ऑनलाइन प्रक्रियाओं, वित्तीय प्रबंधन तथा पंचायत स्तर पर विकास कार्यों के क्रियान्वयन से जुड़े विषयों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। प्रतिनिधियों ने अपनी जिज्ञासाओं और समस्याओं को अधिकारियों के समक्ष रखा, जिनका मौके पर समाधान किया गया।

### शिव मंदिर महादेव में बंदर ने मचाया उत्पात



**अनंत ज्ञान, महादेव।** गांव महादेव के प्राचीन शिव मंदिर परिसर में लंबे समय से एक बंदर की उछलकूद देखी जा रही है, जिससे डर का माहौल व्याप्त हो गया है। हालांकि यह बंदर इधर-उधर अधिक रहता है मगर मौका मिलते ही मंदिर प्रांगण में आ जाता है, जिससे श्रद्धालुओं का डरना सहमना स्वाभाविक सी बात है। इसके डर से श्रद्धालु कई बार मत्था टेकने से भी वंचित रह जाते हैं। लोगों का कहना है कि बंदर ने अभी किसी को कोई नुकसान नहीं पहुंचाया है, मगर अगर शीघ्र ही पकड़कर बंदर को यहां से वन्य प्राणी विहार आदि में न ले जाया गया तो यहां आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में कमी आ सकती है।

### जय देवी स्कूल में इंदु बनी एसएमसी अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, जय देवी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जय देवी में एसएमसी की बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य केंद्र सरकार के नए दिशा निर्देशों के अनुसार एसएमसी की कार्यकारिणी गठन करना था। नए नियमों के हिसाब से कोई अभिभावक ही एसएमसी का अध्यक्ष बन सकता है तथा सचिव पद पर स्कूल के प्रधानाचार्य या मुख्य अध्यापक रहेंगे। नई कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से किया गया। सर्वसम्मति से इंदु ठाकुर को अध्यक्ष तथा मुनीलाल जी को उपाध्यक्ष चुना गया। सचिव पद पर प्रधानाचार्य धर्मेंद्र कुमार शर्मा रहेंगे। कार्यकारिणी सदस्यों में मुनीलाल, प्रेमलता,डिंपल, विमला देवी, अनुराधा, वंदना देवी, ममता भावना,सुमन लता, लीला, अंजू कुमारी, ममता और द्रोमती देवी को चुना गया। मीटिंग में सभी अभिभावकों को सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार 2026 में बनाई गई नई एसएमसी के मुख्य कार्य और जिम्मेदारियों के बारे में विस्तार से बताया गया। यह बताया गया कि एसएमसी का मुख्य काम स्कूल और समुदाय के बीच सेतु बनना है।

### निर्जला एकादशी पर लगाई मीठे जल की छबील



**अनंत ज्ञान, महादेव।** वीरवार को क्षेत्र में भी निर्जला एकादशी के शुभ अवसर पर प्राचीन शिव मंदिर महादेव के प्रांगण में श्रद्धालुओं की ओर से एक विशाल ठंडे मीठे पानी की छबील लगाई गई। इसके साथ ही खासतौर पर गांव अप्पर बैहली में भी नहर के किनारे लोगों ने ठंडे मीठे पानी की छबील लगाकर पुण्य कमाया।

### सरस्वती विद्या मंदिर हटगढ़ में खेलों का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, हटगढ़।** हिमाचल शिक्षा समिति के तत्वावधान में सरस्वती विद्या मंदिर हटगढ़ में जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन हिमाचल प्रदेश के नेता प्रतिपक्ष जय राम ठाकुर ने किया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन एवं आयोजकों द्वारा शाल, टोपी व स्मृति चिन्ह देकर उनका स्वागत कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में नाचन के विधायक विनोद कुमार, अजय राणा सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में विभिन्न सरस्वती विद्या मंदिरों से लगभग 400 छात्र-छात्राएं भाग ले रहे हैं। खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक मार्च-पास्ट तथा अन्य गतिविधियों में भाग लिया। अपने संबोधन में जय राम ठाकुर ने कहा कि खेलकूद विद्यार्थियों के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास का सशक्त माध्यम हैं। खेल बच्चों में अनुशासन, टीम भावना, नेतृत्व क्षमता और आत्मविश्वास का विकास करते हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

### संधोल कॉलेज की बहाली जनसंघर्ष की बड़ी जीत

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** संधोल महाविद्यालय की बहाली को लेकर चला जनसंघर्ष आखिरकार सफल हो गया। भारतीय जनता युवा मोर्चा संधोल इकाई के अध्यक्ष साहिल सकलानी और आईटी सदस्य विशाल कौंडल ने इसे क्षेत्र की जनता, छात्रों, अभिभावकों और जनप्रतिनिधियों की सामूहिक जीत बताया। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय को बंद करने के निर्णय के खिलाफ 14 पंचायतों की जनता ने एकजुट होकर आवाज उठाई, जिसके चलते सरकार को अपना फैसला वापस लेना पड़ा। उन्होंने इस आंदोलन में सहयोग देने वाले सभी लोगों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षा और क्षेत्रीय विकास के मुद्दों पर भविष्य में भी संघर्ष जारी रहेगा।

### थाची में दुर्गा को चुना एसएमसी उपप्रधान

**अनंत ज्ञान, बालीचौकी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला थाची में प्रधानाचार्य जितेंद्र निराला की अध्यक्षता में आम सभा का आयोजन किया गया। सभा में आगामी सत्र के लिए स्कूल प्रबंधन समिति का गठन किया गया। विचार-विमर्श के उपरांत प्रधान पद सहित अधिकांश पदों का चयन सर्वसम्मति से किया गया, जबकि उपप्रधान पद के लिए मतदान प्रक्रिया अपनाई गई। उपप्रधान पद के चुनाव में दुर्गा देवी को 87 मत, पार्वती को 37 मत तथा नोटा को 4 मत प्राप्त हुए। इस प्रकार दुर्गा देवी ने 50 मतों के अंतर से विजय प्राप्त की। इसके अतिरिक्त कार्यकारिणी सदस्यों के रूप में कला देवी, नरेश कुमार, गेहर चंद, हरवंस लाल, हिम देवी, कृष्णा देवी, चंद्रू देवी, डोले राम, कौर सिंह, रोशन लाल, लता देवी, चंद्रावती, शकुंतला देवी तथा जगदीश कुमार का सर्वसम्मति से चयन किया गया।

### रिवालसर स्कूल में नई एसएमसी का गठन

**अनंत ज्ञान, रिवालसर।** राजकीय पीएम श्री वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रिवालसर में वीरवार को एसएमसी का गठन हुआ। पाठशाला के प्रधानाचार्य सुरेश कुमार की अध्यक्षता में आयोजित हुई इस बैठक में में पवन ठाकुर, ईश्वर दास, पूनम, नीलमा देवी, दीक्षा कुमारी, हरीश ठाकुर, टिकेश्वरी, सुनीता कुमारी, लता देवी, निर्मला, सुशीला देवी, मनोज कुमार, पूनम ठाकुर, चमन शर्मा, नरेश ठाकुर व सरवन ठाकुर सदस्य बनाया गया। इसके साथ एसएमसी में नगर पंचायत अध्यक्ष रिवालसर लाभ सिंह ठाकुर, पार्षद सुनीता राणा व शिक्षक सीताराम को सदस्य के रूप में मनोनीत किया गया।

### आईटीआई मोहीं व बतैल में दिया नशा मुक्ति का संदेश

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के सौजन्य से आईटीआई मोहीं और आईटीआई बतैल में नशा मुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता शिविर आयोजित किए गए। तहसील कल्याण अधिकारी पूनम शर्मा ने युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए नशामुक्त समाज के निर्माण का संदेश दिया। आईटीआई मोहीं में ग्राम पंचायत गोपालपुर के प्रधान पवन कुमार ने युवाओं से नशे से दूर रहने और समाज को जागरूक करने का आह्वान किया।

# विधायक इंदर सिंह गांधी ने किया घट्टा मेले का शुभारंभ

## भव्य जलेब में जनप्रतिनिधि और सैकड़ों श्रद्धालु हुए शामिल ▶ देवी-देवताओं के आगमन से भक्तिमय हुआ पूरा माहौल

अनंत ज्ञान

**प्रकाश धीमान, बैहना।** राष्ट्रीय उच्च मार्ग मंडी-गागल-नालसर सड़क के किनारे स्थित गांव घट्टा के पारंपरिक तीन दिवसीय मेले का शुभारंभ बल्ह के विधायक इंदर सिंह गांधी ने किया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत कुम्मी से घट्टा मेला ग्राउंड तक भव्य जलेब निकाली गई, जिसमें ग्राम पंचायत कुम्मी की प्रधान कंचन सैनी, उपप्रधान राजकुमार, ग्राम पंचायत चतरौर की प्रधान मीना सेन, उपप्रधान अनिल कुार, ग्राम पंचायत खांदला की प्रधान अनीता चौधरी, मेला कमेटी के प्रधान रमेश सैनी, नेरचौक नगर परिषद के पार्षद अमृतपाल सिंह, पंकज शर्मा, बल्ह भाजपा मंडल अध्यक्ष कुलदीप ठाकुर, महामंत्री पवन व मनीष, अनुसूचित जाति युवा मोर्चा अध्यक्ष जीवन चौहान सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। मेले में प्रतिवर्ष की भांति देव सतबाला, देव कामेश्वर कांडी तथा राजगढ़ नैना देवी सकरोहा अपने-अपने गूर, पुजारियों, श्रद्धालुओं और बजंतरियों सहित पहुंचे। स्थानीय देवी-देवताओं के आगमन से पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो गया।

मंडी-नालसर-गागल सड़क मार्ग के किनारे आयोजित इस पारंपरिक मेले में आसपास के गांवों से सैकड़ों लोगों ने भाग लेकर देवी-देवताओं का श्रद्धापूर्वक आशीर्वाद प्राप्त किया। मेले में ग्रामीण संस्कृति, लोक परंपराओं और धार्मिक आस्था का सुंदर संगम देखने को मिला तथा लोगों ने क्षेत्र की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की।



घट्टा मेले का शुभारंभ करते विधायक इंदर सिंह गांधी। अनंत ज्ञान

# एसएमसी अध्यक्ष के कड़े फैसलों से बदलने लगी स्कूल की तस्वीर

## लंबित टेंडर रद्द, बदहाल स्कूल ग्राउंड की सफाई शुरू

अनंत ज्ञान



**रितेश चौहान, सरकाघाट।** सरकाघाट स्कूल में लंबे समय से लंबित विकास कार्यों और अव्यवस्थाओं को दूर करने की दिशा में स्कूल प्रबंधन समिति (एसएमसी) के नवनियुक्त अध्यक्ष एवं युवा समाजसेवी अनिल कुमार 'बिक्कू' ने पदभार संभालते ही सख्त कदम उठाए हैं। अध्यक्ष बनने के महज दो दिनों के भीतर ही स्कूल की व्यवस्थाओं को पटरी पर लाने की मुहिम शुरू हो गई है। एसएमसी की पहली बैठक में ही करीब एक वर्ष से विकास कार्यों को लटकाने वाले ठेकेदारों के टेंडर रद्द करने का निर्णय लिया गया। वहीं, बजट उपलब्ध होने के बावजूद स्कूल का मुख्य द्वार स्थापित न किए जाने पर कड़ा रुख अपनाते हुए संबंधित ठेकेदार को दो दिन के भीतर कार्य पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। समय सीमा में कार्य पूरा न होने की स्थिति में पूर्व भुगतान राशि भी जब्त की जा सकती है।

स्कूल मैदान की बदहाल स्थिति को देखते हुए अनिल कुमार ने अपने निजी खर्च पर मशीनें लगवाकर मैदान में पड़ी बजरी, पत्थर, बड़ी पाइपों और झाड़ियों को हटवाने का कार्य शुरू करवाया। लंबे समय से उपेक्षा का शिकार रहा मैदान अब तेजी से अपने पुराने स्वरूप में लौटता नजर आ रहा है।

एसएमसी अध्यक्ष ने स्कूल परिसर में गिरे हुए डंगों को एक सप्ताह के भीतर पुन: लगाने तथा पूरे परिसर को सुंदर और व्यवस्थित बनाने के लिए 15 दिनों की समय-सीमा निर्धारित की है। उन्होंने कहा कि स्कूल के विकास और विद्यार्थियों के बेहतर भविष्य के लिए प्रत्येक माह एसएमसी, अध्यापकों और अभिभावकों की संयुक्त बैठक आयोजित की जाएगी। एसएमसी उपाध्यक्ष जमुना देवी, एसएमसी कार्यकारिणी के सदस्य तथा स्कूल प्रशासन के अधिकारी भी उपस्थित रहे। क्षेत्र के लोगों ने एसएमसी अध्यक्ष की सक्रिय कार्यशैली और त्वरित निर्णयों की सराहना करते हुए इसे स्कूल के लिए सकारात्मक शुरुआत बताया है।

# देव राज प्रदेश राज्य कर्मचारी महासंघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** हिमाचल प्रदेश राज्य कर्मचारी महासंघ (संबद्ध राष्ट्रीय राज्य कर्मचारी महासंघ) की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक वर्चुअल माध्यम से प्रदेश अध्यक्ष नरेश ठाकुर की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में राष्ट्रीय राज्य कर्मचारी महासंघ के उत्तर क्षेत्र प्रभारी विपिन डोगरा ने विशेष रूप से मार्गदर्शन प्रदान किया।

बैठक में संगठन को और अधिक सक्रिय एवं मजबूत बनाने के उद्देश्य से प्रदेश कार्यसमिति में महत्वपूर्ण मनोनयन किए गए। देव राज शर्मा (मंडी) को प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष, नरेश शर्मा (मंडी) को प्रदेश सचिव, किशोरी लाल चौहान (कांगड़ा) को प्रदेश उपाध्यक्ष तथा सुरेश कुमार (चंबा) को प्रदेश कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। महासंघ ने संगठनात्मक गतिविधियों को गति देने के लिए राज्य के सभी 12 संगठनात्मक जिलों के लिए जिला प्रभारियों की नियुक्ति भी की। इसके तहत गलोरा राम (चंबा), भगवान दास (कांगड़ा), किशोरी लाल चौहान (ऊना), नरेश शर्मा (हमीरपुर), सुशील शर्मा (बिलासपुर), विजय कुमार (मंडी), वीरेंद्र कुमार (कुल्लू), देव राज शर्मा (लाहौल-स्पीति), जयपाल (सोलन), भीम सिंह चौहान (सिरमौर), गौतम दुल्टा (शिमला) तथा किशोर चुनटा (किन्नौर) को जिला प्रभारी बनाया गया।

बैठक में कर्मचारियों से जुड़े विभिन्न लंबित मामलों पर भी चर्चा हुई। महासंघ ने राज्य सरकार से कर्मचारियों के लंबित महंगाई भत्ते (डीए) और वेतन एरियर का शीघ्र भुगतान करने की मांग उठाई। प्रदेश महामंत्री उमेश कुमार ने नवनियुक्त पदाधिकारियों एवं जिला प्रभारियों को बधाई देते हुए आशा व्यक्त की कि उनके सहयोग से महासंघ को और अधिक मजबूती मिलेगी।

### स्पेशल ग्राम सभा में नशा उन्मूलन पर रहेगा फोकस

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** ग्राम पंचायत खुडला में शुक्रवार को एक विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया जा रहा है। बैठक में उपमंडलाधिकारी सरकाघाट मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। ग्राम पंचायत प्रधान उमावती ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में बढ़ते नशे, विशेषकर चिट्टा (हेरोइन) जैसे घातक नशों के प्रति लोगों को जागरूक करना है। ग्राम पंचायत खुडला को प्रशासन द्वारा नशे की समस्या के दृष्टिगत रेड ज़ोन में चिन्हित किया गया है। इसी को ध्यान में रखते हुए उपमंडलाधिकारी लोगों को नशे के दुष्प्रभावों तथा इससे बचाव के उपायों की विस्तृत जानकारी देंगे। उन्होंने कहा कि चिट्टा और अन्य नशीले पदार्थ युवाओं, बच्चों तथा आने वाली पीढ़ी के भविष्य के लिए गंभीर खतरा बनते जा रहे हैं, जिसके विरुद्ध समाज को एकजुट होकर कार्य करने की आवश्यकता है। ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों ने सभी पंचायतवासियों से समय पर पहुंचकर ग्राम सभा को सफल बनाने की अपील की है। विशेष रूप से महिला मंडलों, युवक मंडलों, स्वयं सहायता समूहों, आशा वर्करों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं तथा पुलिस थाना हटली के अधिकारियों एवं कर्मचारियों से कार्यक्रम में अनिवार्य रूप से भाग लेने का अनुरोध किया गया है।

# बल्ह में किसानों को मिल रहे टमाटर के अच्छे दाम

अनंत ज्ञान

**महेंद्र सिंह राणा, भौर।** बल्ह घाटी में किसानों का 'लाल सोना' कहलाने वाले टमाटर का सीजन इन दिनों पूरे शबाब पर है। क्षेत्र के किसान धूप हो या बारिश, दिनभर टमाटर की फसल की देखभाल और तुड़ाई में जुटे हुए हैं। टमाटर की बेहतर पैदावार और बाजार में अच्छे दाम मिलने से किसानों के चेहरे खिले हुए हैं। नगर परिषद नैरचौक से संबंधित टमाटर कारोबारी अनिल चौधरी उर्फ अनू ने बताया कि वह हाल ही में टमाटर की खेप लेकर पंजाब के मलेरकोटला बाजार से लौटे हैं, जहां उन्हें प्रति क्रेट 700 रुपए का भाव मिला। जबकि स्थानीय मंडियों में फिलहाल टमाटर 600 रुपए प्रति क्रेट के हिसाब से बिक रहा है। अनिल चौधरी ने बताया कि उनके साथ करीब 10 मजदूर कार्य करते हैं, जो उनके अलावा अन्य किसानों के खेतों से भी टमाटर एकत्रित करते हैं। इसके बाद टमाटरों की ग्रेडिंग कर उन्हें विभिन्न बाजारों के लिए वाहनों में लोड किया जाता है। उन्होंने बताया कि वह अकेले इस कारोबार का संचालन कर रहे हैं और प्रतिदिन लगभग 3,000 से 4,000 रुपए क्रेट टमाटर बाजार में भेज रहे हैं। अनिल के अनुसार यदि मौसम अनुकूल रहा और बाजार भाव इसी तरह बने रहे तो इस सीजन में करीब 45 लाख रुपए के टमाटर की बिक्री होने की संभावना है।



टमाटर की ग्रेडिंग और पैकिंग करते कारोबारी अनिल चौधरी। अनंत ज्ञान

### असेंट स्कूल में छात्राओं को दी स्वास्थ्य बारे जानकारी

**अनंत ज्ञान, पधर।** असेंट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पधर में छात्राओं के लिए स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें जीव विज्ञान प्रवक्ता द्रुतैस ठाकुर ने ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (एचपीवी) और इससे होने वाले सर्वाइकल कैंसर के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सर्वाइकल कैंसर महिलाओं में होने वाले गंभीर कैंसरों में से एक है, लेकिन समय पर टीकाकरण और नियमित जांच के माध्यम से इससे काफी हद तक बचाव संभव है। उन्होंने कहा कि एचपीवी वैक्सीन वायरस के विभिन्न प्रकारों से सुरक्षा प्रदान करती है। यदि यह वैक्सीन कम आयु में लगवा ली जाए, तो इसका प्रभाव अधिक होता है। हालांकि 15 वर्ष से अधिक आयु की लड़कियां भी चिकित्सकीय सलाह के अनुसार यह वैक्सीन लगवा सकती हैं। उन्होंने छात्राओं को बताया कि एचपीवी संक्रमण की पहचान के लिए पैप टेस्ट एक सरल और प्रभावी जांच है, जिससे समय रहते बीमारी का पता लगाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार ने एचपीवी वैक्सीन को राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम में शामिल किया है, जिससे पात्र लड़कियों को यह टीका निशुल्क उपलब्ध कराया जा रहा है

# दूध विक्रेताओं की समस्याओं का जल्द हो समाधान : किसान यूनियन

अनंत ज्ञान

**महादेव।** दुग्ध अभिशीतन केंद्र चक्कर के प्रबन्धक और दूध विक्रेताओं में चल रहा गतिरोध थमने का नाम नहीं ले रहा है। दूध विक्रेताओं में एक राजेश शर्मा ने कहा कि उन्हें फैट के अनुसार दूध का रेट नहीं मिल रहा है और दूध विक्रेताओं का पूरा दूध भी नहीं खरीदा जा रहा है। चक्कर डेयरी प्रशासन पर सीधा- सीधा आरोप है कि वह जानबूझकर कम रेट दे रहा है ।उधर हिमाचल किसान यूनियन के अध्यक्ष सीताराम वर्मा,राज्य सह सचिव रामकृष्ण,बल्ह के प्रधान देवराज, सचिव कृष्ण चंद चौधरी, पूर्व प्रधान भूप सिंह तथा कोषाध्यक्ष खूब राम ठाकुर ने जारी एक संयुक्त बयान में सरकार से दूध विक्रेताओं की समस्या समाधान करने की मां ग करते हुए कहा है कि लंबे समय से चल रहे इस गतिरोध को लेकर उन्होंने पंजीकृत डाक द्वारा मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू और प्रदेश के कृषि एवं पशुपालन मंत्री प्रोफेसर चंद्र कुमार से समस्या समाधान की मांग उठाई है। अध्यक्ष सीताराम वर्मा सहित किसान यूनियन के तमाम पदाधिकारियों ने जोर देकर यह भी कहा कि दूध सड़कों पर उड़ेलना समस्या का हल नहीं है यह तो गोमाता के अमृत तुल्य दूध का अपमान है। दूध विक्रेताओं को भी चाहिए कि वह राजनीतिकरण करने से बचें क्योंकि सरकार ग्रामीणों की आर्थिकी का सुदृढ़ीकरण कर रही है जैसे कि पूर्व सरकार के समय में दूध का भाव 30-31 रुपए था और तब दूध विक्रेता भाव बढ़ाने का नाम नहीं लेते थे अब जबकि सरकार ने दूध का भाव दोगुना कर दिया यह भी रास नहीं आ रहा है। इससे गरीब दूध विक्रेताओं पर उस समय अधिक असर पड़ता है जब राजनीति होने लगती है जबकि जैसे ही दूध विक्रेताओं का यह विवाद शुरू हुआ था तभी खासकर सीताराम वर्मा और खूब राम ठाकुर ने प्रबंधक के साथ विचार-विमर्श किया था इसमें प्रबंधक का कोई दोष नहीं है क्योंकि डेयरी की क्षमता 45000लीटर की है फिर भी प्रबंधक एक लाख लीटर से अधिक दूध ले रहा है जैसे ही डेयरी की क्षमता बढ़ेगी दूध विक्रेताओं का सारा दूध खरीदा जाएगा।

### दो युद्ध लड़ चुके हवलदार टेक चंद पंचतत्व में विलीन



**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** 1965 व 1971 के युद्ध में भाग ले चुके चमयाणू निवासी हवलदार टेक चंद का 79 वर्ष की आयु में निधन हो गया। दिव्यांग होने के बावजूद भी, हवलदार टेक चंद एक्स सर्विसमैन लीग सरकाघाट के सक्रिय सदस्य थे तथा वो कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। उन्होंने मंगलवार की रात को एम्स, बिलासपुर में अंतिम सांस ली। उन्होंने भारतीय सेना में तोपखाना में 24 वर्ष तक अपनी सेवाएं दीं। एक्स सर्विसमैन लीग सरकाघाट के चेयरमैन कैप्टन प्यार चंद बन्याल के नेतृत्व में लीग के पदाधिकारियों ने हवलदार टेक चंद को रीत चढ़ा कर उन्हें अंतिम विदाई दी तथा उनकी आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन भी रखा। सचिव कैप्टन बलदेव राज, कैप्टेन हुक्म चन्द, सूबेदार मेजर विजय कुमार, हवलदार रमेश चन्द, सूबेदार मेजर क्लर्क विजय ठाकुर तथा कई पूर्व सैनिक व स्थानीय लोग उनकी अंतिम यात्रा में शामिल हुए तथा भारत माता की जय तथा हवलदार टेक चंद अमर रहे के नारों के साथ उन्हें अंतिम विदाई दी।

# द्रमण गांव में सड़क के बीचों-बीच निकलीं पाइपें दे रहीं हादसे को न्योता

अनंत ज्ञान

**राजेंद्र कुमार, जय देवी।** ग्राम पंचायत चांबी के अंतर्गत द्रमण गांव में स्थित दिव्याशीष आश्रम के समीप सड़क के बीचों-बीच जल शक्ति विभाग की पाइपें काफी ऊपर उठी हुई हैं, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पाइपों में लगातार रिसाव होने के कारण सड़क पर फिसलन बनी रहती है और वाहन चालकों के टायर बार-बार फिसल जाते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस कारण यहां कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। ग्रामीणों के अनुसार इस मार्ग पर कई लोग पहले भी गिरकर चोटिल हो चुके हैं। यह सड़क कांढी से द्रमण गांव को जोड़ती है और इसी मार्ग से स्कूल के विद्यार्थी, शिक्षक, गांववासी तथा जल शक्ति विभाग के टैंक तक जाने वाले लोग नियमित रूप से आवाजाही करते हैं ।स्थानीय लोगों का आरोप है कि इस समस्या की जानकारी कई बार संबंधित विभाग को दी जा चुकी है, लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। इससे ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। द्रमण स्थित दिव्याशीष परम सुख आश्रम के संचालक सुरेश मलिक सहित स्थानीय निवासी संजय कुमार, हेतराम, धर्मा राम, अच्छरू राम और सावित्री देवी ने जल शक्ति विभाग से मांग की है कि सड़क के बीच से गुजर रही पाइपों को सड़क के किनारे स्थानांतरित किया जाए अथवा उन्हें जमीन के भीतर दबाया जाए, ताकि सड़क सुरक्षित बन सके और किसी भी प्रकार की अनहोनी से बचा जा सके।



द्रमण गांव में सड़क के बीचों-बीच निकली जल शक्ति विभाग की पाइप। अनंत ज्ञान

**पहल** श्री दत्तात्रेय गुरुकुलम एवं गोशाला से होगा भारतीय संस्कृति का संरक्षण : राजेश्वरानंद

# तल्याहड़ में बन रहा शिक्षा-सेवा का अनूठा केंद्र

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** भारतीय संस्कृति, सनातन परंपरा और संस्कृत भाषा के संरक्षण एवं संवर्धन के उद्देश्य से श्री दत्तात्रेय पब्लिक चेरिटेबल ट्रस्ट के चेयरमैन महंत राजेश्वरानंद सरस्वती महाराज के मार्गदर्शन में तल्याहड़ (जिला मंडी) में श्री दत्तात्रेय गुरुकुलम एवं गोशाला का निर्माण अतिशीघ्र किया जाएगा। यह महत्वाकांक्षी परियोजना केवल एक शिक्षण संस्थान नहीं, बल्कि भारतीय ज्ञान परंपरा, संस्कारों, आध्यात्मिक मूल्यों और राष्ट्र निर्माण की भावना को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का एक सशक्त माध्यम बनने जा रही है।

महंत राजेश्वरानंद सरस्वती महाराज ने बताया कि श्री दत्तात्रेय गुरुकुलम में विद्यार्थियों को वैदिक एवं आधुनिक शिक्षा का समन्वित स्वरूप पूर्णत: निशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा। विद्यार्थियों के लिए आवास, भोजन, वस्त्र, औषधि, अध्ययन सामग्री तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था भी निशुल्क रहेगी, जिससे आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के प्रतिभाशाली बच्चे भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त कर सकें। गुरुकुल में शुद्ध उच्चारण के साथ वेदाध्ययन, संस्कृत संभाषण, योग शिक्षा, नैतिक शिक्षा एवं आध्यात्मिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इसके अतिरिक्त स्मार्ट क्लासरूम, आधुनिक पुस्तकालय, कम्प्यूटर लैब और अन्य आधुनिक शैक्षणिक संसाधनों की भी व्यवस्था की जाएगी।

महंत सरस्वती ने बताया कि वर्ष 2024 में आयोजित रामार्चा महायज्ञ के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं क्षेत्रवासियों ने मंडी जनपद में एक वैदिक गुरुकुलम की स्थापना की आवश्यकता व्यक्त की थी। लोगों की इसी भावना, आस्था और प्रार्थना को ध्यान में रखते हुए इस पावन संकल्प को मूर्त रूप दिया जा रहा है।

**महंत राजेश्वरानंद सरस्वती महाराज का उद्देश्य**



महंत राजेश्वरानंद सरस्वती महाराज ने कहा कि गुरुकुल की स्थापना का प्रमुख उद्देश्य भारतीय संस्कृति और संस्कृत भाषा का संरक्षण एवं संवर्धन, चरित्रवान एवं राष्ट्रनिष्ठ विद्यार्थियों का निर्माण, आध्यात्मिक एवं आधुनिक शिक्षा का समन्वय, नैतिक मूल्यों का विकास तथा सनातन धर्म परंपरा को आगे बढ़ाना है। इसके साथ ही प्राचीन संस्कृति, धर्म-दर्शन, पर्यावरण संरक्षण एवं आध्यात्मिक चेतना के विकास हेतु विभिन्न सामाजिक कार्यक्रमों का क्रियान्वयन भी किया जाएगा।

अनंत ज्ञान खास खबर

◆ **विद्यार्थियों को मिलेगी निशुल्क आवास, भोजन एवं अध्ययन की सुविधा**

# डली पुल निर्माण को लेकर विधायक सुरेश से मिले लोग

अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** मंडी एवं हमीरपुर जिलों को जोड़ने वाले बहुप्रतीक्षित डली पुल के निर्माण कार्य में हो रही देरी को लेकर आज स्थानीय लोगों के एक प्रतिनिधिमंडल ने भोरंज के विधायक सुरेश कुमार से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने विधायक को अवगत करवाया कि पुल के निर्माण में लगातार हो रही देरी के कारण क्षेत्र के हजारों लोगों, विद्यार्थियों, कर्मचारियों, व्यापारियों एवं आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यह प्रतिनिधिमंडल समाजसेवी सुरेंद्र कुमार राणा की अध्यक्षता में विधायक से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने विधायक से मांग की कि डली पुल का निर्माण कार्य शीघ्र पूरा करवाया जाए ताकि दोनों जिलों के लोगों को सुगम एवं सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिल सके। समाजसेवी सुरेंद्र कुमार राणा ने कहा कि वे इस मुद्दे को कई बार सोशल मीडिया तथा विभिन्न सार्वजनिक मंचों पर उठाते रहे हैं और लगातार प्रशासन एवं सरकार से पुल निर्माण कार्य में तेजी लाने की मांग कर रहे हैं।

इस अवसर पर विधायक सुरेश कुमार ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि डली पुल का निर्माण कार्य मानसून से पूर्व पूरा करवाने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि यदि किसी कारणवश पुल का निर्माण मानसून से पहले पूरा नहीं हो पाता है, तो आम जनता की सुविधा के लिए वैकल्पिक सड़क व्यवस्था उपलब्ध करवाई जाएगी, ताकि लोगों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

जीवन की जड़ संयम की भूमि में जितनी गहरी जमती है और सदाचार का जितना जल दिया जाता है उतना ही जीवन हरा भरा होता है और उसमें ज्ञान का मधुर फल लगता है। –दीनानाथ दिनेश

## संपादकीय

# वेनेजुएला के भूकंप से सबक

दक्षिण अमेरिका के देश वेनेजुएला में आए दो शक्तिशाली भूकंपों ने एक बार फिर पूरी दुनिया को यह सोचने पर मजबूर कर दिया है कि प्रकृति के सामने मनुष्य की वैज्ञानिक उपलब्धियां अभी भी सीमित हैं। आधुनिक विज्ञान ने अंतरिक्ष की गहराइयों तक पहुंच बना ली है, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस का विकास कर लिया है, मौसम का पूर्वानुमान लगाने में उल्लेखनीय सफलता हासिल कर ली है, लेकिन भूकंप जैसी विनाशकारी प्राकृतिक आपदा के सटीक पूर्वानुमान में अब भी सफलता नहीं मिल सकी है। यही कारण है कि जब भी किसी क्षेत्र में शक्तिशाली भूकंप आता है, तो हजारों लोगों की जान खतरे में पड़ जाती है और करोड़ों रुपए की संपत्ति कुछ ही क्षणों में नष्ट हो जाती है।

वेनेजुएला में आए इन भूकंपों ने न केवल स्थानीय लोगों में भय का माहौल पैदा किया, बल्कि विश्व समुदाय को भी चेतावनी दी है कि प्राकृतिक आपदाओं के प्रति हमारी तैयारियां अभी पर्याप्त नहीं हैं। भूकंप ऐसी आपदा है जो बिना किसी स्पष्ट चेतावनी के आती है और अपने पीछे विनाश का लंबा निशान छोड़ जाती है। कई बार इमारतें धराशायी हो जाती हैं, सड़कें टूट जाती हैं, बिजली और संचार व्यवस्था ठप पड़ जाती है तथा सामान्य जीवन अस्त-व्यस्त हो जाता है।

बड़ा प्रश्न यह है कि आखिर वैज्ञानिक आज तक भूकंप का सटीक पूर्वानुमान लगाने में सफल क्यों नहीं हो पाए हैं? जब मौसम वैज्ञानिक कई दिन पहले यह बता सकते हैं कि कब बारिश होगी, कब तूफान आएगा या कब तापमान बढ़ेगा, तो भूकंप के मामले में ऐसी सटीकता क्यों संभव नहीं हो पाई है? इसका उत्तर पृथ्वी की जटिल संरचना में छिपा हुआ है। मौसम संबंधी घटनाएं वायुमंडल में घटित होती हैं, जहां उपग्रहों, रडारों और अन्य उपकरणों की सहायता से निरंतर निगरानी की जा सकती है। इसके विपरीत भूकंप पृथ्वी की सतह के नीचे गहराई में स्थित विवर्तनिक प्लेटों की गतिविधियों के कारण उत्पन्न होते हैं। इन प्लेटों के बीच बनने वाले दबाव, तनाव और ऊर्जा संचय की प्रक्रिया अत्यंत जटिल और अनिश्चित होती है।

वैज्ञानिक यह तो समझ चुके हैं कि भूकंप किन कारणों से आते हैं और किन क्षेत्रों में उनका जोखिम अधिक है, लेकिन वे यह नहीं बता सकते कि किसी विशेष स्थान पर, किसी विशेष दिन और किसी विशेष समय पर भूकंप कब आएगा। पृथ्वी के भीतर होने वाली प्रक्रियाओं को पूरी तरह मापना और समझना आज भी विज्ञान के लिए बड़ी चुनौती बना हुआ है। यही वजह है कि दुनियाभर के वैज्ञानिक संस्थान वर्षों से इस दिशा में शोध कर रहे हैं, लेकिन अभी तक ऐसी कोई तकनीक विकसित नहीं हो सकी है जो मौसम पूर्वानुमान की तरह भूकंप की सटीक भविष्यवाणी कर सके।

यह स्थिति इसलिए भी चिंताजनक है क्योंकि यदि वैज्ञानिक भूकंप का विश्वसनीय पूर्वानुमान लगाने में सफल हो जाएं, तो लाखों लोगों की जान बचाई जा सकती है। केवल मनुष्य ही नहीं, बल्कि पशु-पक्षियों और वन्य जीवों को भी सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा सकता है। अस्पतालों, स्कूलों, उद्योगों और सार्वजनिक परिवहन प्रणालियों को समय रहते बंद या सुरक्षित किया जा सकता है। आपदा प्रबंधन एजेंसियां राहत और बचाव दलों को पहले से तैयार रख सकती हैं। इससे जनहानि और आर्थिक नुकसान दोनों में भारी कमी लाई जा सकती है।

हालांकि कुछ देशों ने प्रारंभिक चेतावनी प्रणालियां विकसित की हैं जो भूकंप शुरू होने के कुछ सेकंड या कुछ दर्जन सेकंड बाद चेतावनी दे सकती हैं। यह तकनीक भूकंप का पूर्वानुमान नहीं लगाती, बल्कि भूकंपीय तरंगों का पता लगाकर प्रभावित क्षेत्रों को तत्काल अलर्ट भेजती है। कुछ सेकंड का यह समय भी ट्रेनों को रोकने, गैस आपूर्ति बंद करने और लोगों को सुरक्षित स्थिति में आने का अवसर दे सकता है। फिर भी यह पूर्ण समाधान नहीं है। वास्तविक आवश्यकता ऐसी तकनीक की है जो भूकंप आने से घंटों, दिनों या सप्ताहों पहले विश्वसनीय चेतावनी दे सके। जब तक ऐसी तकनीक विकसित नहीं होती, तब तक हमें आपदा प्रबंधन और जन-जागरूकता पर अधिक ध्यान देना होगा।

## आज की प्रमुख हस्ती

### राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम्' के अमर रचयिता

**बंकिम चन्द्र चट्टोपाध्याय** आधुनिक बंगला साहित्य के प्रमुख स्तंभ, महान उपन्यासकार, कवि और राष्ट्रचेतना के अग्रदूत थे। उनका जन्म 26 जून 1838 को बंगाल के 24 परगना जिले के कांठलपाड़ा गांव में हुआ था। उन्होंने बंगला साहित्य को नई दिशा प्रदान की और ऐतिहासिक तथा सामाजिक उपन्यासों की समृद्ध परंपरा स्थापित की। उन्हें बंगला उपन्यास साहित्य का जनक भी माना जाता है।




बंकिमचन्द्र चट्टोपाध्याय
जन्म : 26 जून, 1838
मृत्यु : 8 अप्रैल, 1894

बंकिमचन्द्र ने 1865 में अपना पहला ऐतिहासिक उपन्यास दुर्गेशनंदिनी लिखा, जिसने उन्हें साहित्य जगत में विशिष्ट पहचान दिलाई। इसके बाद उन्होंने 'कपालकुंडला', 'मृणालिनी', 'विषवृक्ष', 'कृष्णकांत का वसीयतनामा', 'रजनी' और 'चंद्रशेखर' जैसे अनेक उत्कृष्ट उपन्यासों की रचना की। उनका सर्वाधिक प्रसिद्ध उपन्यास आनंदमठ है, जिसमें पहली बार 'वंदे मातरम' गीत प्रकाशित हुआ, जिस बाद में राष्ट्रगीत का दर्जा प्रदान किया गया।

बंकिमचन्द्र केवल साहित्यकार ही नहीं, बल्कि प्रखर राष्ट्रभक्त भी थे। अंग्रेजी शासन में सरकारी सेवा करते हुए भी उन्होंने भारतीय संस्कृति, भाषा और राष्ट्रीय चेतना को सशक्त बनाने का कार्य किया।

महान कवि रबींद्रनाथ ठाकुर भी बंकिमचन्द्र को अपना गुरु मानते थे। उन्होंने बंगला भाषा को नई ऊर्जा, गरिमा और साहित्यिक ऊंचाई प्रदान की। आधुनिक बंगला साहित्य और भारतीय राष्ट्रीय चेतना के इस महान नायक का 8 अप्रैल 1894 को निधन हो गया।



कविता

## मेहनत का फल

अमित मैहरा (एचएएस)
एडीसी, चंबा (हि.प्र.)

**तेरे** बदलते लिबासों-सा लगता है मुझे तेरा प्यार,
कभी बिजली की कौंध-सा उठता है,
और कभी लगता है जैसे कभी हुआ ही नहीं!
मुझे हर पल बदलता-सा दिखता है मेरा दर्जा,
जैसे कि शाह हूं सारे जहान का और कभी की कोई था ही नहीं!
मुझे सिमटती दिखती है अपनी परछाई,
जैसे की शख्श वहां कोई था ही नहीं!
मैं मिटता जाता हूं तेरी तलब में शबोसेहर,
जैसे तुझ बिन मेरा होना कभी कुछ था ही नहीं!
मैं घटता देखता हूं खुद को, जैसे वक्त गुजरता हो,
कि पकड़ना भी चाहूं तो कभी हमसफर वो मेरा था ही नहीं!
मैं बैठा हूं समेटने अपने किरदार की हकीकत को,
कि जैसे मैं कभी खुद से मिला ही नहीं!
मेरे होने का भी शुब्हा था मुझे,
ना जाने क्यों उसने कहा-'तुझ-सा कोई था ही नहीं!'
और दवा गम की क्या होगी,
कि मेरे हिस्से का गम भी मेरा था ही नहीं!
मेरी बेतरतीबी को तेरी तरतीब मिल जाए,
ये भी जीस्त में मेरी लिखा कभी था ही नहीं !
कि फैसला हो मेरे हक में-सोचा तो कई बार,
पर कोई दावर, कोई पैरोकार मेरा था ही नहीं!
उसकी अना से मेरा क्या वास्ता,
कि मुझे मेरा घर उस ओर दिखा ही नहीं!
और वो कहते हैं कि मेरी मुराद ओ मसीहा मेरे,
ये जो जोर है इसमें मेरा मशगला ही नहीं!
ले आओ मेरे चारागर, दवा कोई,
जो मुझे बता दे कि तू था कि नहीं!

# नरेंद्र मोदी सबसे लंबे समय तक 'प्रत्यक्ष रूप से निर्वाचित' प्रधानमंत्री

भारत में सबसे लंबे समय तक प्रधानमंत्री रहने वाले नेता को लेकर चल रही बहस के बीच, मुझे मेरे पिता, स्वर्गीय प्रणब मुखर्जी की 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अभूतपूर्व जीत के बारे में बताई गई एक दिलचस्प बात याद आती है। उस समय बाबा भारत के 13वें राष्ट्रपति थे। अलग-अलग राजनीतिक विचारधाराओं से जुड़े होने के बावजूद, उनके बीच बहुत अच्छे संबंध थे, जो एक सच्चे लोकतंत्र की वास्तविक पहचान है।



सुश्री शर्मिष्ठा मुखर्जी
स्तंभकार एवं 'प्रणब मुखर्जी लिगेसी फाउंडेशन' की संचालक

अनंत ज्ञान
दैनिक समाचार पत्र

चुनाव परिणाम आने के बाद, मोदी राष्ट्रपति भवन में बाबा से मिलने आए। बातचीत के दौरान, बाबा ने मोदी से चुनाव के बारे में उनका विश्लेषण पूछा। उन्होंने उत्तर दिया कि तीन दशकों के बाद किसी राजनीतिक पार्टी को पूर्ण बहुमत मिला है। तब बाबा ने अपने विशिष्ट प्रोफेसर वाले अंदाज में पूछा, 'और क्या?' जब मोदी जी चुप रहे, तो बाबा ने बताया कि 2014 का लोकसभा चुनाव इतिहास में अनोखा था, क्योंकि इसमें प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के तौर पर एक नया चेहरा पहले ही घोषित कर दिया गया था।

भारतीय जनता पार्टी को मिला लोगों का अपार समर्थन केवल उनकी पार्टी के लिए नहीं था, बल्कि यह लोगों का नरेंद्र मोदी को भारत का प्रधानमंत्री बनाने के लिए सीधा जनादेश था। दूसरे चुनावों के विपरीत, जहां प्रधानमंत्री का चेहरा या तो मान लिया जाता है पर आधिकारिक तौर पर घोषित नहीं किया जाता; या परंपरा के अनुसार नवनिर्वाचित सांसद उनका चुनाव करते हैं या यह गठबंधन के गणित से तय होता है और यह प्रक्रिया चुनाव के बाद होती है।

मोदी से पहले डॉ. मनमोहन सिंह, जो कभी जन-नेता नहीं रहे, उन्हें तत्कालीन कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने चुना था। भारत के दो प्रधानमंत्री, पीवी नरसिम्हा राव और एचडी देवेगौड़ा तो प्रधानमंत्री बनने के समय संसद के सदस्य भी नहीं थे। सरल शब्दों में कहें तो, प्रधानमंत्री का चुनाव वरिष्ठ राजनेता करते थे। 2014 भारतीय राजनीति के चुनावी समीकरणों में एक बहुत बड़ा बदलाव था, जहां देश की जनता ने नरेंद्र मोदी को लगभग 'राष्ट्रपति चुनाव' की ही तरह, स्पष्ट रूप से और बिना किसी संदेह के अपना प्रधानमंत्री चुना।

उल्लेखनीय है कि 2014 से पहले नरेंद्र मोदी राष्ट्रीय राजनीति में नए थे। उन्होंने गुजरात के मुख्यमंत्री के तौर पर अपने लंबे कार्यकाल के दौरान अपनी एक विशिष्ट पहचान बनाई थी, लेकिन 2014 उनका पहला लोकसभा चुनाव था। यह एक अनोखी बात है कि पहली बार सांसद बनने वाले व्यक्ति ने देश के प्रधानमंत्री के रूप में पहली बार संसद भवन में प्रवेश किया। (पुरानी) संसद की सीढ़ियों पर 'प्रणाम' करने का उनका भावुक कदम हृदय को छू लेने वाला ऐसा क्षण था, जिसने करोड़ों भारतीयों के हृदय में अपनी जगह बना ली।



चुनाव में विजय का कभी भी कोई एक कारण नहीं होता; यह कई कारकों से जुड़ी एक जटिल प्रक्रिया है। भाजपा का जमीनी स्तर पर मजबूत संगठन, अलग-अलग जातियों और समुदायों तक लगातार पहुंचने की रणनीति, अपनी गलतियों को शीघ्र पहचानना और तुरंत सुधार करने की इच्छाशक्ति-ये कुछ ऐसी मुख्य बातें हैं जिन्होंने विद्यमान भाजपा को चुनाव जीतने वाली एक ऐसी शक्ति बना दिया है, जिसे वर्तमान में रोक पाना दुष्कर लगता है। हालांकि, इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि नरेंद्र मोदी का चेहरा शायद भाजपा का सबसे मजबूत ट्रंप कार्ड है। लोग उनमें एक ऐसा मजबूत नेता देखते हैं, जो अपनी प्रतिभा और कड़ी मेहनत के दम पर आगे बढ़ा है, न कि कांग्रेस की तरह वंशवादी विरासत या परिवार-शासित क्षेत्रीय पार्टियों की मजबूत पकड़ के कारण।

एक तरह से नरेंद्र मोदी भाजपा के पर्याय बन गए हैं। मैं हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव के बारे में बंगाल के मित्रों के साथ हुई कुछ बातचीत का उल्लेख करना चाहूंगी, जहां मेरे अपने रिश्तेदार अभी भी कांग्रेस के कट्टर समर्थक हैं और बंगाल में कांग्रेस को मिले मामूली 2.9 प्रतिशत वोट शेयर में उनका भी योगदान था, वहीं मेरे अधिकतर दोस्तों और परिचितों ने भाजपा को वोट दिया था। चुनाव से पहले, मैं उनसे पूछती थी कि वे किस पार्टी को वोट देंगे। अधिकतर लोगों का उत्तर यही होता था कि वे 'मोदी' को वोट देंगे। मैं उन्हें याद दिलाती थी कि यह विधानसभा चुनाव है और मोदी जी चुनाव नहीं लड़ रहे हैं। उनका उत्तर हमेशा यही होता था-'ओई एक-ई व्यापार' यानी 'बात एक ही है।'

नरेंद्र मोदी न केवल देश के सबसे लंबे समय तक सेवा करने वाले चुने हुए प्रधानमंत्री हैं, बल्कि शायद स्वतंत्रता के बाद देश ने जितने भी प्रधानमंत्री देखे हैं, उनमें से वे सबसे मजबूत नेताओं में से एक हैं। वे गठबंधन सरकारों, जो अपनी सत्ता बनाए रखने के लिए दूसरों पर निर्भर रहती हैं, के उन व्यवधानों (अक्सर ब्लैकमेल करने वाले तरीकों) का शिकार हुए बिना एक मजबूत और स्थिर सरकार देने में सफल रहे हैं।

कोई उनकी कई नीतियों या काम करने के तरीके से असहमत हो सकता है और लोकतंत्र में ऐसा होना बिलकुल सामान्य बात है, लेकिन कोई भी उनके करिश्मे और 'आकांक्षी भारत' के लिए प्रेरणा के तौर पर भारतीय मतदाताओं के साथ उनके जुड़ाव को नकार नहीं सकता। यह बात 2019 और फिर 2024 में भी स्पष्ट रूप से दिखी। आप नरेंद्र मोदी को पसंद करें या नापसंद, लेकिन आप 'ब्रांड मोदी' की अनदेखी नहीं कर सकते। बड़ी ताकत के साथ बड़ी जिम्मेदारी भी आती है। एक आम नागरिक के रूप में, मैं प्रार्थना करती हूं कि वे लोगों से प्राप्त भारी जनादेश के साथ पूरा न्याय करें और हमारे देश को और भी ऊंचाइयों तक ले जाएं।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

# वन महोत्सव : हरित भारत, सुरक्षित भविष्य और पर्यावरण संरक्षण का महायज्ञ

वन महोत्सव एक वार्षिक वृक्षारोपण उत्सव है, जिसमें पूरे देश में वृक्षारोपण अभियान चलाया जाता है। सन 1950 से भारत में हर वर्ष 1 जुलाई से 7 जुलाई तक यह सप्ताहिक उत्सव मनाया जाता है। भारत में एक सप्ताह के वृक्षारोपण वन महोत्सव की शुरुआत कन्हैयालाल मनिकालाल मुंशी ने की थी। वन महोत्सव का उद्देश्य भारत देश के प्रत्येक नागरिक को हफ्ते में एक पौधा लगाने के लिए प्रोत्साहित करना तथा साथ ही पेड़ों के लाभ और सरंक्षण व पेड़ों को काटने से होने वाले नुकसान के बारे में लोगों को जागरूक करना है।



लकेश चंदेल
जिला बिलासपुर (हि.प्र.)

अनंत ज्ञान
दैनिक समाचार पत्र

जनसंख्या विस्फोट तथा औद्योगिक क्रांति, आधुनिकरण का सीधा प्रभाव वनों पर पड़ा है। परिणाम स्वरूप वनों की अंधाधुंध कटाई हुई है तथा वनों की संख्या में एक भारी गिरावट के कारण पूरा पर्यावरण असंतुलित होने के कारण विभिन्न प्राकृतिक आपदाएं आने लगी। वन महोत्सव जिसे पेड़ों का त्योहार भी कहा जाता है, एक उत्सवों का महा उत्सव है क्योंकि अगर वन है तभी हम हैं। पेड़-पौधे पर्यावरण में ऑक्सीजन प्रदान करते हैं जो कि मनुष्य तथा विभिन्न जीव-जंतुओं को जीवित रहने के लिए बहुत ही जरूरी है। ऑक्सीजन को हम सांस के रूप में अंदर लेते हैं तथा कार्बन डाइऑक्साइड को बाहर छोड़ते हैं। इसी कार्बन डाइऑक्साइड को पेड़ पौधे प्रकाश संश्लेषण विधि द्वारा उपयोग में लाकर पर्यावरण को संतुलित तथा शुद्ध रखते हैं। अगर पेड़-पौधे नहीं होंगे तो हमारे पर्यावरण में ऑक्सीजन खत्म हो जाएगी तथा कार्बन डाइऑक्साइड की मात्रा बढ़ जाने के कारण सभी जीव जंतु व प्राणी मृत्यु को प्राप्त हो जाएंगे। पेड़ पौधे भूस्खलन , बाढ़, आंधी तूफान इत्यादि को रोकने में भी बहुत लाभदायक होते हैं, क्योंकि इनकी जड़ें मिट्टी को जकड़े रखती है। पेड़-पौधों से विभिन्न जीवों को रहने के लिए आश्रय,भोजन, फल, विभिन्न औषधियां प्राप्त होती हैं। संपूर्ण विश्व जैसे-जैसे उन्नति की राह पर अग्रसर हो रहा है, वैसे ही वह बहुत अधिक स्वार्थी तथा लालची बन गया है। आज मनुष्य भूल रहा है कि वह वनों की अत्यधिक कटाई करके वह सिर्फ पर्यावरण को ही नहीं, बल्कि खुद को भी नष्ट कर रहा है। ग्लोबल वार्मिंग, वायु प्रदूषण, सूखा पड़ना यह सब वनों की संख्या कम होने के कारण ही है। पेड़-पौधे वर्षा लाने में बहुत सहायता करते हैं। आज वनों को बचाना बहुत आवश्यक है। हमारा अस्तित्व वनों पर निर्भर करता है वनों को काटने से पृथ्वी पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ रहा है पर्यावरण का संतुलन लगातार बिगड़ता जा रहा है। कई जीव जंतुओं की प्रजातियां विलुप्त हो रही है। समय रहते हम सभी को सतर्क हो जाना चाहिए अन्यथा हम सब कुछ खो बैठेंगे और प्रकृति अपना विकराल रूप धारण कर लेगी। जो आज भूकंप,भूस्खलन, सुनामी, तूफान आ रहे हैं यह सब प्रकृति का विकराल रूप ही है। एक समय था जब हमारी पृथ्वी के कुल क्षेत्रफल पर आधे से अधिक क्षेत्र वनों से भरे पड़े थे। आंकड़ों के अनुसार देश के कुल भौगोलिक क्षेत्रफल पर 33% वन होने चाहिए, परंतु आज हालात यह है कि हमारे कुल भौगोलिक क्षेत्रफल पर 30% से भी कम वन रह गए हैं, जो कि एक बहुत बड़ी समस्या बन चुकी है। इस समस्या का एकमात्र समाधान है वन महोत्सव रूपी महापर्व को पूरे देश में धूमधाम से मनाया जाए। इस महापर्व का आगाज विश्व स्तर पर होना चाहिए तथा वन महोत्सव जैसे महायज्ञ में सबको वृक्ष लगाकर अपनी आहुति देनी चाहिए।



तुलसी का पौधा, पीपल, केले, आम के वृक्ष ऐसे पेड़ पौधे हैं जिनकी हमारे पूर्वज पुराने समय से पूजा पाठ करते आ रहे हैं। इन सब पहलुओं से पता चलता है कि पुराने समय में से ही पेड़ पौधों की महत्वता व उपयोगिता को समझा जा रहा है। सभी मनुष्यों को यह संकल्प लेना चाहिए कि अगर जरूरत के लिए एक वृक्ष काटना है तो उसके बदले कम से कम बीस वृक्ष लगाने हैं। सभी देशवासियों को 1 से 7 जुलाई तक वन महोत्सव मनाना चाहिए। क्योंकि भारत देश एक विश्व गुरु है तथा समस्त विश्व को भारत देश ही एक नई राह दिखाता है, जिससे विश्व कल्याण होता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# चिट्टे का बढ़ता जाल युवा पीढ़ी और समाज के सामने सबसे बड़ी चुनौती

देवभूमि हिमाचल प्रदेश आज जिस गंभीर सामाजिक संकट का सामना कर रहा है, उसमें नशे का बढ़ता प्रचलन सबसे चिंताजनक विषय बनकर उभरा है। कभी शांत, संस्कारित और अनुशासित समाज के लिए पहचाने जाने वाले हिमाचल में आज चरस, गांजा, अफीम, भांग, चिट्टा और अन्य केमिकल नशों का फैलता जाल युवाओं के भविष्य को निगलता जा रहा है।



ठाकुर हेमराज राणा
स्वतंत्र लेखक, सिरमौर

अनंत ज्ञान
दैनिक समाचार पत्र

यह समस्या अब केवल बड़े शहरों तक सीमित नहीं रही, बल्कि गांव-गांव तक अपनी जड़ें जमा चुकी है। सबसे अधिक चिंता की बात यह है कि नशे की गिरफ्त में आने वालों में केवल युवक ही नहीं, बल्कि युवतियों की संख्या भी बढ़ती दिखाई दे रही है। आज अनेक माता-पिता अपने बच्चों की शिक्षा, नौकरी और करियर से पहले इस बात को लेकर चिंतित हैं कि कहीं उनका बच्चा नशे की लत का शिकार न हो जाए। क्योंकि एक बार जब कोई युवा नशे की गिरफ्त में आ जाता है, तो उसका जीवन ही नहीं बल्कि पूरा परिवार मानसिक, सामाजिक और आर्थिक संकट में घिर जाता है।

नशे का कारोबार करने वाले समाज विरोधी तत्व युवाओं की कमजोरियों का फायदा उठाकर उन्हें अपने जाल में फंसा रहे हैं। कुछ भटके हुए युवा भी बिना मेहनत और संघर्ष के जल्दी धन कमाने की लालसा में इस अवैध कारोबार का हिस्सा बन रहे हैं। कुछ समय में धनवान बनने की चाह उन्हें अपराध की दुनिया में धकेल देती है। इसका परिणाम यह होता है कि एक ओर युवाओं का भविष्य अंधकारमय हो जाता है, वहीं दूसरी ओर अनेक परिवार अपने घर के चिराग खो देते हैं।

पुलिस प्रशासन इस चुनौती से निपटने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है। प्रदेशभर में नशा तस्करों के खिलाफ अभियान चलाए जा रहे हैं और बड़ी मात्रा में मादक पदार्थों की बरामदगी भी हो रही है। मंडी सहित विभिन्न जिलों में पुलिस अधिकारियों द्वारा 'चिट्टा मुक्त अभियान' को जनआंदोलन का रूप देने की कोशिश की जा रही है। स्कूलों और कॉलेजों में विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया जा रहा है तथा समाज से सहयोग की अपील की जा रही है।



हालांकि केवल पुलिस की कार्रवाई से इस समस्या का समाधान संभव नहीं है। नशे के खिलाफ लड़ाई तभी सफल होगी जब समाज का प्रत्येक वर्ग इसमें अपनी जिम्मेदारी निभाए। अभिभावकों को अपने बच्चों की गतिविधियों, मित्र मंडली और व्यवहार पर सतर्क नजर रखनी होगी। बच्चों में बचपन से ही नैतिक मूल्यों, अनुशासन और सकारात्मक जीवनशैली का विकास करना आवश्यक है। साथ ही युवाओं को खेल, शिक्षा, कला और अन्य रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ने की जरूरत है ताकि वे गलत संगत और नशे से दूर रह सकें। आज समाज में ऐसे अनेक उदाहरण देखने को मिलते हैं जहां अच्छे परिवारों और प्रतिष्ठित पदों पर कार्यरत लोगों के बच्चे भी नशे की चपेट में आ गए हैं। यह स्थिति बताती है कि नशा किसी वर्ग, जाति या आर्थिक स्थिति को नहीं देखता। इसलिए प्रत्येक परिवार को सजग रहने की आवश्यकता है।

यदि हमें अपने प्रदेश को नशामुक्त बनाना है तो केवल सरकार और पुलिस पर निर्भर रहने से काम नहीं चलेगा। नशे का कारोबार करने वाले लोगों की जानकारी समय रहते पुलिस तक पहुंचाना प्रत्येक जागरूक नागरिक का नैतिक दायित्व है। समाज को यह समझना होगा कि यह केवल किसी एक परिवार की समस्या नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश के भविष्य का प्रश्न है।

आवश्यकता इस बात की है कि 'चिट्टा मुक्त हिमाचल' सिर्फ अभियान न रहकर जनांदोलन बने। जब अभिभावक, शिक्षक, सामाजिक संगठन, युवा, प्रशासन और आम नागरिक एकजुट होकर इस लड़ाई में भागीदारी निभाएंगे, तभी नशे के इस बढ़ते खतरे पर प्रभावी नियंत्रण संभव होगा। हिमाचल की पहचान उसकी संस्कृति, सभ्यता और संस्कार हैं। इन्हें बचाने के लिए हमें मिलकर नशे के विरुद्ध निर्णायक संघर्ष करना होगा, तभी आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित और स्वस्थ भविष्य दिया जा सकेगा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# बच्चों को हर खुशी दें, लेकिन संस्कारों की अमूल्य पूंजी अवश्य दें

हर माता-पिता का सपना होता है कि उनके बच्चे जीवन में सुखी, सफल और सम्मानित बनें। वे चाहते हैं कि उनके बच्चों को किसी भी प्रकार की कठिनाई या अभाव का सामना न करना पड़े। आधुनिक युग में माता-पिता अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा, बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं, आकर्षक खिलौने, आधुनिक तकनीकी साधन तथा जीवन की अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने का हर संभव प्रयास करते हैं।



केशव शर्मा 'रसिक
स्वतंत्र लेखक, कोटला, घुमारवीं

अनंत ज्ञान
दैनिक समाचार पत्र

निस्संदेह ये सभी सुविधाएं बच्चों के विकास के लिए महत्वपूर्ण हैं, किंतु इनसे भी अधिक महत्वपूर्ण है उन्हें अच्छे संस्कार प्रदान करना। यदि बच्चों को भौतिक सुख-सुविधाएं तो मिल जाएं, परंतु संस्कार न मिलें, तो उनका व्यक्तित्व अधूरा रह जाता है। इसलिए कहा जाता है कि बच्चों को हर खुशी दें, लेकिन संस्कारों की अमूल्य पूंजी अवश्य दें। संस्कार मनुष्य के जीवन की सबसे बड़ी संपत्ति हैं। ये व्यक्ति के चरित्र, व्यवहार और व्यक्तित्व को आकार देते हैं। संस्कार ही बच्चों को सही और गलत का अंतर समझाते हैं तथा उन्हें जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में उचित निर्णय लेने की क्षमता प्रदान करते हैं। विनम्रता, ईमानदारी, अनुशासन, सहनशीलता, करुणा, कृतज्ञता और जिम्मेदारी जैसे गुण संस्कारों के माध्यम से ही विकसित होते हैं।

एक संस्कारवान व्यक्ति न केवल स्वयं के जीवन को सफल बनाता है, बल्कि परिवार, समाज और राष्ट्र के विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान देता है। इसके विपरीत यदि व्यक्ति के पास धन, शिक्षा और संसाधन तो हों, लेकिन अच्छे संस्कार न हों, तो वह समाज में सम्मान प्राप्त नहीं कर सकता। आज का युग भौतिकवाद और प्रतिस्पर्धा का युग है। बच्चों के पास आधुनिक तकनीक, मोबाइल फोन, इंटरनेट और मनोरंजन के अनेक साधन उपलब्ध हैं। माता-पिता भी अपने बच्चों की हर इच्छा पूरी करने का प्रयास करते हैं, लेकिन कई बार इस प्रक्रिया में नैतिक शिक्षा और संस्कारों की उपेक्षा हो जाती है। परिणामस्वरूप अनेक बच्चे सुविधाओं के बीच पले-बढ़े होने के बावजूद बड़ों का सम्मान करना, दूसरों की भावनाओं को समझना और सामाजिक जिम्मेदारियों का निर्वाह करना नहीं सीख पाते। उनमें धैर्य, सहनशीलता और संवेदनशीलता की कमी देखने को मिलती है। इसलिए आज के समय में संस्कारों का महत्व पहले से कहीं अधिक बढ़ गया है।



माता-पिता अक्सर बच्चों की हर इच्छा पूरी करने को अपना सबसे बड़ा कर्तव्य मानते हैं। वे उन्हें आधुनिक सुविधाएं, महंगे उपकरण और उत्तम शिक्षा प्रदान करते हैं, परंतु यदि उनके साथ अच्छे संस्कार न दिए जाएं तो ये सुविधाएं बच्चों को स्वार्थी और आत्मकेंद्रित बना सकती हैं। जीवन में वास्तविक सफलता केवल धन और संसाधनों से नहीं, बल्कि अच्छे चरित्र, विनम्रता और नैतिक मूल्यों से प्राप्त होती है। इतिहास के अनेक महापुरुषों और स्वतंत्रता सेनानियों ने अपने संस्कारों, अनुशासन और सत्यनिष्ठा के बल पर महान उपलब्धियां हासिल कीं।

बच्चे अपने माता-पिता को देखकर सीखते हैं, इसलिए बड़ों को स्वयं आदर्श प्रस्तुत करना चाहिए। उन्हें बड़ों का सम्मान, जिम्मेदारी, सहयोग, करुणा और सामाजिक उत्तरदायित्व का महत्व सिखाना आवश्यक है। डिजिटल युग में, जब बच्चे मोबाइल और इंटरनेट में अधिक समय बिताते हैं, माता-पिता को उनके साथ संवाद बनाए रखना चाहिए तथा उन्हें पुस्तकों, खेलों और सामाजिक गतिविधियों से जोड़ना चाहिए।

निस्संदेह बच्चों को खुशियां और सुविधाएं देना आवश्यक है, किंतु संस्कारों की अमूल्य पूँजी देना उससे भी अधिक महत्वपूर्ण है। यही संस्कार उन्हें एक श्रेष्ठ इंसान, जिम्मेदार नागरिक और सफल व्यक्तित्व बनने की दिशा प्रदान करते हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

अनंत ज्ञान
प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद धर्मशाला न्यायालय के अधीन होंगे।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## खूबसूरत अंदाज में कसाटकिना

**रूस।** डारिया कसाटकिना एक टेनिस खिलाड़ी है। उनकी शानदार खेल शैली और अच्छी सोच की क्षमता ने उनको शीर्ष दस में खुद को बनाए रखने में मदद की और यह विशेषता, अन्य प्रतिद्वंद्वियों के लिए बहुत मुश्किल हो रही है।



## महिला टी20 विश्व कप डैनी वायट-हॉज की 65 रन की दमदार पारी

# वेस्टइंडीज को हराकर सेमीफाइनल में पहुंचा इंग्लैंड

**एजेंसी, लंदन**



बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों विभागों में शानदार प्रदर्शन के दम पर मेजबान इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज को 38 रन से हराकर महिला टी20 विश्व कप 2026 के सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली। इंग्लैंड टूर्नामेंट की पहली टीम बन गई है जिसने अंतिम चार में प्रवेश किया है। दोनों टीमें इस मुकाबले से पहले अपराजित थीं, लेकिन इंग्लैंड ने एकतरफा अंदाज में जीत दर्ज कर अपनी दावेदारी और मजबूत कर दी।

पहले बल्लेबाजी करते हुए इंग्लैंड ने निर्धारित 20 ओवर में 7 विकेट पर 186 रन बनाए। सलामी बल्लेबाज डैनी वायट-हॉज ने 65 रन की शानदार पारी खेली, जबकि कप्तान हीदर नाइट ने 43 रन का योगदान दिया। हालांकि चिनेल हेनरी ने शुरुआती झटका देते हुए एमी जोन्स को आउट किया, लेकिन डैनी वायट-हॉज और हीदर नाइट ने पारी को संभाल लिया। वेस्टइंडीज की ओर से अशमिनी मुनिसार ने दो विकेट लिए। 187 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज की शुरुआत बेहद धीमी रही। पावरप्ले के पहले तीन ओवरों में टीम केवल 12 रन ही बना सकी। कप्तान हेली मैथ्यूज ने कुछ आकर्षक शॉट लगाए, लेकिन विवादास्पद फैसले का शिकार होकर 14 रन पर आउट हो गईं।

इसके बाद डिएंड्रा डॉटिन ने तेजी से रन बनाने की कोशिश की, लेकिन बड़ी पारी नहीं खेल सकीं। मध्यक्रम भी दबाव में बिखर गया और टीम नियमित अंतराल पर विकेट गंवाती रही। अंतिम ओवरों में चिनेल हेनरी ने संघर्ष करते हुए नाबाद 51 रन बनाए, लेकिन वह टीम को जीत नहीं दिला सकीं। वेस्टइंडीज की टीम 20 ओवर में 5 विकेट पर 148 रन ही बना सकी। इंग्लैंड की ओर से चार्ली डीन ने दो विकेट झटके, जबकि अन्य गेंदबाजों ने भी कसी हुई गेंदबाजी कर वेस्टइंडीज को लक्ष्य से काफी दूर रखा। इस जीत के साथ इंग्लैंड ने लगातार शानदार प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया, जबकि वेस्टइंडीज को अब अगले मुकाबलों में बेहतर प्रदर्शन की जरूरत होगी। (अनंत ज्ञान)

## यूएस ओपन बैडमिंटन: तन्वी और श्रीकांत ने जीत के साथ किया आगाज

**एजेंसी, फुलर्टन (अमेरिका)**

विश्व जूनियर चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता तन्वी शर्मा और थाईलैंड मास्टर्स चैंपियन देविका सिहाग ने गुरुवार को शानदार प्रदर्शन करते हुए यूएस ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट 2026 के महिला एकल वर्ग में विजयी शुरुआत की। तन्वी शर्मा ने जर्मनी की यवोन ली को 23-21, 21-16 से हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया। वहीं देविका सिहाग ने पेरू की इनेस लूसिया कास्टिलो को सीधे गेमों में 21-14, 21-14 से पराजित किया।

पुरुष एकल वर्ग में भारतीय खिलाड़ियों के बीच हुए मुकाबले में उभरते शटलर रौनक चौहान ने पूर्व विश्व जूनियर चैंपियनशिप रजत पदक विजेता एस शंकर मुथुसामी को 23-21, 21-16 से हराकर अगले दौर का टिकट कटाया। टूर्नामेंट के पांचवीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत ने भी प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए भारतीय खिलाड़ी डी सनीत को मात्र 30 मिनट में 21-14, 21-12 से हराकर दूसरे दौर में जगह बनाई। महिला एकल में रक्षिता श्री ने भी जीत दर्ज की। उन्होंने चेक गणराज्य की टेरेजा स्वाबिकोवा को 21-15, 21-8 से हराया।

मिश्रित युगल वर्ग में भारत की सातवीं वरीयता प्राप्त जोड़ी ध्रुव रावत और के. मनीषा ने इंडोनेशिया के विरावन इहसान आदम और सेरेना कानी को 21-15, 21-16 से पराजित कर अगले दौर में प्रवेश किया। भारतीय जोड़ी ने यह मुकाबला केवल 26 मिनट में अपने नाम किया। भारतीय खिलाड़ियों के इस शानदार प्रदर्शन से टूर्नामेंट में भारत की चुनौती मजबूत हुई है और कई खिलाड़ी दूसरे दौर में पहुंचकर खिताब की दौड़ में बने हुए हैं। (अनंत ज्ञान)



# फीफा विश्व कप: मेक्सिको ने चेकिया को 3-0 से रौंदा

**एजेंसी, मेक्सिको सिटी**



मेक्सिको ने फीफा विश्व कप 2026 में शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए वीरवार को चेकिया को 3-0 से हराकर ग्रुप चरण के अपने तीनों मुकाबले जीत लिए। इस जीत के साथ मेक्सिको ने इतिहास रचते हुए पहली बार विश्व कप के ग्रुप चरण में शत-प्रतिशत जीत दर्ज की। मेक्सिको की जीत के नायक रहे 22 वर्षीय मातेओ चावेज़, जिन्होंने अपने पहले ही विश्व कप में 55वें मिनट में टीम को बढ़त दिलाई। इसके बाद जूलियन क्विनोनेस ने 61वें मिनट में टूर्नामेंट का अपना दूसरा गोल दागकर बढ़त दोगुनी कर दी। मुकाबले के इंजरी टाइम में अल्वारो फिडाल्गो ने तीसरा गोल कर जीत पर मुहर लगा दी। इससे पहले मेक्सिको का सर्वश्रेष्ठ ग्रुप चरण प्रदर्शन दो जीत और एक ड्रॉ का रहा था, जो 1986 और 2002 विश्व कप में देखने को मिला था। दिलचस्प बात यह है कि दोनों अभियानों में जेवियर एग्विरे किसी न किसी रूप में टीम से जुड़े थे-1986 में खिलाड़ी और 2002 में मुख्य कोच के रूप में। ग्रुप-ए में शीर्ष स्थान पहले ही सुनिश्चित कर चुकी मेक्सिको अब राउंड ऑफ 32 में अपने अगले मुकाबले के लिए तैयार है, जो एक जुलाई को एज़्टेका स्टेडियम में खेला जाएगा। दूसरी ओर, चेकिया का अभियान निराशाजनक रहा। टीम तीन मैचों में केवल एक अंक जुटा सकी और टूर्नामेंट से बाहर हो गई। मुकाबले में मेक्सिको के युवा और अनुभवी खिलाड़ियों ने भी सुर्खियां बटोरीं। 17 वर्षीय गिल्बर्टो मोरा विश्व कप में मेक्सिको की ओर से शुरुआती एकादश में उतरने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बने। वहीं, 40 वर्षीय गोलकीपर गिलर्मो 'मेमो' ओचोआ 77वें मिनट में मैदान पर उतरकर विश्व कप के छह संस्करणों में खेलने वाले चुनिंदा खिलाड़ियों की सूची में शामिल हो गए। इस सूची में केवल अर्जेंटीना के लियोनेल मेसी और पुर्तगाल के क्रिस्टियानो रोनाल्डो भी शामिल हैं। हालांकि, मैच के दौरान कुछ दर्शकों द्वारा लगाए गए विवादित नारे भी चर्चा का विषय बने, जिनके कारण पहले भी मेक्सिको फुटबॉल महासंघ को दंड झेलना पड़ा है। (अनंत ज्ञान)

## कनाडा को हराकर स्विट्ज़रलैंड ग्रुप-बी में शीर्ष पर

**वैंकूवर।** फीफा विश्व कप 2026 के ग्रुप-बी मुकाबले में बुधवार को स्विट्ज़रलैंड ने कनाडा को 2-1 से हराकर अंक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया। बीसी वैंकूवर स्टेडियम में खेले गए इस रोमांचक मुकाबले में तीनों गोल दूसरे हाफ में देखने को मिले। पहले हाफ में दोनों टीमें गोल करने में नाकाम रहीं, लेकिन दूसरे हाफ की शुरुआत होते ही स्विट्ज़रलैंड ने आक्रामक रुख अपनाया। 46वें मिनट में रूबेन वर्गास ने गोल दागकर टीम को बढ़त दिलाई। इसके बाद 57वें मिनट में योहान मांजाम्बी ने दूसरा गोल कर स्विट्ज़रलैंड की स्थिति मजबूत कर दी और स्कोर 2-0 कर दिया। दो गोल से पिछड़ने के बाद कनाडा ने वापसी की कोशिश की। 76वें मिनट में प्रॉमिस डेविड ने गोल कर अंतर कम किया और मुकाबले को रोमांचक बना दिया। मैच के अंतिम क्षणों में कनाडा बराबरी के बेहद करीब पहुंच गया था। अतिरिक्त समय के आखिरी मिनट में अलिस्टेयर जॉनस्टन का हेडर सीधे स्विट्ज़रलैंड के गोलकीपर ग्रेगोर कोबेल के हाथों में चला गया और कनाडा की उम्मीदें टूट गईं। इस जीत के साथ स्विट्ज़रलैंड ने ग्रुप-बी में शीर्ष स्थान सुनिश्चित कर लिया, जबकि कनाडा को करीबी हार के बावजूद अगले चरण की उम्मीदों के लिए अन्य परिणामों पर निर्भर रहना होगा।



## दक्षिण कोरिया को 1-0 से हराकर द. अफ्रीका नॉकआउट में

**एजेंसी, मेक्सिको**



दक्षिण अफ्रीका ने फीफा विश्व कप 2026 में इतिहास रचते हुए दक्षिण कोरिया को 1-0 से हराकर पहली बार नॉकआउट चरण में जगह बना ली। मोंटेरे में खेले गए ग्रुप ए मुकाबले में थापेलो मासेको के दूसरे हाफ में किए गए निर्णायक गोल ने टीम को यादगार जीत दिलाई। 2010 में अपने देश में आयोजित विश्व कप के बाद पहली बार टूर्नामेंट में खेल रही दक्षिण अफ्रीका को शुरुआती मैच में मेक्सिको से हार मिली थी, लेकिन टीम ने शानदार वापसी करते हुए चेक गणराज्य के खिलाफ ड्रॉ खेला और दक्षिण कोरिया को हराकर अंतिम-32 का टिकट हासिल कर लिया।

मैच में दक्षिण कोरिया ने शुरुआत से दबाव बनाया। किम मिन-जे और ली कांग-इन के प्रयास गोल में नहीं बदल सके। दूसरी ओर, दक्षिण अफ्रीका भी मिले मौकों का फायदा नहीं उठा सकी। दूसरे हाफ में दक्षिण कोरिया ने सोन ह्युंग-मिन को मैदान पर उतारा, लेकिन 63वें मिनट में त्शेपांग मोरेमी के क्रॉस पर मासेको ने गोल दागकर अपनी टीम को बढ़त दिला दी। इसके बाद गोलकीपर रोनवेन विलियम्स और रक्षापंक्ति ने बढ़त बरकरार रखी। इस जीत के साथ दक्षिण अफ्रीका ने नॉकआउट में जगह बनाई, जहां उसका सामना कनाडा से होगा। (अनंत ज्ञान)

## चोट से उबरकर दीपिका की दमदार वापसी, नेशंस कप में दागे 6 गोल

**एजेंसी, नई दिल्ली।** चोट के कारण करीब एक साल तक मैदान से दूर रहने वाली भारतीय महिला हॉकी टीम की स्टार ड्रैग फ्लिकर दीपिका ने एफआईएच नेशंस कप में शानदार वापसी करते हुए सबसे ज्यादा छह गोल दागे और भारत को खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई। इस जीत के साथ भारतीय टीम ने प्रो लीग में भी वापसी की है। पिछले साल एशिया कप से ठीक पहले हैमस्ट्रिंग की गंभीर चोट के कारण दीपिका लंबे समय तक टीम से बाहर रहीं। उन्होंने कहा कि यह दौर उनके लिए बेहद मुश्किल था, लेकिन नेशंस कप में वापसी के बाद उनका आत्मविश्वास फिर से लौट आया है। दीपिका ने अपनी सफल वापसी का श्रेय मुख्य कोच शोर्ड मारिन, स्ट्रेंथ एवं कंडीशनिंग कोच वेन लोम्बार्ड और सपोर्ट स्टाफ को दिया। उन्होंने कहा कि बेहतर रिहैबिलिटेशन और लगातार मेहनत की बदौलत वह दोबारा शीर्ष स्तर पर खेलने में सफल रहीं। 22 वर्षीय खिलाड़ी ने ड्रैग फ्लिक विशेषज्ञ ताइके ताकेमा के साथ विशेष प्रशिक्षण को भी उपयोगी बताया। उन्होंने कहा कि वीडियो विश्लेषण और तकनीकी सुधार से उनके प्रदर्शन में काफी निखार आया है। दीपिका ने विश्वास जताया कि भारतीय टीम विश्व कप और एशियाई खेलों में भी इसी लय को बरकरार रखेगी। (अनंत ज्ञान)



## चांदी 6550 रुपए सस्ती, सोना 2156 गिरकर 1.40 लाख रुपए पहुंचा

**एजेंसी, नई दिल्ली।** सोने-चांदी की कीमतों में 25 जून को गिरावट है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के मुताबिक, वीरवार को एक किलो चांदी 6,550 रुपए घटकर 2.15 लाख रुपए पर आ गई है। चांदी 3 दिन में ही 22 हजार रुपए सस्ती हो चुकी है। वहीं, 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 2,156 रुपए गिरकर 1.40 लाख रुपए आ गया है। इससे पहले यह 1.42 लाख पर था। सोना के दाम इस महीने 16 हजार रुपए और चांदी के 48 हजार रुपए गिरे हैं। 1 जून को सोना 1.56 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम और चांदी 2.63 लाख प्रति किलो थी। (अनंत ज्ञान)

## सेंसेक्स 703 अंक टूटा और निफ्टी 24,100 पर बंद

**एजेंसी, मुंबई।** वीरवार 25 जून को सेंसेक्स अपने डे हाई से 703 अंक टूट गया, वहीं निफ्टी भी 24,100 के मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे फिसल गया। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 109 अंक (0.14 प्रतिशत) की बढ़त के साथ 77,100 पर और निफ्टी 34 अंक (0.14 प्रतिशत) बढ़कर 24,056 पर बंद हुआ। वीरवार के कारोबार में ऑटो और एफएमसीजी शेयरों में सबसे ज्यादा खरीदारी रही। वहीं, आईटी और मेटल शेयरों में बिकवाली। निफ्टी के 50 शेयरों में से 25 में तेजी और 25 में गिरावट रही। वहीं, सेंसेक्स के 30 में से 19 शेयरों में गिरावट और 11 शेयरों में तेजी रही। इंडिगो सेंसेक्स का टॉप गेनेर रहा। (अनंत ज्ञान)

## इबोला प्रभावित देश से आने वालों को देना होगा सेहत का ब्योरा, एयर सुविधा पोर्टल शुरू

**एजेंसी, नई दिल्ली**




इबोला के खतरे को देखते हुए इबोला प्रभावित देशों से भारत आने वाले यात्रियों के लिए एयर सुविधा पोर्टल को सक्रिय कर दिया गया है। अब सभी अंतरराष्ट्रीय यात्रियों को विमान में सवार होने से पहले अनिवार्य रूप से ऑनलाइन सेल्फ-डिक्लरेशन फॉर्म भरना होगा।

स्वास्थ्य मंत्रालय ने वीरवार को बताया कि नागरिक उड्डयन मंत्रालय और डायल के सहयोग से डीजीएचएस द्वारा एयर सुविधा 2.0 पोर्टल लॉन्च किया गया है। इसका उद्देश्य भारत के सभी प्रवेश बिंदुओं पर इबोला सहित अन्य स्वास्थ्य जोखिमों की समय रहते पहचान सुनिश्चित करना है। मंत्रालय के अनुसार, यह प्रणाली स्वास्थ्य, इमिग्रेशन और निगरानी एजेंसियों के बीच रियल-टाइम समन्वय को मजबूत करेगी, जिससे संदिग्ध यात्रियों की तेजी से पहचान संभव हो सकेगी। फॉर्म यात्रा से 24 घंटे पहले तक भरा जा सकता है और वेब चेक-इन या बोर्डिंग से पहले इसे पूरा करना अनिवार्य है। यात्रियों को सलाह दी गई है कि वे फॉर्म की कॉपी अपने पास रखें और जरूरत पड़ने पर इमिग्रेशन या स्वास्थ्य डेस्क पर प्रस्तुत करें। मंत्रालय ने सभी यात्रियों से अपील की है कि वे सही और पूर्ण जानकारी भरें, ताकि भारत आगमन पर प्रक्रिया सुचारु और तेज रहे।

## असम में भारतीय वायुसेना ने किया युद्धाभ्यास

**एजेंसी, शिवसागर (असम)।** असम के शिवसागर जिले स्थित ऐतिहासिक जयसागर तालाब में वीरवार को भारतीय वायुसेना ने युद्धाभ्यास किया। इस दौरान वायुसेना के जवानों ने अपनी परिचालन क्षमता और त्वरित तैनाती कौशल का प्रदर्शन किया। करीब आधे घंटे तक चले इस अभ्यास में हेलिकॉप्टरों के माध्यम से विभिन्न सैन्य गतिविधियां संचालित की गईं। युद्धाभ्यास के दौरान पैराट्रूपरों ने आकाश मार्ग से हेलिकॉप्टरों से सीधे जयसागर तालाब में छलांग लगाई, जिससे उपस्थित लोगों में उत्सुकता का माहौल बन गया।

यह अभ्यास विशेष परिस्थितियों में हवाई अभियान संचालन और आपातकालीन प्रतिक्रिया क्षमता को परखने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। वायुसेना के जवानों ने सफलतापूर्वक अपने निर्धारित अभियानों का प्रदर्शन किया। युद्धाभ्यास को देखने के लिए जयसागर तालाब के किनारे बड़ी संख्या में लोग एकत्र हुए। (अनंत ज्ञान)

## मालदा में एसआईआर विरोधी हिंसा मामले में एनआईए ने एक और आरोपी किया गिरफ्तार

**एजेंसी, कोलकाता**

राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने पश्चिम बंगाल के मालदा जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण से जुड़े विरोध प्रदर्शनों, हिंसा और न्यायिक अधिकारियों को अवैध रूप से बंधक बनाए जाने के मामले में एक स्थानीय कांग्रेस नेता को गिरफ्तार किया है। एनआईए ने मोथाबाड़ी निवासी सायेम चौधरी उर्फ बाबू चौधरी को कोलकाता स्थित अपने शाखा कार्यालय में पूछताछ के बाद हिरासत में लिया। इस मामले में अब तक 30 आरोपितों की गिरफ्तारी हो चुकी है और जांच जारी है।

वीरवार को जारी एनआईए के बयान के अनुसार, सायेम चौधरी एक अप्रैल 2026 को ब्लॉक-2 विकास खंड कार्यालय में न्यायिक अधिकारियों को अवैध रूप से रोके जाने की घटना का प्रमुख आरोपित है। वह उस भीड़ का हिस्सा था, जिसने कानून-व्यवस्था बाधित की और सरकारी कार्य में लगे पुलिसकर्मियों पर हमला किया। हमले में नौ पुलिसकर्मी घायल हुए थे। जांच में सामने आया है कि आरोपी ने घटना से एक दिन पहले विकास खंड कार्यालय के सामने भाषण देकर लोगों को हिंसक प्रदर्शन के लिए उकसाया था। एनआईए का आरोप है कि उसने अन्य आरोपितों के साथ मिलकर साजिश रची और मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया के दौरान हिंसा, धमकी और बाधा उत्पन्न करने वाली गैर-कानूनी भीड़ में सक्रिय भूमिका निभाई।

एनआईए मालदा जिले में विधानसभा चुनाव से पहले मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया के दौरान हुए भीड़ प्रदर्शनों और न्यायिक अधिकारियों को अवैध रूप से रोके जाने से जुड़े एक दर्जन से अधिक मामलों की जांच कर रही है। एनआईए ने कहा कि बड़े स्तर पर हुई चुनाव पूर्व हिंसा के पीछे की साजिश में शामिल सभी आरोपितों की पहचान और तलाश के लिए जांच जारी है। (अनंत ज्ञान)

## 'संविधान हत्या दिवस' पर लोकतंत्र की रक्षा करने वालों को श्रद्धांजलि

# आपातकाल संविधान पर था सीधा आघात : मोदी

**एजेंसी, नई दिल्ली**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आपातकाल को संविधान पर सीधा हमला बताते हुए उन सभी लोगों को श्रद्धांजलि दी है, जिन्होंने उस समय लोकतांत्रिक मूल्यों की दृढ़तापूर्वक रक्षा की थी। मोदी ने वीरवार को देशभर में मनाए जाने वाले संविधान हत्या दिवस का उल्लेख करते हुए सोशल मीडिया पर पोस्ट में कहा,' आज, हम उन सभी लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं जिन्होंने भारत के इतिहास के सबसे अंधकारमय अध्यायों में से एक, आपातकाल, के दौरान लोकतांत्रिक मूल्यों की दृढ़तापूर्वक रक्षा की।

आपातकाल हमारे संविधान पर सीधा आघात था। इस दौरान नागरिक स्वतंत्रताओं का निलंबन, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर प्रतिबंध, राजनीतिक नेताओं, पत्रकारों और सामाजिक कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारियां तथा उन संस्थाओं पर प्रहार देखने को मिला जो हमारे लोकतंत्र की आधारशिला हैं। उन्होंने कहा कि इसने असंख्य नागरिकों के असाधारण साहस को भी उजागर किया, जिन्होंने मौन रहने से इनकार किया और संविधान में निहित आदर्शों को बनाए रखा।

प्रधानमंत्री ने कहा कि सभी के लिए संविधान 140 करोड़ भारतीयों की आकांक्षाओं, अधिकारों और कर्तव्यों का प्रतीक है। उन्होंने कहा, 'हम संवैधानिक मूल्यों की रक्षा के प्रति अपनी सामूहिक प्रतिबद्धता की पुनः पुष्टि करते हैं। अपने संविधान की भावना से प्रेरित होकर, हम ऐसे भारत का निर्माण करेंगे जो न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व के प्रति सदैव समर्पित रहेगा।'

मोदी ने कहा कि संविधान हत्या दिवस हमें उस काले दौर की याद दिला रहा है, जब भारतीय लोकतंत्र को बुरी तरह से कुचला गया था। यह हमें लोकतंत्र, संविधान और नागरिक अधिकारों की रक्षा के लिए हमेशा प्रतिबद्ध रहने को प्रेरित करता है। आपातकाल का विरोध करने वाली सभी विभूतियों को सादर नमन।' संविधान हत्या दिवस हर साल 25 जून को मनाया जाता है। सरकार ने 1975 में इसी दिन तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा देश में लगाए गए आपातकाल के विरोध में इसे मनाने की शुरुआत की थी। (अनंत ज्ञान)

**व अदालत सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी तहसील जोगिन्द्र नगर जिला मण्डी, हि.प्र.**

मिसल न0- 8073180
तारीख मरजुआ-15-06-2026
तारीख पेशी- 15-07-2026

Ajit Singh s/o Parma Ram, Village Sandral Mohal Suja Po Matroo Tehsil Joginder Nager Disst Mandi HP
Applicant. Applicant
Vrs
General Public. Respondent.

**अखबारी ईशतहार**

Application for correction of revenue entries.
Ajit Singh s/o Parma Ram, Village Sandral Mohal Suja Po Matroo Tehsil Joginder Nagar Distt. Mandi H. P. ने इस न्यायलय में आवेदन पत्र / शपथी पत्र गुज़ार कर यह अनुरोध किया है, कि उसका वास्तविक नाम अजीत सिंह है जोकि उसके आधार कार्ड व स्कूल प्रमाण पत्र में भी दर्ज कागजात है। परन्तु राजस्व अभिलेख महल सूजा में उसका नाम जफा उपनाम अजीत सिंह दर्ज कागजात है। जो कि गलत दर्ज कागजात है। जिसे दुरुस्त करने के आदेश पारित किये जाये।
अत: इस ईशतहार के माध्यम से सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि अगर किसी को उपरोक्त प्रार्थी के दावा बारे किसी प्रकार का कोई उजर / एतराज है, तो वह दिनांक 15-07-2026 को प्रातः 10:00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी के समक्ष इसे असालतन व वकालतन प्रस्तुत कर सकता / सकती है। आम जनता की ओर से उपरोक्त दिनांक एवं समय तक कोई भी उजर एतराज प्रस्तुत न होने की सूरत में उनके विरुद्ध एक तरफा कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।
आज दिनांक 25.06.2026 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर अदालत से जारी हुआ।

सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी, 2nd Grade जोगिन्दर नगर, जिला मण्डी हि. प्र.

**IN THE COURT OF Sh. GAGGAN DEEP, EXECUTIVE MAGISTRATE-CUM-NAIB TEHSILDAR, DHEERA, DISTRICT KANGRA HIMACHAL PRADESH.**
Date of hearing 8-7-2026
Cae No.813231/2026
*In the matter of-* Vandana w/o Surinder Singh, R/O V.P.O. Dheera Tehsil Dheera Distt. Kangra (H.P.), Tehsil Dheera, District Kangra, Himachal Pradesh ...*Applicant*
Versus
General Public, Tehsil Dheera, District Kangra, Himachal Pradesh ...*Respondents*

**Proclamation regarding correction of name under section 37(i) & (ii) of HPLRA, 1954.**
Whereas, Vandana w/o Surinder Singh, R/O V.P.O. Dheera Tehsil Dheera Distt. Kangra (H.P.), has filed an application alongwith an affidavit before this court that the name of her husband has been documents such as Adhar card and Parivar Nakal, the correct name has been recorded as Surinder Singh S/o Late Sh. Lakha. Hence, applicant has filed an application for correction of name of her husband as "Surinder Singh alias Surinder Kumar s/o Lakha" in the revenue record of mohal and mauza Dheera, tehsil Dheera, district Kangra HP.
Now, therefore, objections, if any are invited from the general public with regard to the correction of name of applicant's husband i.e. "Surinder Singh alias Surinder Kumar s/o Lakha". Any person having any objection in this regard may appear in this court on or before 8-7-2026, either personally or through a duly authorized agent or counsel. In case no objection is received within stipulated period, the matter shall be decided as ex-parte without any further opportunity of being heard and final order for correction of name shall be passed, accordingly.
Issued under my hand and seal of the court today, 25-06-2026
*Executive Magistrate*
*DHEERA Kangra*

**व अदालत तहसीलदार एंव सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी प्रागपुर जिला कांगड़ा हि0 प्र0 ।**
मु.न0:–812944/2026
किस्म मुकदमा: तकसीम
तारीख पेशी:– 28–07–2026
1. जीवन कुमार 2. विपन कुमार पुत्रान तेज लाल 3. वन्ती देवी विध्वा वावू राम वासी मन्याला उपराला तहसील प्रागपुर जिला काँगड़ा हि0 प्र0
**बनाम**– 1. महिन्दर सिंह पुत्र उधम सिंह, 2. अश्वनी कुमार पुत्र उधम सिंह, 3. संजीव कुमार पुत्र उधम सिंह, 4. देश राज पुत्र शोभा, 5 जौहन्डू राम उपनाम जैमल सिंह पुत्र रामसरन, 6. यशपाल सिंह जौहन्डू राम उपनाम जैमल सिंह, 7. प्रदीप सिंह जोहन्डू राम उपनाम जैमल सिंह, 8. विजय कुमार जौहन्डू राम उपनाम जैमल सिंह, 9. सुरेन्दर कुमार पुत्र जौहन्डू राम उपनाम जैमल सिंह, 10. प्रीतम सिंह पुत्र चूहडू, 11. राकेश कुमार पुत्र चूहडू, 12. मुकेश कुमार पुत्र चूहडू, 13. राजेश कुमार पुत्र मोती लाल, 14. अनिल कुमार पुत्र मोती लाल 15. मोती लाल पुत्र जैकरण, 16. काका राम पुत्र जगत राम, 17. रमेश चन्द पुत्र चरण दास, 18. जोगिन्दर सिंह पुत्र चरण दास, 19. हरबंस चन्द पुत्र चुहडू, 20. वेबी पुत्री पंजू, 21. कौशल्या देवी विध्वा पंजू, 22. अजय कुमार पुत्र मेला राम, 23. पवन कुमार पुत्र मेला राम, 24. सीमा देवी पुत्री मेलू राम, 25. करमो देवी विध्वा मेलू राम, 26. मन्शा राम पुत्र शिवामा, 27. विशाल पुत्र रतन सिंह, 28. प्रियंका पुत्री रतन सिंह, 29. रजनी कुमारी विध्वा रतन सिंह, 30. शम्भू राम पुत्र मौदू, 31. सरला देवी पुत्री मौदू, 32. योगराज पुत्र सुरती, 33. देसराज पुत्र सुरती, 34. स्वर्णा देवी विध्वा सुरती, 35. प्रकाश चन्द पुत्र दीनू ।
**समस्त वासीगण मन्याला उपराला तहसील प्रागपुर जिला कांगड़ा हि0 प्र0**
**विषय:**– भूमि तकसीम खाता नम्बर 157, खतौनी 197, खसरा कित्ता 2, रकबा 00–61–66 है0 स्थित महाल मन्याला उपराला तहसील प्रागपुर जिला कांगड़ा हि0 प्र0 जमाबन्दी वर्ष 2022-23।
**समन बनाम:– प्रतिवादी न0 :– 1 ता 35**
उपरोक्त मुकदमा इस न्यायालय में विचाराधीन है। इसमें उपरोक्त प्रतिवादीगणों को बार बार समन जारी किये गये परन्तु उनकी तामील साधारण तरीके से न हो पा रही हैं। अतः अब इस मुस्तहरी/अख़बारी इश्तिहार द्वारा प्रतिवादीगण को सूचित किया जाता है कि वह असाली पेशी दिनांक 28–07–2026 को अधोहस्ताक्षरी की अदालत में असालतन या वकालतन हाजिर होवे। गैर हाजिरी की सूरत में एक तरफा कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। आज दिनांक 25–06–2026 को हस्ताक्षर व मोहर सहित जारी हुआ।
**सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी प्रागपुर जिला कांगड़ा हि0 प्र0**

# रील बनाने के लिए जान जोखिम में डालकर ब्यास में उतर रहे पर्यटक

## चेतावनी बोर्ड बेअसर, अब नदी किनारे स्टंट करने वालों के कटेंगे चालान

अनंत ज्ञान

**एम बोकटापा, मनाली।** मनाली में पर्यटन सीजन के चलते मनाली में पर्यटकों की लापरवाही प्रशासन के लिए चिंता का कारण बन गई है। ब्यास नदी के किनारे जगह-जगह चेतावनी बोर्ड लगाए जाने के बावजूद सैलानी अपनी जान की परवाह किए बिना नदी के बीचों-बीच पत्थरों पर उतरकर रील और फोटो खींच रहे हैं।

सिर्फ सोशल मीडिया पर वायरल होने की चाह में लोग उफनती लहरों के बीच खड़े हो रहे हैं। ब्यास का बहाव तेज और अप्रत्याशित है। पल भर में जलस्तर बढ़ने से हादसे की आशंका हमेशा बनी रहती है। कुल्लू से बाहंग तक जगह-जगह पर्यटकों को नदी किनारे अठखेलियां करते सरेआम देखा जा सकता है। स्थानीय प्रशासन ने अब इसे गंभीरता से लेते हुए सख्त रुख अपनाया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अब चेतावनी की अवहेलना करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी और मौके पर ही चालान काटे जाएंगे। उधर, मनाली उपमंडलाधिकारी (नागरिक) गुंजित सिंह चीमा ने बताया कि पर्यटक सुरक्षा निर्देशों का पालन करें, चेतावनी बोर्डों को नजरअंदाज न करें और अपनी व दूसरों की जान को जोखिम में न डालें। मनाली डीएसपी केडी शर्मा ने बताया कि पुलिस नदी किनारे अठखेलियां करने वाले पर्यटकों पर नजर बनाए हुए है और समय समय पर इलाके में पुलिस द्वारा गश्त भी की जा रही है। मनमानी करने वाले पर्यटकों से चलान किया जा रहा है।

इधर लाइफ लाइन एनजीओ के मुख्य संरक्षक गौतम ठाकुर ने बताया कि लगभग पैंतीस हजार की लागत से दस चेतावनी बोर्ड प्रशासन को मुहैया करवा दिए गए हैं। उपमंडलाधिकारी मनाली के अनुसार इन चेतावनी बोर्डों को हिमाचल प्रदेश पर्यटन विभाग और पुलिस को हर चिन्हित जगहों पर लगाने के लिए दे दिए गए हैं, ताकि कोई भी पर्यटक उन संवेदनशील ब्यास किनारे इलाकों में न जाएं।



ब्यास नदी में फोटोशूट और रील बनाते पर्यटक। अनंत ज्ञान

# घेपन झील के पास फंसे पर्यटकों के लिए देवदूत बनी रेस्क्यू टीम

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, केलांग।** लाहौल-स्पीति की दुर्गम पहाड़ियों में एक बार फिर आपदा एवं बचाव दल की मुस्तैदी ने बड़ी अनहोनी को टाल दिया। घेपन झील के पास फंसे दो पर्यटकों को रातभर चले कठिन रेस्क्यू अभियान के बाद सुरक्षित बचा लिया गया। जानकारी के अनुसार घेपन झील की ट्रैकिंग से लौटते समय रास्ता भटके दो ट्रेकर्स को पुलिस और राहत टीमों ने रात के घने अंधेरे और बेहद दुर्गम रास्तों के बीच से सुरक्षित रेस्क्यू कर लिया है।

यह पूरी घटना 23 जून की शाम को शुरू हुई जब आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर 112 पर सूचना मिली कि दो ट्रेकर रास्ता भटक गए हैं। ट्रैकिंग रूट पर अंधेरा होने और रास्ता बेहद कठिन होने के कारण दोनों आगे बढ़ने में असमर्थ थे। सूचना मिलते ही लाहौल-स्पीति की पुलिस अधीक्षक शिवानी मेहला के निर्देश पर तुरंत कार्रवाई शुरू की गई। पुलिस ने बिना वक्त गंवाए डीडीएमए, अग्निशमन विभाग, होमगार्ड और स्थानीय गाइडों के साथ मिलकर एक संयुक्त रात्रिकालीन खोज और बचाव अभियान छेड़ दिया।

कड़ाके की ठंड और चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के बीच टीमों ने गहन तलाशी अभियान चलाया। आखिरकार टीमों की कड़ी मशक्कत रंग लाई और दोनों ट्रेकर्स को सिस्सू से लगभग 11 किलोमीटर दूर एक नाले के पास सुरक्षित ढूंढ निकाला गया। रेस्क्यू के बाद डॉक्टरों और राहत कर्मियों द्वारा दोनों ट्रेकर्स के स्वास्थ्य की जांच की गई, जिसमें वे पूरी तरह स्वस्थ पाए गए। इसके बाद पुलिस प्रशासन द्वारा उन्हें जरूरी सहायता और जलपान उपलब्ध कराया गया और सुरक्षित उनके गंतव्य के लिए रवाना किया गया। उनकी पहचान मंडी जिला के सरकाघाट क्षेत्र के अजय कुमार और हर्षित ठाकुर के रूप में हुई। प्रशासन ने पर्यटकों से विशेष सावधानी बरतने की अपील की है।



युवाओं को सुरक्षित रेस्क्यू करने के बाद टीम। अनंत ज्ञान

## आनी, जलोड़ी में 28 जून को बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान आनी।** 22 केवी नगाण-आनी तथा नगाण-खनाग फीडरों के आवश्यक रखरखाव एवं मरम्मत कार्य के चलते 28 जून रविवार को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। इस दौरान आनी बाजार, न्यू बस स्टैंड, रोपड़ी, ठोगी -शमेशा, बखनाओ, चवाई, डुगा-शगान, नगाण, हरीपुर, रुना, कष्टा , धार, फाटी जावन, गाडा डीम, काथला, कुटवा, चनोग, जाओं, तराला, बुछैर, कमांद,खुन्न, खनाग, जलोड़ी सहित आसपास के क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति करीब 7 घण्टे प्रभावित रहेगी। विद्युत विभाग के आनी सबडिवीजन के सहायक अभियंता अमर ठाकुर ने उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि निर्धारित समय के दौरान आवश्यक कार्य पहले ही निपटा लें। विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि मौसम अथवा अन्य तकनीकी परिस्थितियों के अनुसार शटडाउन की अवधि में परिवर्तन संभव है।

## न्यूज ब्रीफ

### 16वीं ओपन जिला जूडो चैंपियनशिप 28 को

**अनंत ज्ञान भुंतर।** कुल्लू जिले में खेल प्रतिभाओं को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 28 जून को एलएमएस खेल परिसर कलैहली में 16वीं ओपन जिला जूडो चैंपियनशिप का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता में 300 से अधिक खिलाड़ी भाग लेंगे। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। मुख्य अतिथि करतार सिंह गुलेरिया होंगे। जिला जूडो संघ के अध्यक्ष रणवीर ठाकुर ने बताया कि आयोजन की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और खिलाड़ियों के लिए भोजन व अन्य सुविधाओं की व्यवस्था की गई है।

### क्रिकेट प्रतियोगिता की विजेता टीम की सम्मानित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** नशा मुक्त भारत विशेष अभियान के तहत लाहौल मंडल में 17 से 26 जून तक नशा मुक्त सप्ताह मनाया जा रहा है। इस दौरान विद्यालयों में विद्यार्थियों को शपथ दिलाकर जागरूक किया गया तथा साइकिल रेस, दौड़ और क्रिकेट प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। स्टिंगरी हेलीपैड पर आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता में सीमा सड़क संगठन की टीम विजेता रही, जिसे उपायुक्त किरण भड़ाना ने ट्रॉफी प्रदान की। कार्यक्रम में एसडीएम केलांग कुनिका एकर्स उपस्थित रहीं।

### मोहल में नशा मुक्ति जागरुकता शिविर आयोजित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से आईआरसीए-मेल मौहल द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत 'मादक पदार्थों के दुरुपयोग के विरुद्ध विशेष जागरुकता एवं संवेदनशीलता शिविर' आयोजित किया गया। जिला कल्याण अधिकारी कुल्लू गिरधारी लाल शर्मा ने नशे को सामाजिक समस्या बताते हुए जागरुकता की अपील की। डीआर भारद्वाज ने कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी, जबकि एएसआई डोला राम ने पुलिस कार्रवाई एवं गोपनीयता पर प्रकाश डाला। आकाश ठाकुर ने उपचार एवं पुनर्वास प्रक्रिया की जानकारी दी तथा ललिता वाल्डिया ने युवाओं को नशे से दूर रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम में लगभग 85 लोगों ने भाग लिया और नशा मुक्त समाज के लिए सामूहिक संकल्प लिया गया।

### कुल्लू में विशेष प्रचार अभियान शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** जिला कुल्लू में अनुसूचित जाति कल्याण से जुड़ी सरकारी योजनाओं और जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की जानकारी लोगों तक पहुंचाने के लिए विशेष प्रचार-प्रसार अभियान चलाया जाएगा। यह अभियान सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के माध्यम से 27 जून से 6 जुलाई 2026 तक आयोजित होगा। इस दौरान अधिकृत सांस्कृतिक दल गीत, संगीत और नाटकों के माध्यम से सामाजिक कल्याण, शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वरोजगार और नशा मुक्ति संबंधी संदेश देंगे। अभियान में मन्नत कला मंच, गीत संगीत कला मंच और सहारा कला जत्था भाग लेंगे। जिला प्रशासन ने अधिक से अधिक जनभागीदारी की अपील की है।

### दिव्यांगों एवं वरिष्ठ नागरिकों को बांटे सहायक उपकरण



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** जिला रेडक्रॉस सोसायटी कुल्लू द्वारा निरमंड स्थित डे-केयर सेंटर में दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों के लिए सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि बुद्धि सिंह ठाकुर ने रेडक्रॉस की सेवाओं की सराहना की। कार्यक्रम में लगभग 80 लाभार्थियों को व्हीलचेयर, बैसाखियां, श्रवण यंत्र व अन्य उपकरण वितरित किए गए। समन्वयक चंद्रकेश शर्मा ने रेड क्रॉस की विभिन्न सेवाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### मां पार्वती के तप की महिमा का वर्णन

**अनंत ज्ञान, मनाली।** श्रीमद्भागवत महापुराण कथा एवं महायज्ञ के दौरान कथा व्यास शशांक कृष्ण कौशल ने मां पार्वती के अवतार और उनके कठोर तप की महिमा का वर्णन किया। उन्होंने बताया कि भगवान शिव को पति रूप में पाने के लिए माता पार्वती ने कठिन साधना की। उन्होंने हिमालय को साधना स्थली बताते हुए श्रद्धालुओं से तीर्थों में श्रद्धा एवं भक्ति भाव रखने का आह्वान किया। कथा में मां वैष्णो देवी की महिमा का भी वर्णन हुआ। भजन संध्या में भक्तिमय वातावरण रहा और 'जय माता दी' के जयकारों से पंडाल गूंज उठा।

# आपसी समन्वय से सड़क सुरक्षा व पर्यटकों की सुरक्षा करें सुनिश्चित : किरण भड़ाना

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, केलांग।** उपायुक्त लाहौल-स्पीति किरण भड़ाना की अध्यक्षता में वीरवार को उपायुक्त कार्यालय के सम्मेलन कक्ष में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सड़क सुरक्षा, दुर्घटना संभावित स्थल, यातायात प्रबंधन, स्वास्थ्य सुविधाओं तथा उच्च हिमालयी क्षेत्रों में पर्यटकों की सुरक्षा पर विस्तार से चर्चा हुई।

डीसी ने पुलिस एवं शिक्षा विभाग को विद्यालयों व संस्थानों में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान को प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। ग्राम्फू-काजा-सुमदो मार्ग पर सीमा सड़क संगठन को गति सीमा व चेतावनी संकेतक लगाने तथा लोक निर्माण विभाग को क्रैश बैरियर व सुधार कार्यों में तेजी लाने को कहा गया। बैठक में काजा एवं केलांग में ट्रॉमा सेंटर स्थापना, ऑक्सीजन सुविधा सुदृढ़ करने तथा एम्बुलेंस सेवाओं के बेहतर संचालन पर भी चर्चा हुई। दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में फ्लैशिंग बोर्ड लगाने और नियमित नाकों के संचालन की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने हाल ही में एक्यूट माउंटेन सिकनेस के मामलों को गंभीरता से लेते हुए पर्यटकों के लिए जागरूकता वीडियो तैयार कर व्यापक प्रचार के निर्देश दिए। बैठक में पुलिस अधीक्षक शिवानी मेहला, एसडीएम कुनिका एकर्स सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



बैठक के दौरान अधिकारियों से चर्चा करते हुए डीसी। अनंत ज्ञान

## पल्स पोलियो अभियान की तैयारियां तेज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** लाहौल-स्पीति में 28 जून को आयोजित होने वाले सघन पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान की तैयारियों को लेकर केलांग में जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त किरण भड़ाना ने की। स्वास्थ्य विभाग ने बूथवार व्यवस्थाओं की जानकारी दी तथा बताया कि जिले में 50 से घटाकर 11 बूथ बनाए गए हैं। उपायुक्त ने सभी विभागों को समन्वय से कार्य कर प्रत्येक 0 से 5 वर्ष के बच्चे तक पोलियो खुराक पहुंचाने के निर्देश दिए। उन्होंने दुर्गम क्षेत्रों में विशेष जागरूकता अभियान चलाने तथा कोल्ड-चेन व दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर जोर दिया। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# भगवान रघुनाथ मंदिर में मनाया जलविहार पर्व

**अनंत ज्ञान, कमलेश वर्मा, कुल्लू।** कुल्लू के अधिष्ठाता देवता भगवान रघुनाथ जी के सुल्तानपुर (रघुनाथपुर) स्थित देवालय में वीरवार को जल विहार पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर रघुनाथ जी पूजा अर्चना के अलावा दिनभर भजन कीर्तन का दौर भी जारी रहा। देवालय में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़े। इस दौरान मंदिर के समीप जलाशय में भगवान रघुनाथ जी की जल क्रीड़ा की झलक पाकर श्रद्धालुओं ने पुण्य कमाया।

जल क्रीडा के दौरान पुरोहितों ने जलाशय का पवित्र जल श्रद्धालुओं पर भी छिड़का। इस मौके पर भगवान रघुनाथ जी के मुख्य छड़ीबरदार महेश्वर सिंह भी विशेष रूप से मौजूद रहे। भगवान रघुनाथ जी के अलावा हनुमान शालीग्राम और नरसिंह भगवान सहित सभी मूर्तियों का स्नान के बाद श्रृंगार किया गया। मणिकर्ण घाटी के देवता काली नाग भी विशेष रूप से मौजूद रहे। काली नाग कई सालों के बाद वशिष्ठ शाही स्नान के लिए निकले हैं। भगवान रघुनाथ लाव-लश्कर के साथ अपने देवालय से बाहर निकले। पवित्र कुंड जिसमें पानी भरा गया था, उसमें भगवान की पूजा-अर्चना की। जल विहार उत्सव भगवान रघुनाथ मंदिर में देवविधि से मनाया जाता है। भगवान रघुनाथ के कारदार दानवेंद्र सिंह ने कहा कि काफी अधिक संख्या में श्रद्धालुओं ने जल विहार उत्सव में शिरकत कर आशीर्वाद लिया है। सनद रहे कि वर्षभर मनाए जाने वाले रघुनाथ जी के 40 पर्व में से जल विहार भी एक पर्व है, इन 40 पर्व में से पांच पर्व ऐसे हैं जिनमें रघुनाथ जी अपने मंदिर से बाहर आते हैं, जिनमें दशहरा, वसंत, जल विहार, होली व गोर्वधन पूजा शामिल है। अन्य उत्सवों में रघुनाथ जी की मंदिर में ही विशेष पूजा अर्चना होती है। जल क्रीडा के बाद रघुनाथ जी वापस मंदिर लौटे। भगवान रघुनाथ जी के मुख्य छड़ीबरदार महेश्वर सिंह ने बताया कि कुल्लू में इस पर्व को रघुनाथ जी की त्रेता युग कालीन मूर्ति के स्थास्य काल से ही विधि विधान अनुसार मनाया जा रहा है। यह उत्सव रघुनाथ जी की जल क्रीडा से जुड़ा है।



रघुनाथ मंदिर में जल विहार पर्व के मौके पर परंपराओं का निर्वहन करते हुए। अनंत ज्ञान

# फिल्टर बेड क्षतिग्रस्त होने से 'रिश्ता-मिष्ता' पेयजल योजना का पानी मटमैला, बीमारियों का खतरा

## 2010-11 में डेढ़ करोड़ रुपए की लागत से बनी है योजना, 3000 लोगों को करती है लाभान्वित

अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान मुद्दा

**जितेंद्र गुप्ता, आनी।** क्षेत्र की महत्वपूर्ण 'रिश्ता-मिष्ता' उठाऊ पेयजल योजना से इन दिनों उपभोक्ताओं को मटमैला पानी मिल रहा है, जिससे लोगों में चिंता बढ़ गई है। भाजपा मंडल आनी के अध्यक्ष वेद ठाकुर ने आरोप लगाया है कि योजना के स्रोत पर स्थित फिल्टर बेड कई महीनों से क्षतिग्रस्त पड़ा है, जिसके कारण पेयजल की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है और जलजनित बीमारियों के फैलने का खतरा बढ़ गया है।उन्होंने कहा कि उनके पैतृक गांव सहित आसपास के गांवों में मटमैला पानी नलकों में आ रहा है। उनका कहना है कि वर्तमान में ही पानी की स्थिति चिंताजनक है, जबकि आगामी बरसात के दौरान हालात और अधिक खराब हो सकते हैं।

क्षेत्र के अधिकांश घरों में न तो फिल्टर लगे हैं और न ही आरओ सिस्टम उपलब्ध हैं। जिन घरों में फिल्टर या आरओ लगे भी हैं, वे मटमैले पानी के कारण समय से पहले चोक हो रहे हैं। वेद ठाकुर ने बताया कि वर्ष 2010-11 में लगभग डेढ़ करोड़ रुपये की लागत से निर्मित इस योजना को जनता को समर्पित किया गया था। यह योजना कुंगश, कराणा, कराणा-1 और विनन पंचायतों के दर्जनों गांवों को पेयजल उपलब्ध कराती है तथा लगभग 3000 लोगों को लाभान्वित कर रही है।भाजपा मंडलाध्यक्ष वेद ठाकुर ने जल शक्ति विभाग से मांग की है कि पेयजल आपूर्ति को सुचारू बनाए रखते हुए मटमैले पानी की समस्या का शीघ्र समाधान किया जाए ताकि लोगों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो सके।

उधर, जल शक्ति मंडल आनी के अधिशासी अभियंता ने बताया कि फिल्टर बेड की मरम्मत का कार्य टेंडर के माध्यम से एक ठेकेदार को आवंटित किया गया है, लेकिन ठेकेदार द्वारा काम शुरू नहीं किया गया है। विभाग की ओर से उसे अंतिम नोटिस जारी किया जाएगा। यदि इसके बाद भी कार्य नहीं होता है तो विभाग दोबारा टेंडर प्रक्रिया शुरू करेगा।



## कुल्लू जिले के कसोल में रेव पार्टियों पर हाईकोर्ट का एक्शन

# कुल्लू के एसपी और एसडीएम का ट्रांसफर

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** हिमाचल प्रदेश के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल कुल्लू जिले के कसोल (मणिकर्ण घाटी) में होने वाली अवैध रेव पार्टियों को लेकर हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने बेहद कड़ा रुख अपनाया है। जंगलों में चल रही इन गतिविधियों पर कुल्लू पुलिस द्वारा कथित रूप से की जा रही 'खानापूर्ति' और ढीली कार्रवाई से असंतुष्ट होकर हाईकोर्ट ने एक बड़ा कदम उठाया है। अदालत ने मामले की गंभीरता को देखते हुए कुल्लू के पुलिस अधीक्षक (एसपी) और उपमंडलीय मजिस्ट्रेट (एसडीएम) को तुरंत ट्रांसफर करने के आदेश जारी कर दिए हैं।

हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति गुरमीत सिंह संधावालिया और न्यायाधीश न्यायमूर्ति बिपिन चंद्र नेगी की खंडपीठ ने इस मामले पर विस्तृत सुनवाई की। अदालत ने इस अवैध कारोबार और पार्टियों के संयोजकों (आयोजकों) के खिलाफ कड़ी से कड़ी कानूनी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। खंडपीठ ने दो टूक शब्दों में स्पष्ट किया है कि पारिस्थितिक रूप से संवेदनशील जंगलों में किसी भी कीमत पर रेव पार्टियां नहीं होनी चाहिए। यह पर्यावरण और कानून-व्यवस्था दोनों के लिए बड़ा खतरा है। हाईकोर्ट ने मामले का संज्ञान लेते हुए कुल्लू जिला कानूनी सेवा प्राधिकरण के सचिव को मौके पर जाकर वास्तविक स्थिति का जायजा लेने के आदेश दिए थे। अदालत ने सचिव को निर्देश दिए हैं कि वे स्थानीय प्रशासन और पुलिस अधिकारियों की मदद से उन विशिष्ट स्थानों का निरीक्षण करें जहाँ ये रेव पार्टियां आयोजित की जा रही हैं, और 10 दिनों के भीतर अपनी विस्तृत रिपोर्ट अदालत को सौंपें।

### डीसी और एसपी से मांगा हलफनामा

**न्यायालय** ने कुल्लू के उपायुक्त (डीसी) और पुलिस अधीक्षक (एसपी) की जवाबदेही तय करते हुए उन्हें अदालत में व्यक्तिगत हलफनामे दाखिल करने के निर्देश भी दिए हैं। प्रशासन को मीडिया में आ रही इन गंभीर खबरों पर अपना स्पष्टीकरण देना होगा कि आखिर पुलिस की नाक के नीचे जंगलों में इस तरह के अवैध आयोजन लगातार कैसे हो रहे थे। इस सख्त कदम के बाद से जिला प्रशासन और पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है।

# 300 यूनिट मुफ्त बिजली का वादा जुमला जनता पर बढ़ा बिलों का बोझ : अखिलेश

अनंत ज्ञान



**पतलीकूहल।** प्रदेश में बिजली उपभोक्ताओं पर बढ़ते आर्थिक बोझ को लेकर भाजपा ने कांग्रेस सरकार पर बड़ा हमला बोला है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अखिलेश कपूर ने आरोप लगाया कि विधानसभा चुनावों के दौरान कांग्रेस ने 300 यूनिट मुफ्त बिजली देने का वादा कर जनता से समर्थन हासिल किया था, लेकिन सरकार बनने के लगभग चार वर्ष बाद भी यह वादा धरातल पर नहीं उतर पाया है।

उन्होंने कहा कि मुफ्त बिजली देने के बजाय कांग्रेस सरकार ने बिजली उपभोक्ताओं पर फ्यूल चार्ज, मिल्क सेस और अन्य अतिरिक्त शुल्कों का बोझ डाल दिया है। इससे प्रदेश के लाखों परिवारों का घरेलू बजट प्रभावित हुआ है और जनता अपने आप को ठगा हुआ महसूस कर रही है। अखिलेश कपूर ने कहा कि कांग्रेस सरकार की कथनी और करनी में स्पष्ट अंतर दिखाई दे रहा है। चुनाव के समय राहत देने के बड़े-बड़े दावे किए गए थे, लेकिन आज उपभोक्ताओं को लगातार बढ़ते बिजली बिलों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार अपनी चुनावी गारंटियों को पूरा करने में पूरी तरह विफल साबित हुई है। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि पहले से लागू 125 यूनिट मुफ्त बिजली योजना को भी सरकार ने विभिन्न शर्तों से जोड़ दिया है, जिसके कारण अनेक पात्र उपभोक्ता इसका लाभ नहीं ले पा रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि भाजपा और जनता के विरोध के बाद सरकार को अपने कुछ निर्णय वापस लेने पड़े, जिससे उसकी नीतिगत अस्थिरता उजागर हुई है। इस दौरान अखिलेश कपूर ने सरकार के समक्ष पांच महत्वपूर्ण प्रश्न भी उठाए। उन्होंने पूछा कि 300 यूनिट मुफ्त बिजली का वादा आखिर कब पूरा किया जाएगा, बिजली पर फ्यूल चार्ज लगाने की आवश्यकता क्यों पड़ी, मुफ्त बिजली के दावे के बावजूद नए-नए शुल्क किस आधार पर लगाए जा रहे हैं, 125 यूनिट मुफ्त बिजली योजना पर अतिरिक्त शर्तें क्यों थोपी गईं और क्या सरकार मानती है कि उसके चुनावी वादों और वर्तमान नीतियों के बीच बड़ा अंतर है। अखिलेश ने कहा कि प्रदेश की जनता अब सरकार से जवाब चाहती है।

# पुनरीक्षण एवं चुनावी तैयारियों की समीक्षा, मतदाता सूची को त्रुटिहीन बनाने के निर्देश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** भारत निर्वाचन आयोग के सचिव सुमन कुमार दास ने कुल्लू में निर्वाचन अधिकारियों की बैठक लेकर विशेष गहन पुनरीक्षण तथा चुनाव संबंधी अन्य आवश्यक तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में जिले के चारों विधानसभा क्षेत्रों मनाली, कुल्लू, बंजार और आनी की फोटो मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रगति एवं चुनाव संबोधित अन्य तैयारियों पर बिंदुवार विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त अश्वनी कुमार, तहसीलदार अनिल कुमार, तहसीलदार निर्वाचन वीना देवी, नायब तहसीलदार निर्वाचन ज्वाला प्रसाद सहित सभी बूथ स्तरीय अधिकारी (बीएलओ) उपस्थित रहे। सुमन कुमार ने सभी निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों एवं सहायक निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे सभी आवश्यक आंकड़ों एवं तैयारियों को अद्यतन रखें, ताकि जिले में स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं त्रुटिरहित मतदाता सूची का निर्माण सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने विशेष रूप से उन शहरी एवं दूरदराज क्षेत्रों के मतदान केंद्रों पर ध्यान केंद्रित करने को कहा, जहां मतदाता मैपिंग 80 प्रतिशत से कम है। बैठक में जानकारी दी गई कि जिला कुल्लू के चारों विधानसभा क्षेत्रों में अब तक 92.29 प्रतिशत मतदाताओं की मैपिंग पूरी की जा चुकी है। शेष 7.70 प्रतिशत अनमैप्ड मतदाताओं को शीघ्र कवर करने के निर्देश दिए गए। विधानसभा क्षेत्रवार मतदाता मैपिंग की स्थिति की भी समीक्षा की गई।

# कराटे ग्रेडिंग में खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

## ईशांत शर्मा, तन्वी शर्मा, आकृति परमार और रोनित शर्मा बने ब्लैक बेल्ट

अनंत ज्ञान

**भुंतर।** एलएमएस कलैहली में 7 जून को आयोजित कराटे ग्रेडिंग परीक्षा में खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विभिन्न बेल्ट श्रेणियों में सफलता प्राप्त की। ग्रेडिंग परीक्षा में बड़ी संख्या में खिलाड़ियों ने भाग लिया और अपनी मेहनत, अनुशासन तथा तकनीकी कौशल का शानदार प्रदर्शन किया।

इस अवसर पर कृतिका वर्धन, अद्विका ठाकुर, श्रियान ठाकुर, नव्या शर्मा, अर्श ठाकुर, श्रेयस ठाकुर, दुर्विक ठाठुर, मानवसे चौहान, समृद्धि, अनुग्रह, आर्णिक, अथर्व राणा, धर्मेश, आर्या, देवान्या, रित्विका भारद्वाज, देवांश, वंश, रुद्रांश, अयान ठाकुर, नयाशिया, आरण्या, अन्नांशी, पिंगाक्षी, भार्गवी कश्यप, जिवेन ठाकुर, ओजस्वी ठाकुर, वैभवी, भाविक, प्रेरणा ठाकुर, जन्नत ठाकुर, अर्नवी, अनाया ठाकुर, वेदिका, याक्ष्मिता ठाकुर, कृषा नेगी, मिहेका पराशर, रिग्जिन अंगमो, शानु जैन, यक्षिता राजवंशी, तृषा, आहाना शर्मा, आदर्श, रियाना ठाकुर, अतीक्ष, विघे, ओजस ठाकुर, रियान्श नेगी, गिरीश ठाकुर, शार्विल एवं विवान ठाकुर ने येलो बेल्ट के लिए योग्यता प्राप्त की। देवांशी, अलाविया, सोनम त्सेरिंग, रित्विक, वृंदा शर्मा, पार्थ, तंजिन, सोमांश, एरिशा रावल, आराध्या, अक्षांश ठाकुर, अद्रिका, मेधांश ठाकुर, आर्यादित्य ठाकुर, अक्षिका, निजेल ठाकुर, आहान, इनाया चौहान, दिव्यांश, शौर्यन, कृतिका एवं विहान ने सफलतापूर्वक ग्रेडिंग उत्तीर्ण कर ऑरेंज बेल्ट के लिए योग्यता प्राप्त की।इसके अतिरिक्त अवानी भंडारी, हैरिस ठाकुर, आनन्या रोपा, बृंदा, अक्षिता रतनिया, अथर्व, सौतान्या एवं आरशी शर्मा ने ग्रीन बेल्ट, दिव्यांका मालपा, अविश ठाकुर, मायरा ठाकुर, विराट रतनिया, रितिक ठाकुर, ईशविन ठाकुर, आरव गुप्ता, अभिनंदन ठाकुर एवं जिग्मेद नोर्बू ने ब्लू बेल्ट, उत्कर्ष ठाकुर ने ब्राउन बेल्ट तथा आकृति परमार, तन्वी शर्मा, ईशांत शर्मा एवं रोनित शर्मा ने ब्लैक बेल्ट के लिए योग्यता प्राप्त की। ग्रेडिंग परीक्षा को सफलतापूर्वक संपन्न करवाने में गोजू र्यू डो कराटे डो एसोसिएशन इंडिया के अध्यक्ष सेंसेई रणवीर ठाकुर, सेनपाई काव्यांश शर्मा तथा जैस्मिन ठाकुर का विशेष योगदान रहा।



उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी अपने कोच के साथ। अनंत ज्ञान

# लाहौल स्पीति में बिना अनुमति ट्रैकिंग पर सख्ती, एडवाइजरी जारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण लाहौल-स्पीति ने पर्यटकों, ट्रैकर्स और स्थानीय नागरिकों के लिए महत्वपूर्ण एडवाइजरी जारी की है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि पूर्व अनुमति और अनिवार्य पंजीकरण के बिना किसी भी ट्रैकिंग मार्ग पर जाना पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा।प्रशासन के अनुसार सभी ट्रैकिंग दलों को यात्रा शुरू करने से पहले अधिकृत अधिकारी के समक्ष पंजीकरण कराना होगा तथा यात्रा कार्यक्रम, दल के सदस्यों का विवरण और आपातकालीन संपर्क जानकारी उपलब्ध करानी होगी। केवल अधिकृत ट्रैकिंग मार्गों का ही उपयोग करने के निर्देश दिए गए हैं। एडवाइजरी में भूस्खलन, हिमस्खलन, ग्लेशियर झीलों, नदी-नालों और अन्य संवेदनशील क्षेत्रों से दूर रहने की सलाह दी गई है। साथ ही ट्रैकिंग के दौरान प्रशासन, पुलिस, वन विभाग और डीडीएमए द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन अनिवार्य बताया गया है।

## न्यूज ब्रीफ

### मोहर्रम के अवसर पर नाहन में यातायात व्यवस्था में रहेगा अस्थायी परिवर्तन : जिला दंडाधिकारी

**अनंत ज्ञान, नाहन।** जिला दंडाधिकारी सिरमौर एवं उपायुक्त प्रियंका वर्मा द्वारा जारी आदेशों के अनुसार मोहर्रम के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के दृष्टिगत नाहन शहर में यातायात व्यवस्था में अस्थायी परिवर्तन किया गया है। जिला दण्डाधिकारी ने बताया कि इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम हेतु कच्चा टैंक से गुन्नूघाट मार्ग पर वाहनों की आवाजाही अस्थायी रूप से बंद रखी जाएगी। उन्होंने बताया कि पुलिस विभाग की रिपोर्ट के आधार पर यातायात संचालन के लिए वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। आदेशानुसार 25 जून को रात्रि 9:00 बजे से 26 जून को प्रातः 5:00 बजे तक तथा 26 जून को दोपहर 1:00 बजे से रात्रि 8:00 बजे तक गुन्नूघाट से कच्चा टैंक वाया डाइट मार्ग पर सभी प्रकार के यातायात को परिवर्तित किया गया है। इस अवधि के दौरान निजी एवं एचआरटीसी बसों का संचालन दोनों दिशाओं में बस अड्डा नाहन से दिल्ली गेट होते हुए वाया वाल्मीकि बस्ती चौक मार्ग से किया जाएगा। इसके अतिरिक्त उन्होंने बताया कि दोपहिया एवं चारपहिया वाहनों के लिए गुन्नूघाट से कच्चा टैंक की ओर एकतरफा यातायात व्यवस्था लागू रहेगी। उन्होंने बताया कि आपातकालीन सेवाओं से संबंधित वाहनों को आवश्यकतानुसार छूट प्रदान की जाएगी। उन्होंने आम जनता से सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि निर्धारित अवधि के दौरान वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करें तथा यातायात पुलिस एवं प्रशासन द्वारा जारी निर्देशों का पालन करें, आदेशों की अवहेलना करने पर नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### ज्यूरीपतन-शिमला वाया जयनगर बस सेवा बंद करने के निर्णय का कड़ा विरोध

**अनंत ज्ञान, अर्की।** आम आदमी पार्टी पदाधिकारी अशोक चंदेल ने अर्की की जनता की जीवनरेखा मानी जाने वाली ज्यूरीपतन से शिमला वाया जयनगर बस सेवा को बंद करने के सरकार के निर्णय का कड़ा विरोध किया है। अशोक चंदेल ने बताया कि यह बस सेवा पिछले लगभग 30 वर्षों से लगातार संचालित हो रही है, जिससे क्षेत्र की करीब 10 से 15 पंचायतों के हजारों लोग लाभान्वित हो रहे हैं। इस बस सेवा के माध्यम से स्कूली व कॉलेज जाने वाले विद्यार्थी, सरकारी विभागों में कार्यरत कर्मचारी, बुजुर्ग एवं आम जनता अपने दैनिक कार्यों के लिए आवागमन करते हैं। ऐसे में इस महत्वपूर्ण बस रूट को बंद करने का निर्णय जनता के हितों के साथ अन्याय है। आम आदमी पार्टी का कहना है कि सरकार को जनहित को ध्यान में रखते हुए इस निर्णय को तुरंत वापस लेना चाहिए। दूरदराज के ग्रामीण क्षेत्रों में परिवहन सुविधा पहले ही सीमित है, ऐसे में वर्षों पुरानी बस सेवा को बंद करना ग्रामीण जनता की परेशानियों को बढ़ाने वाला कदम है। आम आदमी पार्टी ने सरकार से तथा अर्की विधायक संजय अवस्थी से आग्रह किया है कि जनभावनाओं को समझते हुए इस बस सेवा को यथावत जारी रखा जाए। साथ ही उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि सरकार द्वारा इस जनहित के रूट को पुनः शुरू नहीं किया गया, तो आम आदमी पार्टी जनता के साथ मिलकर आने वाले समय में एक बड़ा आंदोलन एवं धरना प्रदर्शन करने के लिए मजबूर होगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रदेश सरकार एवं स्थानीय विधायक की होगी।

### चौपाल कल्याण सभा की बैठक संपन्न संगठन को मजबूत बनाने पर हुआ मंथन

**अनंत ज्ञान, सोलन।** चौपाल कल्याण सभा सोलन की अध्यक्ष अनिल शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में संगठन से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई तथा सभा की गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए विचार-विमर्श किया गया। बैठक में सदस्यों ने चौपाल क्षेत्र के लोगों के हितों से जुड़े मुद्दों पर अपने सुझाव रखे और भविष्य में सामाजिक एवं जनकल्याणकारी गतिविधियों को गति देने पर सहमति व्यक्त की। साथ ही संगठन को अधिक सशक्त एवं सक्रिय बनाने के लिए सभी सदस्यों ने मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया। बैठक में मुख्य रूप से प्रदीप गनेट, बलवंत पोटन, रामानंद शर्मा, जितेंद्र सिंगटा, लोकेंद्र शर्मा, नरेंद्र चौहान, संजय शर्मा, अनिल राठौर, मनजीत नांटा, देवेंद्र शर्मा, मिलाप शर्मा, अनिल कांटा तथा ऋचा सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। अंत में अध्यक्ष अनिल शर्मा ने सभी सदस्यों का बैठक में सहभागिता के लिए आभार व्यक्त करते हुए संगठन की आगामी गतिविधियों में सक्रिय सहयोग देने का आह्वान किया।

**सीमा मौत मामला : विभागों की टालमटोल से परेशान परिवार, न्याय की मांग तेज**

# डेढ़ माह बीता, नहीं मिला मृत्यु प्रमाण पत्र

अनंत ज्ञान

**कृष्ण रघुवंशी, अर्की।** उपमंडल अर्की के मुख्यालय स्थित अस्पताल में पथरी के ऑपरेशन के दौरान हुई सीमा शर्मा की मौत को डेढ़ महीने से अधिक समय बीत चुका है, लेकिन परिवार को अभी तक मृत्यु प्रमाण पत्र नहीं मिल पाया है। इस मामले को लेकर मृतका के पति हंसराज शर्मा ने अस्पताल प्रशासन और संबंधित विभागों की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए हैं।

◆ **सीमा मौत मामले में पति का फूटा गुस्सा कहा, ऐसी जिंदगी से तो मर जाना अच्छा**



मृतक पत्नी का मृत्यु प्रमाणपत्र लेने अस्पताल पहुंचे के पति। अनंत ज्ञान

हंसराज शर्मा का कहना है कि उन्हें हाल ही में मामले पर चर्चा के लिए अर्की अस्पताल बुलाया गया था, लेकिन बैठक से कोई ठोस निष्कर्ष नहीं निकला। उनका आरोप है कि परिवार लगातार अधिकारियों और विभागों के चक्कर काट रहा है, फिर भी यह स्पष्ट नहीं किया जा रहा कि मृत्यु प्रमाण पत्र किस कार्यालय से जारी होगा। उन्होंने बताया कि अर्की अस्पताल में पूछने पर उन्हें शिमला भेजा जाता है, जबकि शिमला में अधिकारी उन्हें वापस अर्की अथवा नगर पंचायत से संपर्क करने की सलाह देते हैं।

हंसराज शर्मा के अनुसार विभागों के बीच जिम्मेदारी टालने की इस प्रक्रिया से परिवार मानसिक रूप से बेहद परेशान है। उन्होंने कहा कि न तो उन्हें मृत्यु प्रमाण पत्र मिला है और न ही मामले में हुई कार्रवाई की कोई स्पष्ट जानकारी दी गई है। उन्होंने प्रशासन से जल्द समाधान की मांग करते हुए चेतावनी दी कि यदि उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो वह अस्पताल परिसर में आत्महत्या जैसा कदम उठाने को मजबूर हो सकते हैं।

> सीमा शर्मा को अर्की अस्पताल से जीवित अवस्था में रेफर किया गया था। उनके अनुसार मृतका के परिजन रेफरल पर्ची के आधार पर अर्की से शिमला के बीच किसी भी पंचायत कार्यालय से मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त कर सकते हैं।
>
> **डॉ. अजय पाठक**
> **सीएमओ सोलन**

# ओवरफ्लो टंकी, सूखे गले



**पाटी गांव में जल आपूर्ति व्यवस्था पर सवाल**

अनंत ज्ञान

**अर्की।** अर्की उपमंडल की ग्राम पंचायत देवरा के ग्राम पाटी में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था को लेकर ग्रामीणों ने गंभीर आरोप लगाए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में स्थापित उठाऊ पेयजल योजना की टंकी से पानी लगातार ओवरफ्लो होकर बह रहा है, जबकि लोगों को पर्याप्त पेयजल उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। स्थानीय निवासी लायक राम सहित अन्य ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि संबंधित कर्मचारी द्वारा केवल लगभग एक घंटे ही जलापूर्ति की जाती है। ग्रामीणों का यह भी कहना है कि टंकी से पानी छोड़ने की जिम्मेदारी जिस कर्मचारी को सौंपी गई है, वह स्वयं मौके पर नहीं आता, बल्कि उसके परिवार के सदस्य ही यह कार्य करते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने ओवरफ्लो होते पानी का वीडियो बनाकर जल शक्ति विभाग के एक्सईएन और एसडीओ को भेजा है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

> वीडियो और शिकायत के आधार पर एसडीओ को उचित कार्रवाई के निर्देश दिए जाएंगे।
>
> **ई. विवेक कटोच, अधिशासी अभियंता जल शक्ति विभाग अर्की**

**सिरमौर पुलिस-एसटीएफ की बड़ी कार्रवाई**

# मादक पदार्थ तस्कर की 4.41 करोड़ रुपए की संपत्ति जब्त

अनंत ज्ञान

**नाहन।** सिरमौर पुलिस और विशेष कार्य बल (एसटीएफ) ने मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ एक बड़ा अभियान चलाया और एक मादक पदार्थ तस्कर एवं उसके गिरोह की लगभग 4.41 करोड़ की अवैध संपत्ति जब्त की। पुलिस विभाग के एक प्रवक्ता ने बताया कि महमूद अली की संपत्ति जब्त कर ली गई है, जिसमें 12 छोटे वाहन, एक ट्रक और तीन घर शामिल हैं। वह अभी नाहन की 'मॉडर्न सेंट्रल जेल' में हिरासत में है। उन्होंने कहा कि जब्त की गई संपत्ति से जुड़ा मामला कानूनी कार्रवाई के लिए नई दिल्ली में संबंधित अधिकारी को भेज दिया गया है। स्वापक औषधि और मन:प्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम 1985 के तहत की गई कार्रवाई मादक पदार्थों के दुरुपयोग के खिलाफ जारी अभियान में एक बड़ी उपलब्धि है। हिमाचल प्रदेश और अन्य राज्यों में अली और उसके साथियों के खिलाफ एनडीपीएस अधिनियम के तहत कई मामले दर्ज किए गए हैं।

### दाड़ला मोड़ पर कार व ट्रक की टक्कर

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** एनएच-205 शिमला-मंडी मार्ग पर दाड़ला मोड़ स्थित पूर्व इंटरनेशनल स्कूल के नजदीक पेट्रोल पंप के पास एक कार और ट्रक के बीच टक्कर हो गई। गनीमत रही कि इस हादसे में किसी प्रकार का जानी नुकसान नहीं हुआ और एक बड़ा हादसा टल गया। स्थानीय लोगों ने प्रशासन और संबंधित विभाग से दाड़ला मोड़ पर शीघ्र स्पीड ब्रेकर लगाने की मांग की है।

# राष्ट्रीय स्तर का मां शूलिनी मेला आज से, दुल्हन की तरह सजा सोलन शहर

अनंत ज्ञान

**आर मोहन चौहान, सोलन।** सोलन की अधिष्ठात्री देवी मां शूलिनी के सम्मान में आयोजित होने वाला राष्ट्रीय स्तरीय शूलिनी मेला शुक्रवार से विधिवत शुरू होगा। 26 से 28 जून तक चलने वाले इस ऐतिहासिक मेले को लेकर पूरे शहर में उत्साह का माहौल है। मां शूलिनी के स्वागत के लिए सोलन शहर को दुल्हन की तरह सजाया गया है। मंदिर परिसर से लेकर प्रमुख बाजारों और मार्गों पर आकर्षक सजावटी लाइटें एवं तोरण द्वार लगाए गए हैं।




परंपरा के अनुसार मां शूलिनी की पावन डोली भव्य शोभायात्रा के रूप में निकलेगी और गंज बाजार स्थित शक्तिपीठ मंदिर में अपनी बड़ी बहन के दर्शन के लिए पहुंचेगी। मान्यता है कि मां शूलिनी सच्ची श्रद्धा से मांगी गई मनोकामनाएं पूर्ण करती हैं, जिसके चलते मेले में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। प्रशासन के अनुसार शोभायात्रा में एक लाख से अधिक श्रद्धालु शामिल हो सकते हैं। मेले के उद्घाटन अवसर पर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे और माता की डोली का स्वागत करेंगे। वहीं समापन समारोह में राज्यपाल कविंदर गुप्ता मुख्य अतिथि रहेंगे। दूसरी सांस्कृतिक संध्या में स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल शिरकत करेंगे। मेले के दौरान आयोजित सांस्कृतिक संध्याओं में हिंदी, पंजाबी और पहाड़ी संगीत का रंग देखने को मिलेगा। ठोडो मैदान में झूले, खेलकूद प्रतियोगिताएं, दंगल, ठोडा, वॉलीबॉल और कबड्डी प्रतियोगिताओं की तैयारियां भी पूरी कर ली गई हैं। शहर के विभिन्न स्थानों पर स्टॉल सजने शुरू हो गए हैं।

उपायुक्त मनमोहन शर्मा ने बताया कि मेले की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को लेकर विशेष प्रबंध किए गए हैं, ताकि श्रद्धालुओं और पर्यटकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।





















## न्यूज ब्रीफ

### मुख्यमंत्री की पहल पर कल 'एंटी चिट्टा डे'

**अनंत ज्ञान, ऊना।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की पहल पर प्रदेश में 26 जून को 'एंटी चिट्टा डे' के रूप में विशेष जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। नशे, विशेषकर चिट्टे के बढ़ते खतरे के प्रति लोगों खासकर युवाओं को जागरूक करने तथा नशा मुक्त हिमाचल के संकल्प को जन-आंदोलन का स्वरूप देने के उद्देश्य से प्रदेशभर में विभिन्न जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इसी क्रम में ऊना जिले में भी नशे के विरुद्ध जनजागरूकता अभियान चलाया जाएगा। जिला मुख्यालय स्थित मिनी सचिवालय परिसर में 26 जून को प्रातः 11 बजे एंटी चिट्टा शपथ कार्यक्रम आयोजित होगा। कार्यक्रम में जिला प्रशासन के अधिकारी एवं कर्मचारी नशे के खिलाफ शपथ लेकर समाज से चिट्टे एवं अन्य मादक पदार्थों के उन्मूलन का सामूहिक संकल्प लेंगे। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने प्रदेश को नशा मुक्त बनाने के लिए एंटी चिट्टा अभियान छेड़ा है और इस पर 'जीरो टॉलरेंस' की नीति पर बल दे रहे हैं और इस सामाजिक बुराई के खिलाफ व्यापक जनभागीदारी को समय की आवश्यकता बता चुके हैं।

### ऊना में 29 जून को लगेगी पेंशन अदालत

**अनंत ज्ञान, ऊना।** डाकघर ऊना मंडल के अधीक्षक बलबीर चंद ने बताया कि ऊना मंडल में 29 जून को सायं 4 बजे पेंशन अदालत आयोजित की जाएगी। इस अदालत में डाक पेंशनभोगियों तथा डाक फैमिली पेंशनभोगियों की पेंशन संबंधी शिकायतों और समस्याओं की सुनवाई कर उनका समाधान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिन पेंशनभोगियों को पेंशन से संबंधित किसी प्रकार की शिकायत या समस्या है, वे अपनी शिकायत 29 जून को दोपहर 1 बजे तक अधीक्षक डाकघर, ऊना कार्यालय में भेजना सुनिश्चित करें, ताकि पेंशन अदालत में उस पर विचार किया जा सके। डाक विभाग ने पेंशनभोगियों से समय रहते अपनी समस्याएं लिखित रूप में भेजने की अपील की है, ताकि सुनवाई के दौरान मामलों का त्वरित निस्तारण संभव हो सके।

### मकान के गिरने का खतरा, प्रशासन से लगाई गुहार



**अनंत ज्ञान, घनारी।** गग्रेट क्षेत्र के नंगल जरियाला ग्राम पंचायत नंगल जरियाला के वार्ड नंबर-5 में लगातार हो रही बारिश के बीच एक परिवार ने अपने मकान को खतरा होने की आशंका जताई है। वार्ड निवासी विद्यासागर का कहना है कि रास्ता मरम्मत कार्य के दौरान ठेकेदार द्वारा उनके मकान के साथ गड्ढा खोद दिया गया, लेकिन समय पर उसे सुरक्षित तरीके से नहीं भरा गया। लगातार बारिश के कारण वहां पानी भर गया है, जिससे मकान की नींव को नुकसान पहुंचने का खतरा बढ़ गया है। विद्यासागर ने बताया कि यदि अगले एक-दो दिनों में भारी बारिश होती है तो उनके मकान को गंभीर नुकसान हो सकता है। उनका कहना है कि एक रास्ते को ठीक करने के प्रयास में दूसरे का नुकसान नहीं होना चाहिए। प्रभावित परिवार ने प्रशासन, लोक निर्माण विभाग और ग्राम पंचायत से मांग की है कि मौके का तुरंत निरीक्षण कर समस्या का स्थायी समाधान किया जाए, ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से बचा जा सके।

### खेल-खेल में निखर रही नौनिहालों की प्रतिभा

**अनंत ज्ञान, ऊना।** आंगनबाड़ी केंद्र कोटला खुर्द में समर स्कूल रेडीनेस मेला-1 का उत्साहपूर्ण आयोजन किया गया। पर्यवेक्षक कुलवीर कौर की अध्यक्षता में आयोजित इस मेले का उद्देश्य बच्चों को विद्यालय में प्रवेश के लिए तैयार करना, उनकी प्रारंभिक सीखने की क्षमता को विकसित करना तथा अभिभावकों को स्कूल तैयारी की प्रक्रिया से जोड़ना रहा। कार्यक्रम में 3 से 6 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के माता-पिता, दादा-दादी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। मेले के दौरान अभिभावकों को बच्चों के प्रारंभिक विकास, स्कूल रेडीनेस तथा घर पर सीखने के अनुकूल वातावरण तैयार करने संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। बच्चों की बौद्धिक, सामाजिक एवं भावनात्मक तैयारी में परिवार की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की गई।

# मेले हमारी धार्मिक आस्था, समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के प्रतीक : बबलू

## पिपलू मेले के दूसरे दिन चिंतपूर्णी के विधायक ने बतौर मुख्यातिथि की शिरकत

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बंगाणा।** जिला स्तरीय ऐतिहासिक पिपलू मेला-2026 के दूसरे दिन भगवान श्री नरसिंह देव मंदिर में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। मेले में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों, प्रदर्शनियों और विभिन्न आकर्षणों में भी लोगों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की। मेले के दूसरे दिन श्री चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुदर्शन सिंह बबलू ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उनके साथ उनकी धर्मपत्नी किरनदीप कौर भी रहीं।

कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा एवं उनकी पत्नी मृदु शर्मा ने उनका अभिनंदन किया। सुदर्शन सिंह बबलू ने कहा कि पिपलू जैसे मेले हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, धार्मिक आस्था और लोक परंपराओं की जीवंत पहचान हैं। ऐसे आयोजन समाज में भाईचारे, एकता और सामाजिक सौहार्द को मजबूत करते हैं। उन्होंने मेले के सफल आयोजन के लिए मेला समिति, प्रशासन तथा क्षेत्रवासियों की सराहना की।



पिपलू मेले के दूसरे दिन मुख्यातिथि विधायक सुदर्शन बबलू के साथ आयोजक।

उन्होंने कहा कि माता श्री चिंतपूर्णी मंदिर के सौंदर्यीकरण और समग्र विकास को नई गति दी जा रही है। प्रथम चरण में लगभग 206 करोड़ की विकास परियोजनाओं पर कार्य आरंभ होगा, जिसका शुभारंभ शीघ्र मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू करेंगे। उन्होंने बताया कि आने वाले वर्षों में चिंतपूर्णी क्षेत्र के समग्र विकास और सौंदर्यीकरण पर लगभग एक हजार करोड़ व्यय करने की योजना है। वहीं, विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि पिपलू मेले को लोगों की अपेक्षाओं के अनुरूप और अधिक व्यवस्थित एवं भव्य स्वरूप देने के प्रयास किए जा रहे हैं।

### मेले में डॉग शो बना आकर्षण का केंद्र

**मेले** में आयोजित विभिन्न गतिविधियों के क्रम में गुरुवार को आयोजित डॉग शो लोगों के आकर्षण का केंद्र रहा। विभिन्न नस्लों के प्रशिक्षित श्वानों ने अपने शानदार करतबों से दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। बच्चों सहित बड़ी संख्या में लोगों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। मेले में विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई विकासात्मक प्रदर्शनियों, स्थानीय उत्पादों की दुकानों तथा अन्य स्टॉलों पर भी दिनभर लोगों की भीड़ रही। श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और सुचारु व्यवस्थाओं के लिए प्रशासन तथा मेला समिति द्वारा समुचित प्रबंध किए गए थे।

# ऊना जिले में 31 मई तक एससी/एसटी के 67 केस दर्ज

अनंत ज्ञान

**ऊना।** सहायक आयुक्त विनय मोदी ने वीरवार को अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम तथा 15 सूत्रीय कार्यक्रम के अंतर्गत गठित समितियों की बैठकें लीं। उन्होंने अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एसी ने जिला सतर्कता एवं प्रबोधन समिति की बैठक में जातीय भेदभाव की रोकथाम और पीड़ितों को समयबद्ध न्याय व राहत प्रदान करने पर बल दिया। उन्होंने अधिनियम के तहत दर्ज मामलों की जांच में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि 31 मई तक जिला में 67 मामले दर्ज हैं, जिनमें से 59 मामले न्यायालय में लंबित हैं। तीन मामलों में निर्णय हो चुका है, जबकि 2 मामलों में जांच के बाद एससी-एसटी एक्ट की धाराएं हटाई गई हैं और तीन मामलों में पुलिस जांच जारी है। उन्होंने बताया कि अधिनियम के तहत पीड़ितों को एक लाख रुपये से लेकर 8 लाख 25 हजार रुपये तक की राहत राशि प्रदान करने का प्रावधान है। यह राशि चरणवार तरीके से प्रदान की जाती है। उन्होंने अधिकारियों को मामलों की नियमित निगरानी रखने के निर्देश दिए, ताकि पीड़ितों को समय पर राहत और न्याय मिल सके।

उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि अधिनियम के प्रावधानों का गंभीरता से पालन सुनिश्चित किया जाए और पीड़ितों को त्वरित राहत व विधिक संरक्षण उपलब्ध कराने में कोई ढिलाई न बरती जाए। इसके उपरांत सहायक आयुक्त ने 15 सूत्रीय कार्यक्रम जोकि अल्पसंख्यक वर्ग विशेष के उत्थान के लिए सरकार द्वारा आरम्भ किया गया है, की समीक्षा बैठक में बताया कि जिला ऊना में अल्पसंख्यक समुदाय से संबंधित 48 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता तथा 42 आंगनबाड़ी सहायिकाएं एकीकृत बाल विकास योजना में सेवाएं प्रदान कर रही है।

उन्होंने बताया कि इन आंगनबाड़ी में छः माह से 6 वर्ष तक के 673 बच्चे तथा 180 माताओं को पोषण अभियान के तहत लाभान्वित किया जा रहा है। इसी प्रकार 3 से 6 वर्ष के 148 बच्चे प्री-स्कूल शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं।

# ड्यूटी के दौरान बेहोश आउटसोर्स कर्मचारी को पहुंचाया अस्पताल

अनंत ज्ञान

**चिंतपूर्णी।** मंदिर न्यास चिंतपूर्णी के कार्यालय में ड्यूटी के दौरान अचानक बेहोश हुए आउटसोर्स कर्मचारी विपिन राणा के लिए मंदिर अधिकारी संजीव प्रभाकर संकटमोचक बनकर सामने आए। विपिन राणा कार्यालय में काम कर रहे थे कि अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई और वे बेहोश होकर गिर पड़े। घटना की जानकारी मिलते ही मंदिर अधिकारी संजीव प्रभाकर ने तुरंत मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और बिना समय गंवाए अन्य कर्मचारियों की मदद से उन्हें उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया। चिकित्सकों के अनुसार, विपिन राणा को सही समय पर अस्पताल पहुंचा दिया गया, जिससे उनकी जान बच सकी। समय रहते प्राथमिक उपचार व चिकित्सकीय देखभाल मिलने से बड़ा हादसा टल गया। इस घटना के बाद मंदिर न्यास प्रशासन भी हरकत में आ गया और मंदिर परिसर में आपातकालीन व्यवस्थाओं को और अधिक चुस्त-दुरुस्त करने की दिशा में कदम उठाए गए। मंदिर अधिकारी संजीव प्रभाकर ने घटना के तुरंत बाद आपातकालीन रास्तों की स्थिति का निरीक्षण किया और लिफ्ट के आसपास अवैध रूप से खड़े वाहनों तथा रेहड़ियों को तुरंत हटाने के निर्देश जारी किए। उन्होंने स्पष्ट किया कि आपातकालीन मार्गों पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण या बाधा स्वीकार नहीं की जाएगी, क्योंकि ऐसी रुकावटें किसी भी आपात स्थिति में राहत और चिकित्सा सहायता पहुंचाने में देरी का कारण बन सकती हैं।

# अजोली-सनोली सड़क तीन महीने के लिए रहेगी बाधित

**अनंत ज्ञान, ऊना।** उपमंडल ऊना के अंतर्गत अजोली से सनोली सड़क मार्ग, पंजाब सीमा (किलोमीटर 3/400 से 4/600) 26 जून से 26 सितंबर तक यातायात के अस्थायी तौर पर बंद रहेगी। इस दौरान ट्रैफिक सनोली से मेलवां रोड़ पर डायवर्ट रहेगा। उपायुक्त ऊना जतिन लाल ने इस संबंध में मोटर वाहन अधिनियम 1988 की धारा 115 व 116 के तहत आदेश जारी किए हैं। उन्होंने बताया कि उन्होंने बताया कि इस दौरान यातायात को शिवबाड़ी से कलोह वायपास वैकल्पिक मार्ग पर मोड़ा जाएगा। उपायुक्त ने बताया कि यह आदेश सड़क मार्ग के सुदृढ़ीकरण कार्यों को त्वरित और सुचारू रूप से करने को लेकर जारी किए गए हैं। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को सड़क बंद करने को लेकर जनता को सूचित करने और मार्ग परिवर्तन की जानकारी देने के लिए अग्रिम बोर्ड लगाने के निर्देश दिए हैं।

# पुलिस ने कुछ घंटों में दबोचे बाइक चोर

## तीन नाबालिगों के खिलाफ किशोर न्याय अधिनियम के तहत हो रही कार्रवाई

अनंत ज्ञान



पुलिस टीम के साथ पकड़े गए बाइक चोर।

**ब्यूरो, ऊना।** जिला पुलिस ऊना ने मोटरसाइकिल चोरी के एक मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए महज कुछ घंटों के भीतर आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरीशुदा वाहन बरामद करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने मामले में कुल पांच युवकों की संलिप्तता पाई है, जिनमें दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि तीन बाल अपचारी पाए गए हैं। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 24 जून को अंकित जसवाल निवासी भदसाली, तहसील हरोली ने पुलिस चौकी पंडोगा में अपनी मोटरसाइकिल चोरी होने की शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायत के आधार पर पुलिस थाना हरोली में अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया।

मामले की गंभीरता को देखते हुए डीएसपी हरोली मोहन रावत के नेतृत्व में पुलिस टीम ने तुरंत जांच शुरू की। तकनीकी एवं मानव स्त्रोतों की सहायता से पुलिस ने कुछ ही घंटों में मामले का खुलासा कर चोरी में शामिल पांच युवकों की पहचान कर ली। जांच के दौरान पुलिस ने अमित कुमार निवासी कुठार खुर्द और बबलु राम निवासी सुनेहरा को गिरफ्तार किया, जबकि तीन अन्य नाबालिगों के खिलाफ किशोर न्याय अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने आरोपी अमित कुमार की निशानदेही पर चोरी हुई मोटरसाइकिल भी बरामद कर ली। इसके अलावा आरोपियों के कब्जे से दो अन्य संदिग्ध मोटरसाइकिलें भी बरामद की गई हैं, जिन पर नंबर प्लेट नहीं लगी थी और आरोपियों द्वारा उनके वैध दस्तावेज भी प्रस्तुत नहीं किए जा सके। दोनों गिरफ्तार आरोपियों को आज माननीय न्यायालय ऊना में पेश किया जाएगा।

# बिलासपुर में 101 ग्राम चिट्टे समेत पंजाब के तीन युवक गिरफ्तार

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश में नशे के कारोबार पर लगातार शिकंजा कस रही स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) को बिलासपुर में बड़ी सफलता हाथ लगी है। मंडी एसटीएफ की टीम ने धराड़सानी फोरलेन पर नाकाबंदी के दौरान एक स्कॉर्पियो वाहन से 101 ग्राम चिट्टा (हेरोइन) बरामद कर पंजाब के तीन युवकों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार, टीम नियमित जांच अभियान के तहत धराड़सानी क्षेत्र में तैनात थी। इसी दौरान पंजाब नंबर की एक स्कॉर्पियो को जांच के लिए रोका गया। वाहन में सवार युवकों की गतिविधियां संदिग्ध लगने पर जब गहन तलाशी ली गई तो डैशबोर्ड के भीतर छिपाकर रखी गई एक जुराब से 101 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान पंजाब के मोगा जिले के रहने वाले जगशीर सिंह, हरप्रीत सिंह और जसविंद्र सिंह के रूप में हुई है। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ थाना झंडूता में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

प्रारंभिक जांच में पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि बरामद नशीली खेप कहां से लाई गई थी और इसे हिमाचल में किसे पहुंचाया जाना था। साथ ही इस तस्करी नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की भूमिका भी खंगाली जा रही है। डीएसपी मुख्यालय मदन धीमान ने मामले की पुष्टि करते हुए कहा कि प्रदेश में नशे के खिलाफ अभियान और तेज किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि युवाओं का भविष्य बर्बाद करने वाले नशा तस्करों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी और किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा।

# घर के पास बेहोश मिला युवक, उपचार दौरान मौत

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर जिले के झंडूता विधानसभा क्षेत्र के तहत ग्राम बल्ह चलोग में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। युवक अपने घर के समीप बेहोशी की हालत में पड़ा मिला था। परिजन उसे तत्काल उपचार के लिए एम्स बिलासपुर ले गए, जहां उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। मृतक की पहचान रामपाल पुत्र छोटू राम के रूप में हुई है।

जानकारी के अनुसार युवक के बेहोश मिलने के बाद परिजनों ने किसी जहरीली वस्तु के सेवन की आशंका जताते हुए उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस टीम एम्स बिलासपुर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। पुलिस ने परिजनों के बयान दर्ज किए हैं। शव का पोस्टमार्टम एम्स बिलासपुर में करवाया गया। प्रारंभिक जांच में मामला जहरीली वस्तु के सेवन का पाया गया है। पुलिस के अनुसार शव के निरीक्षण के दौरान शरीर पर किसी प्रकार की चोट या खरोंच के निशान नहीं पाए गए। मामले में सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। डीएसपी घुमारवीं विशाल वर्मा ने बताया कि जांच जारी है।

# जुखाला कॉलेज में साइंस-कॉमर्स बहाली की मांग को लेकर प्रदर्शन तेज

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** जुखाला कॉलेज में साइंस और कॉमर्स विषय को बहाल करने की मांग को लेकर चल रहा आंदोलन वीरवार सुबह उस समय और उग्र हो गया जब धरना स्थल पर प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच तीखी बहस और धक्का-मुक्की हो गई। स्थिति को नियंत्रण में रखने के लिए मौके पर भारी पुलिस फोर्स तैनात कर दी गई है।

जुखाला कॉलेज बचाओ संघर्ष समिति के बैनर तले आयोजित इस धरने में स्थानीय नेताओं और ग्रामीणों का आक्रोश साफ देखने को मिल रहा है। संघर्ष समिति के आह्वान पर सुबह करीब 9:30 बजे भारी संख्या में लोग धरना स्थल पर जुटना शुरू हुए। नैना देवी विधायक रणधीर शर्मा के नेतृत्व में सैकड़ों ग्रामीण वहां पहुंचे और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। धरना-प्रदर्शन के दौरान उस समय तनाव की स्थिति बन गई जब सुबह पुलिस बल (क्यूआरटी सहित) मौके पर पहुंचा और प्रदर्शनकारियों को उठाने का प्रयास करने लगा। इस दौरान जब पुलिस ने धरना स्थल से गद्दे और अन्य सामान हटाने की कोशिश की, तो वहां मौजूद महिलाओं और पुलिसकर्मियों के बीच तीखी बहस हुई,



धरने पर बैठे विधायक रणधीर शर्मा व अन्य।

जो देखते ही देखते धक्का-मुक्की में बदल गई। विधायक ने प्रदेश सरकार से विद्यार्थियों के हितों और क्षेत्र की जन भावनाओं को ध्यान में रखते हुए बंद की गई कक्षाओं को तत्काल प्रभाव से बहाल करने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि विज्ञान और वाणिज्य की कक्षाएं बंद होने से क्षेत्र के सैकड़ों विद्यार्थियों का भविष्य प्रभावित हो रहा है। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी है कि अगर आने वाले दिनों में उनकी मांगों पर सरकार ने सकारात्मक फैसला नहीं लिया तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा।

### ऋषिकेश स्कूल प्रबंधन समिति का गठन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला ऋषिकेश में हिमाचल प्रदेश सरकार एवं शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार स्कूल प्रबंधन समिति का गठन प्रधानाचार्य निर्मल सिंह चंदेल की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। समिति में अभिभावकों, समुदाय प्रतिनिधियों तथा शिक्षाविद् अनंत राम सहित विभिन्न सदस्यों का चयन किया गया। समिति की पहली बैठक एक जुलाई को आयोजित होगी, जिसमें अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का चयन किया जाएगा। इस अवसर पर ग्राम पंचायत डमली के प्रधान गुरमीत सिंह ने विद्यालय विकास और नशामुक्त समाज के लिए सामूहिक प्रयासों का आह्वान किया।

### बिलासपुर कॉलेज में छात्रों ने नशा मुक्ति पर रखे विचार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर में एनएसएस इकाई एवं प्रहरी क्लब के संयुक्त तत्वावधान में 'नशा मुक्त भारत अभियान, विकसित भारत की पहचान' के अंतर्गत नशा मुक्ति शपथ एवं व्याख्यान सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. पीएस कटवाल ने की, जबकि वरिष्ठ आचार्य डॉ. रणजीत कौशल मुख्यातिथि रहे। डॉ. रणजीत कौशल ने युवाओं से नशे से दूर रहने तथा नशा मुक्त भारत अभियान को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। मुख्य वक्ता डॉ. मनोहर ने विद्यार्थियों को खेल, योग, संगीत और साहित्य जैसी सकारात्मक गतिविधियों को अपनाने की प्रेरणा दी। एनएसएस स्वयंसेवी तृप्ता और मीनाक्षी ने भी नशा मुक्ति पर अपने विचार रखे। प्रहरी क्लब संयोजक डॉ. संजीव कुमार ने युवाओं से समाज को नशामुक्त बनाने में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में रेड रिबन क्लब संयोजिका डॉ. सोनिया राठौर, डॉ. श्याम लाल सहित एनएसएस स्वयंसेवियों और बीसीए विभाग के 120 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया।

### डॉ. अभिनव ऑल इंडिया स्पॉन्सर्ड रैंकिंग में छठे स्थान पर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** डंगार के सौग गांव से संबंध रखने वाले डॉ. अभिनव शर्मा ने पीजीआईएमईआरए चंडीगढ़ से एमडी (मेडिसिन) की डिग्री के लिए चयन के चलते ऑल इंडिया स्पॉन्सर्ड रैंकिंग में छठा स्थान हासिल किया है। उनकी इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है। उल्लेखनीय है कि डॉ. अभिनव ने आईजीएमसी शिमला से 2022 में स्नातक की उपाधि हासिल की थी। डॉ. शर्मा ने अपनी सेवाओं की शुरुआत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पीएचसी नम्होल से की थी, जहां उन्होंने ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसके पश्चात वे पिछले तीन वर्षों से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) नोहराधार में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। चिकित्सा क्षेत्र में उनकी मेहनत, लगन और उत्कृष्ट प्रदर्शन ने उन्हें यह सम्मानजनक उपलब्धि दिलाई है। क्षेत्र के लोगों, सहकर्मियों एवं शुभचिंतकों ने डॉ. अभिनव शर्मा को इस सफलता पर हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। अभिनव के पिता सुरेश शर्मा रावमापा बरठी में प्रधानाचार्य के पद पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं जबकि माता एक निजी विद्यालय की संचालक हैं।



### अलसू पुल के पास व्यक्ति से 818.87 ग्राम चरस बरामद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर पुलिस द्वारा नशा तस्करी के विरुद्ध छेड़े गए विशेष अभियान के अंतर्गत पुलिस थाना बरमाणा की टीम ने एक व्यक्ति के कब्जे से 818.87 ग्राम चरस बरामद कर उसे गिरफ्तार किया है। बीती 23 जनू को पुलिस टीम द्वारा अलसु पुल (बरमाणा) के पास गश्त की जा रही थी। गश्त के दौरान पुल के पास एक व्यक्ति के बैग से 818.87 ग्राम चरस बरामद की गई। गिरफ्तार आरोपी की पहचान भारत भूषण (40) पुत्र रमेश लाल निवासी एमसी बारह घर की लाई, समरहिल शिमला के रूप में हुई है। इस संबंध में पुलिस थाना बरमाणा मे मामला दर्ज कर छानबीन आरंभ कर दी है। आरोपी को 24 जून को माननीय न्यायालय बिलासपुर में पेश किया गया, जहां उसे दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा गया था। जिसे आज फिर से माननीय न्यायालय में पेश किया जाएगा। पुलिस अधीक्षक अभिषेक कुमार ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि मामले की आगामी जांच जारी है।



# बिलासपुर में किसानों के लिए फार्मर आईडी अनिवार्य : उपायुक्त

◆ **एग्रीस्टैक परियोजना के तहत डिजिटल पहचान बनाने की अपील**

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** उपायुक्त बिलासपुर राहुल कुमार ने जिले के सभी किसान एवं बागवानों से एग्रीस्टैक परियोजना के तहत शीघ्र फार्मर आईडी बनवाने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कृषि भूमिधारक किसान को एक यूनिक डिजिटल फार्मर आईडी दी जा रही है, जो भविष्य में उसकी आधिकारिक डिजिटल पहचान होगी। इसी आईडी के माध्यम से केंद्र एवं प्रदेश सरकार की कृषि और बागवानी से संबंधित विभिन्न योजनाओं और अनुदानों का लाभ प्रदान किया जाएगा।

उपायुक्त ने बताया कि एग्रीस्टैक पोर्टल पर पंजीकरण सभी किसानों एवं बागवानों के लिए अनिवार्य है। भविष्य में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्राकृतिक खेती, फसल बीमा, सिंचाई, बीज, उर्वरक, कृषि यंत्रीकरण तथा बागवानी अनुदान जैसी योजनाओं का लाभ लेने के लिए फार्मर आईडी आवश्यक होगी।

उन्होंने बताया कि जिला बिलासपुर में पीएम किसान योजना के 64,285 लाभार्थी हैं। इनमें से 25 जून 2026 तक 31,231 किसानों का फार्मर रजिस्ट्री में पंजीकरण किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त 6,020 अन्य किसानों ने भी अपना पंजीकरण करवाया है।

परियोजना अधिकारी आत्मा रितेश गुप्ता ने बताया कि फार्मर आईडी बनाने की प्रक्रिया पूरी तरह आधार आधारित और डिजिटल है। किसान स्वयं ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं या निकटतम लोकमित्र केंद्र तथा कृषि एवं बागवानी विभाग के अधिकारियों से सहायता प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने सभी किसानों से अपील की कि भविष्य में सरकारी योजनाओं का लाभ निर्बाध रूप से प्राप्त करने के लिए समय रहते फार्मर आईडी बनवाना सुनिश्चित करें।

# संगठन सृजन से निगम भंडारी को मिली कमान, युवाओं में नया जोश : रजनीश

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** अखिल भारतीय युवा कांग्रेस मीडिया विभाग के राष्ट्रीय संयोजक रजनीश मेहता ने निगम भंडारी को किन्नौर जिला अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर खुशी जताई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी की सोच संगठन सृजन के तहत निगम भंडारी जैसे जमीनी युवा नेता को जिम्मेदारी देने से युवाओं में नई ऊर्जा का संचार हुआ है। रजनीश मेहता ने प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री जगत सिंह नेगी के बयान पर हैरानी जताई, जिसमें उन्होंने निगम भंडारी की नियुक्ति को पैराशूट तरीका बताया था।



मेहता ने कहा कि निगम भंडारी पिछले 18 साल से संगठन से जुड़े हैं। एनएसयूआई से लेकर कांग्रेस के विभिन्न पदों पर कार्य कर चुके हैं। 2022 से पहले प्रदेश में विपक्ष के दौरान उनका कार्यकाल स्वर्णिम रहा। युवाओं-छात्रों की आवाज बुलंद करने और कोरोना काल में टीम के साथ प्रदेश भर में किए गए जनसेवा कार्यों को आज भी जनता सराहती है। मेहता ने कहा कि यही निगम भंडारी हैं जिन्होंने अध्यक्ष रहते हुए दर्जनों केस झेले और आज भी अदालतों के चक्कर काट रहे हैं। विपक्ष में रहते हुए निगम भंडारी और उनकी टीम ने प्रदेश में कांग्रेस सरकार बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिसे भुलाया नहीं जा सकता।

उन्होंने कहा कि एक तरफ जगत नेगी जी संगठन चुनाव का विरोध करते थे, दूसरी तरफ खुद किन्नौर में ब्लॉक अध्यक्ष मनोनीत करवाते हैं। मंत्री जगत नेगी को यह नहीं भूलना चाहिए कि यही हाईकमान है जिसने उन्हें लंबे समय से उन्हें पार्टी का टिकट दिया और प्रदेश सरकार में मंत्री बनाया। उन्हे हाईकमान के फैसले का स्वागत करना चाहिए और किन्नौर में एकजुट होकर पार्टी को मजबूत करना चाहिए।

# पूर्व मंत्री के बयान से बिफरे श्री नयना देवी मंदिर न्यास के पुजारी

◆ **सभी शेयर होल्डरों को बराबर हिस्सा देने का किया आग्रह**

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** श्री नयना देवी मंदिर के पुजारियों ने पूर्व मंत्री रामलाल ठाकुर द्वारा मीडिया में दिए गए बयान पर कड़ा ऐतराज जताते हुए सभी शेयरधारकों को समान हिस्सा दिए जाने की मांग की है। पुजारियों ने जिलाधीश एवं मंदिर न्यास से आग्रह किया है कि पूर्व जिलाधीश एसके दास द्वारा 1987 में दिए गए आदेश के अनुसार सभी हिस्सेदारों को बराबर हिस्सा प्रदान किया जाए।

प्रेस को जारी बयान में पुजारियों ने आरोप लगाया कि वर्ष 2014 में राजनीतिक दबाव के चलते पूर्व व्यवस्था में बदलाव कर कुछ चुनिंदा परिवारों को लाभ पहुंचाया गया, जबकि अधिकांश हिस्सेदार परिवारों को उनके अधिकारों से वंचित रहना पड़ा। इसी विवाद के कारण मामला विभिन्न न्यायालयों में लंबे समय से विचाराधीन है।

पुजारियों का कहना है कि वर्ष 1987 से 2013 तक सभी पुरोहितों और हिस्सेदारों को समान रूप से हिस्सा मिलता रहा, लेकिन बाद में की गई व्यवस्था से विवाद उत्पन्न हुआ। उन्होंने मंदिर न्यास से मांग की है कि सभी पात्र हिस्सेदारों को समान हिस्सा दिया जाए तथा जिन मामलों को लेकर न्यायालय में विवाद लंबित है, उनका समाधान कानून के अनुसार किया जाए।

पुजारी नारायण दत्त, श्याम किशोर, नीलम कुमार, ओम प्रकाश आदि का कहना है कि राम लाल ठाकुर के समय में पुरोहितों को 56 पैसे बारीदारों को 19 पैसे तथा मंदिर को 25 पैसे देने का रेवन्यू में उल्लेख है चूंकि इस फैसले से मन्दिर का खर्चा नही चल रहा था तो इसी बात को ध्यान में रखते हुए पूर्व जिलाधीश एसके दास ने सभी हिस्सेदारों को बराबर हिस्सा देने की बात रखी, जिसे सभी हिस्सेदारों ने स्वीकारा तथा सभी पुजारी हिस्सेदारों को बराबर हिस्सा 1987 से 2013 तक मिलता रहा। उसके बाद 2013 में राजनैतिक दबाब के चलते गलत फैसला किया था तथा लाखों रुपए मात्र पांच छह परिवारों को डाल दिए, उन पैसो की रिकवरी का मामला हाई कोर्ट में विचाराधीन है।

## केएस प्रेमी व अनुज शर्मा के नाम रही आषाढ़ मेले की तीसरी संध्या



**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिलास्तरीय नाग देवता मेला बनीखेत की तीसरी संध्या प्रसिद्ध हिमाचली लोकगायक के एस प्रेमी व इंडियन आइडल फेम अनुज शर्मा के नाम रही। हिमाचली लोक गायक के एस प्रेमी ने अपने कार्यक्रम की शुरुआत, अपने भजन जै शिवा, से की, उसके बाद, उन्होंने एक के बाद एक नॉन स्टॉप गीत गाकर दशकों को खूब झुमाया। वहीं इंडियन आइडल फेम अनुज शर्मा ने भी एक के बाद एक फिल्मी पंजाबी गीत गाकर दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत स्थानीय कलाकारों द्वारा की गई, उसके बाद, भावना जरयाल, राखी गौतम, सुभाष प्रिस, रजिंदर कुमार, नरेन्द्र राही, ऋषभ, जीवन पांगी, के अलावा लगभग 30 कलाकारों ने अपनी अपनी मधुर आवाज से लोगों का भरपूर मनोरंजन किया। तीसरी सांस्कृतिक संध्या में डलहौजी पब्लिक स्कूल के चेयरमैन जीएस ढिल्लों ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। मेला अधिकारी एवं एसडीएम डलहौजी अनिल भारद्वाज ने मुख्यातिथि को शॉल टोपी व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

# उपतहसील धरवाला के लिल्ह क्षेत्र में ढांक से गिरने से दंपती की मौत

### रास्ते से गुजरते समय अचानक संतुलन बिगड़ने से हुआ दर्दनाक हादसा

अनंत ज्ञान

**धरवाला।** उपतहसील धरवाला लिल्ह क्षेत्र में एक हृदयविदारक सड़क हादसे में पति-पत्नी की दर्दनाक मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत दाडवी के उआ गांव निवासी गोरख (33) एवं उनकी पत्नी सुषमा देवी (26) किसी परिचित के घर लिल्ह क्षेत्र के गांव कलमला जा रहे थे। यह सफर उनके जीवन का अंतिम सफर साबित हुआ।

रास्ते में चलते समय अचानक उनका संतुलन बिगड़ गया और दोनों अनियंत्रित होकर गहरी ढांक में जा गिरे। बताया जा रहा है कि ढलान और दुर्गम रास्ते के कारण यह हादसा बेहद भयावह हो गया और दोनों की मौके पर ही मृत्यु हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे और राहत कार्य शुरू करने का प्रयास किया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी।

ग्रामीणों ने तुरंत घटना की सूचना प्रशासन और पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई करते हुए दोनों शवों को कब्जे में लिया। इसके बाद शवों को पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चूड़ी ले जाया गया, जहां शव गृह की सुविधा उपलब्ध न होने के कारण उन्हें आगे मेडिकल कॉलेज चंबा भेज दिया गया। इस संबंध में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चूड़ी के डॉक्टर शिवराज सिंह ने बताया कि यदि अस्पताल में शव गृह की सुविधा होती तो पोस्टमार्टम वहीं संभव हो जाता। इस हादसे ने पूरे परिवार को गहरे शोक में डुबो दिया है। मृतक गोरख अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था। उनके पिता गंभीर बीमारी के कारण पहले ही अपनी दोनों टांगें गंवा चुके हैं और पूरी तरह अपने बेटे पर निर्भर थे। परिवार की पूरी जिम्मेदारी गोरख के कंधों पर थी, जो मेहनत-मजदूरी कर अपने बुजुर्ग माता-पिता और परिवार का पालन-पोषण कर रहा था। इस दर्दनाक हादसे की सबसे बड़ी त्रासदी यह है कि दंपति अपने पीछे दो छोटे बच्चों—एक बेटा और एक बेटी—को छोड़ गए हैं, जिन्होंने एक ही पल में अपने माता-पिता का साया खो दिया। अब इन मासूम बच्चों के सिर से माता-पिता का स्नेह और संरक्षण दोनों उठ गया है। वहीं बुजुर्ग माता-पिता के लिए भी यह घटना असहनीय पीड़ा लेकर आई है, जिन्होंने अपने बुढ़ापे का एकमात्र सहारा खो दिया है।

## सकरेरा स्कूल में एसएमसी गठित, अनु देवी बनी प्रधान

**अनंत ज्ञान, डलहौजी।** राजकीय उच्च विद्यालय सकरेरा में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए विद्यालय प्रबंधन समिति (एसएमसी) का गठन किया गया। विद्यालय परिसर में आयोजित बैठक में शिक्षा का अधिकार अधिनियम-2009 और विभागीय दिशा-निर्देशों के तहत नई कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से चयन किया गया। बैठक में ग्राम सकरेरा की अनु देवी को प्रधान चुना गया, जबकि ग्राम कूट की अनु देवी को उप-प्रधान का दायित्व सौंपा गया। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का विद्यालय परिवार और अभिभावकों ने स्वागत करते हुए उन्हें बधाई दी। विद्यालय प्रबंधन ने विश्वास जताया कि नई समिति के नेतृत्व में विद्यालय के समग्र विकास, शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार और विद्यार्थियों के हितों से जुड़े कार्यों को नई गति मिलेगी। साथ ही विद्यालय और अभिभावकों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने में स्स्ट की भूमिका और अधिक मजबूत होगी। बैठक के दौरान पूर्व प्रधान रविंदर कुमार के कार्यकाल में किए गए उल्लेखनीय योगदान की सराहना करते हुए उनका आभार व्यक्त किया गया। नई विद्यालय प्रबंधन समिति में पदेन सदस्य के रूप में शामिल किया गया।

# नशा समाज के लिए अभिशाप, युवाओं को बचाना हम सबकी जिम्मेदारी : केसर




डलहौजी में नशे के खिलाफ रैली निकालते हुए। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**अजीत सिंह, डलहौजी।** अंतरराष्ट्रीय मादक द्रव्य दुरुपयोग एवं अवैध तस्करी निरोधक दिवस तथा एंटी चिट्टा दिवस के अवसर पर डलहौजी में नशे के खिलाफ रैली निकाली गई। यह रैली तहसील कल्याण अधिकारी केसर सिंह के नेतृत्व में आयोजित की गई, जिसमें 'डलहौजी एंटी चिट्टा यूथ', आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और शहर के कई गणमान्य लोगों ने भाग लिया।

केसर सिंह ने कहा कि नशा समाज के लिए गंभीर खतरा है और इससे युवाओं को बचाना सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने नशा उन्मूलन के लिए जनभागीदारी को आवश्यक बताया। वहीं, पुलिस विभाग के अधिकारी रोहन राजवीर ने सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि चिट्टा तस्करों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा और उनके खिलाफ कार्रवाई और तेज की जाएगी। वाल्मीकि सभा डलहौजी के अध्यक्ष अजय नाहर ने नशा कारोबारियों के सामाजिक बहिष्कार की अपील की और युवाओं से खेलों की ओर अग्रसर होने का आग्रह किया। इस अवसर पर हिमसत्ता के चीफ एडिटर अपूर्व महाजन ने भी नशा तस्करों के खिलाफ कड़े सामाजिक रुख की बात कही और युवाओं से नशे के खिलाफ एकजुट होने का आह्वान किया। रैली में बड़ी संख्या में युवाओं ने भाग लिया और शहर के मुख्य मार्गों से गुजरते हुए 'नशा मुक्त डलहौजी' के नारे लगाए। पूरा वातावरण नशा विरोधी संदेशों से गूंज उठा।

## खजियार में लोगों को दी योजनाओं की जानकारी

**अनंत ज्ञान, खजियार।** खजियार पंचायत में आम नागरिकों को सामाजिक सुरक्षा एवं वित्तीय समावेशन योजनाओं का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से जन सुरक्षा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में स्थानीय लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। शिविर में बैंक ऑफ इंडिया, सरोल शाखा के सहायक प्रबंधक हेम सिंह ने प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना तथा प्रधानमंत्री जन धन योजना की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ये योजनाएं आम नागरिकों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। कार्यक्रम में लाभार्थियों को पंजीकरण, बैंक खाते सक्रिय करने, नामांकन अद्यतन और केवाईसी प्रक्रिया में सहायता दी गई। साथ ही डिजिटल बैंकिंग, साइबर सुरक्षा और वित्तीय साक्षरता पर जागरुकता भी फैलाई गई।

# एनएचपीसी की परियोजनाएं बदल रहीं चंबा की तस्वीर : हर्ष महाजन

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, चंबा।** जिले में एनएचपीसी लिमिटेड द्वारा कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) एवं सतत विकास (एसडी) के तहत संचालित विकास परियोजनाएं शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता और सामाजिक कल्याण के क्षेत्र में उल्लेखनीय बदलाव ला रही हैं। इन योजनाओं से जिले के हजारों लोग प्रत्यक्ष रूप से लाभान्वित हो रहे हैं और दूरदराज के क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार हो रहा है।



राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन ने कहा कि एनएचपीसी द्वारा किए जा रहे कार्य केवल बुनियादी ढांचे को मजबूत नहीं कर रहे, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक विकास के क्षेत्र में स्थायी परिवर्तन का मार्ग भी प्रशस्त कर रहे हैं। उन्होंने इन पहलों को जनहित और समग्र विकास का उत्कृष्ट उदाहरण बताया। शिक्षा के क्षेत्र में एनएचपीसी द्वारा एसटी योजना के अंतर्गत जिले में 45 विद्यालयों के निर्माण का कार्य किया जा रहा है, जिनमें 25 प्राथमिक और 20 माध्यमिक विद्यालय शामिल हैं। करीब 7.75 करोड़ रुपये की स्वीकृत लागत वाली इस परियोजना में अधिकांश भवनों का निर्माण पूरा हो चुका है, जबकि शेष कार्य अंतिम चरण में हैं। स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आंगनबाड़ी केंद्रों और विद्यालयों में 36.68 लाख रुपए की लागत से 350 वाटर प्यूरीफायर स्थापित किए गए हैं। वहीं स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाने के लिए जिले की पांच प्रयोगशालाओं में 18 लाख रुपए की लागत से बायोकेमिस्ट्री एनालाइजर लगाए गए हैं।

## दरकोटी स्कूल में नई एसएमसी समिति गठित

**अनंत ज्ञान, चंबा।** शिक्षा खंड कियानी के अंतर्गत राजकीय प्राथमिक पाठशाला दरकोटी में भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा जारी नई एसएमसी गाइडलाइंस-2026 एवं समग्र शिक्षा हिमाचल प्रदेश के निर्देशों के अनुरूप 2026-28 के लिए विद्यालय प्रबंधन समिति (एसएमसी) का सर्वसम्मति से गठन किया गया। यह प्रक्रिया पूर्णत: लोकतांत्रिक एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न हुई। नवगठित समिति में आशा कुमारी को चेयरपर्सन, सिलो देवी को वाईस चेयरपर्सन, दिनेश कुमार (जेबीटी) को मेंबर सेक्रेट्री तथा वार्ड पंच हितेश कुमारी को पदेन सदस्य चुना गया। इसके साथ ही अन्य अभिभावक प्रतिनिधियों को भी समिति में शामिल किया गया। विद्यालय प्रभारी सुनील जरियाल ने बताया कि नई गाइडलाइंस का उद्देश्य विद्यालयों में समुदाय की भागीदारी बढ़ाना और शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करना है।

# युवाओं को दिलाया नशामुक्ति का संकल्प

### जिला कल्याण अधिकारी मंजुल ने खेल प्रतियोगिताओं से दिया जागरुकता का संदेश




आईटीआई चंबा में एक दिवसीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, चंबा।** 'नशा मुक्त भारत अभियान' के तहत 17 जून से 26 जून तक चल रहे जागरूकता कार्यक्रमों की श्रृंखला में वीरवार को आईटीआई चंबा में एक दिवसीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को खेलों के माध्यम से नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था। इस अवसर पर जिला कल्याण अधिकारी मंजुल ठाकुर ने विद्यार्थियों और युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य, शिक्षा, परिवार और समाज पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे नशे से दूर रहकर खेल, शिक्षा और सकारात्मक गतिविधियों को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं। कार्यक्रम के दौरान टग ऑफ वॉर (रस्साकशी), बैडमिंटन, बास्केटबॉल, वॉलीबॉल और 100 मीटर दौड़ जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में लगभग 400 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और खेल भावना का परिचय दिया। आईटीआई चंबा के प्रधानाचार्य विपिन शर्मा ने कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं में अनुशासन, टीम भावना और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करने के साथ-साथ उन्हें नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम के अंत में युवाओं ने नशामुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने और अपने आसपास के लोगों को भी नशे के खिलाफ जागरूक करने का संकल्प लिया।

## सीएमओ कार्यालय चंबा में नशा मुक्त समाज की ग्रहण की शपथ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा।** अंतरराष्ट्रीय मादक द्रव्य दुरुपयोग एवं अवैध तस्करी निरोधक दिवस तथा एंटी चिट्टा दिवस के अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय चंबा में शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी चंबा डॉ. जालम भारद्वाज ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नशा मुक्त समाज के निर्माण तथा मादक पदार्थों के सेवन व तस्करी के विरुद्ध कार्य करने की शपथ दिलाई। अपने संबोधन में डॉ. जालम भारद्वाज ने कहा कि नशा आज समाज के लिए गंभीर चुनौती बन चुका है, जिसका सबसे अधिक प्रभाव युवाओं पर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि चिट्टा सहित अन्य नशीले पदार्थों के दुष्प्रभावों के प्रति व्यापक जागरूकता आवश्यक है। उन्होंने कर्मचारियों से अपील की कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में नशा उन्मूलन के संदेश को जन-जन तक पहुंचाएं।

# निर्जला एकादशी पर श्री राम भंडारा कमेटी ने लगाया लंगर



अनंत ज्ञान

**चंडीगढ़।** श्री राम भंडारा कमेटी की ओर से निर्जला एकादशी के पावन अवसर पर नामदेव भवन सेक्टर 21 सामने गन्ने के जूस और लंगर भंडारा लगाया गया। यहां लोगों में ने छोले-कुल्चे, चपाती, कढ़ी, हलवा प्रसाद बांटा। कमेटी के अध्यक्ष अरुण अग्रवाल ने बताया कि हिंदू धर्म में सभी एकादशी का विशेष महत्व होता है, लेकिन निर्जला एकादशी का महत्व सबसे बड़ा है।

निर्जला एकादशी को साल की सबसे बड़ी एकादशी माना जाता है। इस दिन लोग भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की पूजा करते हैं। मान्यता है कि इस दिन व्रत रखने से सारी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। धन और समृद्धि में वृद्धि होती है, साथ ही सौभाग्य का आशीर्वाद प्राप्त होता है। ऐसे में इस दिन लोग दूसरे लोगों की सेवा करने को भी सौभाग्य समझा जाता हैं। इस छबील पर 4 गन्ने के जूस की मशीन भी लगाई है, गन्ने के मीठे रस से लोगों की प्यास बुझाने के लिए 10 क्विंटल गन्ना मंगवाया गया है। इसके अलावा 1000 लोगों के लिए भंडारा, 1000 केले, 1000 चैलाई के लड्डू, कुलचा-छोले का इंतजाम किया गया था। लंगर सेवा में आई एस बंसल, अरुण अग्रवाल, सुमिता कोहली, शांति मांझी, नरिंदर सिंगला, अमिता मित्तल,केशव बंसल, जगदीश गुप्ता व अन्य ने सेवा निभाई। अरुण अग्रवाल ने बताया कि आगामी शनिवार को श्री राम भंडारा कमेटी की ओर से लगाए जाने वाले भंडारे के साथ साथ 1000 गिलास लस्सी का प्रबंध किया गया है।

## जींद में करंट लगने से महिला का मौत

**अनंत ज्ञान, जींद।** गांव जलालपुरा खुर्द में बुधवार रात करंट लगने से एक महिला की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने वीरवार को नागरिक अस्पताल में मृतका के शव का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव जलालपुरा निवासी अजय की पत्नी 26 वर्षीय लक्ष्मी बुधवार रात कमरे में कूलर को सरका रही थी। उसी दौरान उसे करंट ने अपनी चपेट मे ले लिया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर मृतका का मायका पक्ष तथा सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और हालातों का जायजा लिया। पुलिस ने मृतका के शव को कब्जे में ले नागरिक अस्पताल के शव गृह में रखवाया। सदर थाना पुलिस ने गुरूवार को मृतका के शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया। सदर थाना की जांच अधिकारी रीना ने बताया कि महिला की करेंट लगने से मौत हुई है। महिला के शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है।

# गुरुग्राम : जयपुर हाईवे पर जाम से लोग रहे परेशान

अनंत ज्ञान

**गुरुग्राम।** दिल्ली-जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-48 पर सिग्नेचर टावर के पास गुरुवार को एक फॉर्च्यूनर कार के दुर्घटनाग्रस्त होने से करीब पांच किलोमीटर लंबा ट्रैफिक जाम लग गया।



जानकारी के अनुसार सफेद रंग की फॉर्च्यूनर अनियंत्रित होकर आगे चल रहे वाहन से टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि फॉर्च्यूनर का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के समय कार के एयरबैग खुल गए, जिससे चालक और अन्य लोगों को बड़ा नुकसान नहीं पहुंचा। दुर्घटना के बाद क्षतिग्रस्त कार सड़क के बीच रुक गई, जिससे व्यस्त हाईवे पर यातायात थम गया। कुछ ही मिनटों में वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। कार्यालय जाने वाले कर्मचारियों और अन्य यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। सूचना मिलते ही गुरुग्राम ट्रैफिक पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने स्थिति संभालते हुए क्रेन मंगवाई और क्षतिग्रस्त वाहन को हाईवे से हटवाकर यातायात सुचारु करने की कार्रवाई शुरू की।

## सीईटी ग्रुप-डी के लिए साढ़े तीन लाख से अधिक युवाओं ने भरे फार्म

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग (एचएसएससी) द्वारा ग्रुप-डी सीईटी के लिए आयोजित की जाने वाली परीक्षा के लिए अब तक पंजीकरण करने वालों की संख्या साढ़े तीन लाख के पार हो चुकी है। आवेदन के लिए तीन जुलाई अंतिम दिन है। आयोग का मानना है कि अगले सप्ताह के दौरान बड़ी संख्या में युवा आवेदन कर सकते हैं। फाइनल सब्मिशन वालों का आंकड़ा आठ लाख तक पहुंच सकता है।

ग्रुप-डी भर्ती-2026 के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 19 जून से शुरू की गई है। अभ्यर्थी 3 जुलाई रात 11:59 बजे तक आवेदन कर सकेंगे। आवेदन शुल्क जमा कराने की अंतिम तिथि 6 जुलाई निर्धारित की गई है। आयोग ने अभ्यर्थियों को आवेदन पत्र में त्रुटि सुधार का भी अवसर दिया है। उम्मीदवार 7 जुलाई से 9 जुलाई तक अपने आवेदन में संशोधन कर सकेंगे। परीक्षा और एडमिट कार्ड जारी करने की तिथि बाद में अलग से घोषित की जाएगी। हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के अध्यक्ष हिम्मत सिंह ने वीरवार को सोशल मीडिया एक्स पर बताया कि अब तक कुल तीन लाख 88 हजार 551 अभ्यर्थियों ने सीईटी ग्रुप-डी के लिए पंजीकरण किया है। इनमें से दो लाख 14 हजार 699 ने सभी औपचारिकताएं पूरी करके फाइनल सब्मिशन कर दिया है। सिंह ने बताया कि अभी भी कुछ अभ्यर्थी अपना फार्म स्वयं न भरकर किसी दूसरे से अथवा सीएससी सेंटरों से भरवा रहे हैं। ऐसे में अभ्यर्थियों को अपने फार्म की खामियां तथा अन्य कई तरह की दिक्कतों के बारे में पता नहीं लग रहा है। ऐसे में बेहतर होगा अभ्यर्थी अपना फार्म स्वयं भरें तथा फाइनल सब्मिट करने से पहले दो बार जांच जरूर करें।

# सिद्धू ने पंचायत प्रतिनिधियों के लिए समान मानदेय की उठाई मांग

अनंत ज्ञान

**गुरनाम सागर, साहिबजादा अजीत सिंह नगर ।** पूर्व स्वास्थ्य मंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता बलबीर सिंह सिद्धू ने पंजाब सरकार द्वारा केवल सरपंचों को 10,000 रुपए प्रति माह मानदेय देने और पंचों, ब्लॉक समिति तथा जिला परिषद सदस्यों को नजरअंदाज करने के फैसले की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि गांवों के विकास और जनता की समस्याओं के समाधान में केवल सरपंच ही नहीं, बल्कि पंच, ब्लॉक समिति और जिला परिषद सदस्य भी समान रूप से महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ऐसे में सरकार ने केवल एक वर्ग को प्राथमिकता देकर अन्य निर्वाचित प्रतिनिधियों के साथ भेदभाव क्यों किया है?



सिद्धू ने कहा कि यदि सरकार वास्तव में पंचायती राज संस्थाओं को मजबूत करना चाहती है, तो सभी निर्वाचित प्रतिनिधियों के लिए समानता और न्याय के आधार पर नीति बनाई जानी चाहिए। केवल चुनिंदा वर्ग को लाभ देना लोकतंत्र की भावना के खिलाफ है और इससे अन्य प्रतिनिधियों में असंतोष पैदा होगा। उन्होंने मांग की कि यदि पंजाब सरकार सरपंचों को 10,000 रुपए मासिक दे सकती है, तो पंचों, ब्लॉक समिति और जिला परिषद सदस्यों के साथ भी न्याय किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि पंचों का क्या दोष है कि उन्हें इस फैसले से बाहर रखा गया है? पंचों को कम से कम 5,000 रुपए मासिक दिया जाए, जबकि ब्लॉक समिति और जिला परिषद सदस्यों को 15,000 रुपए मासिक मानदेय दिया जाए।

सिद्धू ने यह भी कहा कि सहकारी बैंकों के निदेशकों को भी उनकी जिम्मेदारियों को देखते हुए 5,000 रुपए से 10,000 रुपए मासिक मानदेय दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण और सहकारी संस्थाओं से जुड़े सभी निर्वाचित प्रतिनिधि विकास कार्यों में अहम भूमिका निभाते हैं, इसलिए किसी एक वर्ग को प्राथमिकता देकर अन्य के साथ भेदभाव करना उचित नहीं।

# पानीपत: धागा गोदाम में धागे की गांठ गिरने से दबकर दो बच्चियों की मौत



अनंत ज्ञान

**पानीपत।** पानीपत में वीरवार को एक धागा गोदाम में धागे के भारी-भरकम बंडल के नीचे दबने से दो बच्चियों की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार तीन बच्चियां अपनी मां के साथ गोदाम में आई थीं। वह बंडलों के पास ही खेल रही थीं, तभी पांच क्विंटल के दो बंडल फिसलकर उनके ऊपर गिर गए। जिसमें दो बच्चियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई है। जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

मृत बच्चियों के माता-पिता इसी गोदाम में मजदूरी का काम करते हैं। पुलिस के अनुसार, भैंसवाल रोड स्थित श्री लक्ष्मी फैक्ट्री में हादसा हुआ। फैक्टरी के गोदाम में रोजाना की तरह मजदूर काम कर रहे थे। इसी दौरान मां के साथ गोदाम में आई तीनों बच्चियां खेल रही थीं और हादसे का शिकार हो गईं। मृतक बच्चियों की पहचान साढ़े चार वर्षीय प्रग्या और अढ़ाई वर्षीय सोनम के रूप में हुई है। वहीं, हादसे में घायल तीसरी बच्ची की पहचान पांच वर्षीय रोशनी के रूप में हुई।

तीनों बच्चियां जब आपस में खेल रही थीं, तभी ऊपर रखी गईं पांच सौ किलोग्राम की धागे की दो बड़ी गांठें फिसलकर उनके ऊपर गिर गईं और तीनों बच्चियां उसके नीचे दब गईं। हादसा होते ही गोदाम में चीख-पुकार मच गई। वहां काम कर रहे परिजनों और अन्य मजदूरों ने आनन-फानन में गांठों को हटाकर तीनों बच्चियों को बाहर निकाला और तुरंत पानीपत के सिविल अस्पताल लेकर दौड़े। अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टरों ने प्रग्या और सोनम को मृत घोषित कर दिया। डॉक्टरों के मुताबिक, भारी वजन के नीचे दबने से बच्चियों का दम घुट गया था। वहीं, तीसरी बच्ची रोशनी की हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे तुरंत इलाज के लिए अस्पताल में दाखिल कर लिया, जहां उसकी स्थिति पर नजर रखी जा रही है। रोशनी की मां मूर्ति ने बताया कि उसके घर में कोई नहीं था, इसी कारण वो बेटी को अपने साथ गोदाम ले आई थी। पुलिस ने इत्तेफाकिया हादसा की कार्रवाई करते हुए क्लोजर रिपोर्ट लगा दी है।

## फरीदाबाद : होटल में छापा मारकर महिला समेत दो पुरुष दबोचे

**अनंत ज्ञान, फरीदाबाद।** पुलिस ने देह व्यापार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक होटल पर छापेमारी की। इस दौरान छह युवतियां और दो युवक आपत्तिजनक परिस्थिति में मिले। पुलिस ने होटल संचालन में शामिल एक महिला व दो पुरुषों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई सेक्टर-16 स्थित सेंट्रल महिला थाना पुलिस की टीम द्वारा अन्य थाना पुलिस के सहयोग से की गई। पुलिस को सूचना मिली थी कि एत्मादपुर क्षेत्र की गली नंबर-2 में स्थित होटल एचआर-07 में देह व्यापार का धंधा चलाया जा रहा है। सूचना मिलने के बाद सेंट्रल महिला थाना प्रभारी इंस्पेक्टर उषा रानी के नेतृत्व में एक संयुक्त टीम का गठन किया गया। टीम ने होटल में छापेमारी कर सभी को हिरासत में लेकर पूछताछ के लिए थाने पहुंचाया। शुरुआती जांच में पता चला कि दिल्ली से महिलाओं और युवतियों को फरीदाबाद बुलाया जाता था और होटल में देह व्यापार कराया जाता था। पुलिस की जांच में सामने आया कि हिरासत में ली गई अधिकांश युवतियां दिल्ली की रहने वाली हैं। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए होटल संचालन में शामिल एक महिला और दो पुरुषों को गिरफ्तार कर लिया।

# सेक्टर-30 में भाजपा प्रवक्ता ने बैठक कर लोगों की समस्याओं पर की चर्चा



अनंत ज्ञान

### ◆ पानी, सफाई और स्ट्रीट लाइट की शिकायतें उठीं, समाधान का दिया आश्वासन

**चंडीगढ़।** भारतीय जनता पार्टी, चंडीगढ़ के प्रदेश प्रवक्ता नरेश अरोड़ा ने सेक्टर-30, वार्ड नंबर 18 के लोगों के साथ बैठक कर क्षेत्र की समस्याओं पर चर्चा की। बैठक में लोगों ने लंबे समय से चली आ रही पानी की समस्या के साथ-साथ सफाई व्यवस्था, स्ट्रीट लाइट एवं अन्य नगर निगम से संबंधित मुद्दे उठाए।

नरेश अरोड़ा ने नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए आश्वासन दिया कि सभी मुद्दों को संबंधित अधिकारियों के समक्ष प्रमुखता से उठाकर उनके समाधान के लिए प्रयास किए जाएंगे।

उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान और क्षेत्र का विकास उनकी प्राथमिकता है तथा भारतीय जनता पार्टी सदैव जनहित के मुद्दों के लिए प्रतिबद्ध रही है।

# राष्ट्रीय स्तरीय माँ शूलिनी मेले की सोलन व प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं





कविन्द्र गुप्ता
राज्यपाल

सुखविंद्र सिंह सुक्खू
माननीय मुख्यमंत्री (हि.प्र.)

कर्नल धनीराम शांडिल
स्वास्थ्य मुख्यमंत्री (हि.प्र.)

मनमोहन शर्मा
उपायुक्त सोलन

राहुल जैन
अतिरिक्त उपायुक्त सोलन

डॉ. पूनम बंसल
एसडीएम सोलन

तिरुमला राजू एसडी वर्मा
एसपी सोलन

एकता गुप्ता
कमिश्नर नगर निगम सोलन

## सोलन की अधिष्ठात्री देवी मां शूलिनी के मेले में उमड़ता है श्रद्धा व आस्था सैलाब

**पूर्व बघाट (सोलन)** रियासत के शाही परिवार की अधिष्ठात्री देवी मां शूलिनी के प्रति सम्मान, श्रद्धा व आस्था जताने के लिए शूलिनी मेला मनाया जाता है। तीन दिवसीय मेले के पहले दिन मां शूलिनी अपने स्थान से अपनी बड़ी बहन दुर्गा के मंदिर में मिलने के लिए आती है। पुराने लोग बताते हैं कि मां शूलिनी के नाम पर इस नगर का नाम 'सोलन' पड़ा था। जो अब नगर निगम का स्थान ले चुका है। सोलन स्थिति मां शूलिनी को मां भगवती, मां दुर्गा और मां काली का ही एक रूप माना जाता है। इस बार भी यह मेला 26 जून को मनाया जा रहा है। इसको लेकर स्थानीय लोगों में खासा उत्साह है। लोगों को अक्सर यह जानने की जिज्ञासा बनी रहती है कि आखिर मां शूलिनी का इतिहास क्या है और हमारे शास्त्रों में मां शूलिनी का क्या स्थान है। महार्षि मार्कंडेय दुर्गा सत्पती में मां दुर्गा के मां काली के रूप में आ जाने का वर्णन करते हैं। उसी में जब मां काली महिषासुर राक्षस और उसकी राक्षसी सेना का शूल हाथ में लिए वद्य करती है तो मां काली को उस समय मां शूलिनी भी कहा गया। दुर्गा सतप्ती में महार्षि उस दृष्य का वर्णन करते हैं और बताते हैं कि मां शूलिनी महिषासुर संग्राम में कैसे दिखती थी। उसके विक्रल रूप को देखकर हर किसी को भय लगता है।

**खड्गिनी शूलिनी घोर गदिनी चक्रिणी तथा। शङ्खिनी चापिनी बाणभुशुण्डीपरिघायुधा ।।**

**अर्थातः उनके अस्त्र-शस्त्र, नेत्र, शिर के बाल, तीखे नख और दांत सभी रक्त वर्ण के हैं।**

**इसलिए वे रक्त दंतिका कहलाती और अत्यंत भयानक दिखायी देती हैं।...**

**तदेव शूलिना दत्तं पुरा दुर्वाससे मुने..** अर्थात मंत्रों की सिद्धि में विघन उपस्थित करने वाले शापरूपी कीलक का जो... मां दुर्गा अपने द्वितीय स्वरूप में ब्रह्मचारिणी के रूप में जानी जाती है।

प्रस्तुतिः आर. मोहन चौहान, सोलन। मो. 7018716514, 9418157519

जय शूलिनी माता
शूलिनी माता मेले
की हार्दिक शुभकामनाएं
शूलिनी माता मेले के पावन अवसर पर सभी माताओं-बहनों से विनम्र आग्रह है कि
स्तन कैंसर एवं गर्भाशय ग्रीवा (सर्विक्स) कैंसर की समय पर जांच करवाएं–
प्रारंभिक पहचान, सुरक्षित जीवन की पहचान!
संपर्कः श्रीमती आन्या 8219868919
प्रोफेसर (डॉ) राजेश कश्यप
अध्यक्ष, SEDO
पूर्व प्रत्याशी, भाजपा सोलन
कैंसर से डरें नहीं, जांच से लड़ें और जीतें!

माता शूलिनी मेले की आप सभी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
हेमन्त तनवर
सोलन/अर्की/कुनिहार/ नमोल

प्रदेश वासियों को राज्य स्तरीय माँ शूलिनी मेले की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं
लक्ष्मी ठाकुर
उपाध्यक्ष बीडीसी सोलन व जिला सोलन भाजपा कोषाध्यक्ष

श्री बालमुकंद अपैक्स हॉस्पिटल
हॉस्पिटल रोड सोलन
Super Speciality Medical Healthcare
श्री बालमुकंद अपैक्स हॉस्पिटल की ओर से समस्त प्रदेशवासियों को
राज्यस्तरीय माँ शूलिनी के पावन मेले की हार्दिक शुभकामनाएँ और बधाई
भगवती माँ शूलिनी सबकी मनोकामना पूरी करें!
NABH
For Appointment Please Call On
08091218297 | 08091966601 | 08091966603
Opposite Netaji Park, Hospital Road, Solan, Himachal Pradesh

बूंद-बूंद अनमोल है पानी व्यर्थ न बहाएं
जल शक्ति विभाग सोलन की ओर से
राष्ट्रीय स्तरीय माता शूलिनी मेले के पावन अवसर पर आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं।

Wishing You a Very Happy Mata Shoolini Fair
ACHIEVEMENT INFRASTRUCTURE PVT. LTD.
SHAPING STRUCTURES THAT SHAPE LIVES
- BUILDING CONSTRUCTION
- PRE FABRICATED STRUCTURES
- LGFS STRUCTURES
- UPVC DOORS, WINDOWS & GLAZING
Desh Raj Thakur
Director
9218648755, 8344700009, Ph.: 01792-359800
Email: achievementinfrastructure@gmail.com
web. www.achievementinfrastructure.com
Office No.1 Chopra Chamber Deonghat Solan (H.P.) 173211

शूलिनी माता मेले की आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं
राजीव कौड़ा
पूर्व डिप्टी मेयर, नगर निगम सोलन

Srishti Enterprises Solan
Wishing You A Very Happy National Level Mata Shoolini Fair 2026

राष्ट्रीय स्तरीय माता शूलिनी मेले की आप सभी को हार्दिक बधाई
पंकज वर्मा
महासचिव, व्यापार मंडल सोलन


राष्ट्रीय स्तरीय शूलिनी माता मेले के पावन अवसर पर आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं
पदम पुंडीर
भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य

राष्ट्रीय स्तरीय माता शूलिनी मेले की आप सभी को हार्दिक बधाई
सुनील ठाकुर
पूर्व सचिव भाजपा किसान मोर्चा
लहसुन कारोबारी सोलन

ANJALI Charitable Trust
शूलिनी मेले के अवसर के सुअवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
अंजली चैरिटेबल ट्रस्ट सोलन
उपलब्ध सुविधाएं
गरीब एवं वंचित वर्ग के बच्चों को मुफ्त गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, उनके शारीरिक विकास हेतु संतुलित एवं पौष्टिक सम्पूरक आहार और उनको समग्र विकास का अवसर।

आप सभी को माता शूलिनी मेले की हार्दिक बधाई
सोलन वासियों पर माता रानी की कृपा बनी रहे
प्रदीप ममगाई
आर्किटेक्ट व कंसलटेंट
एमडी, मोजेक आर्किटेक्ट,
राजीव सदन, नजदीक बीएल स्कूल, राजगढ़ रोड सोलन।

Pinegrove School
"We Aspire to Inspire..."



DHARAMPUR . SUBATHU
Distt. Solan HP
*An epitome in creating exalted lives... Pinegrove is a revered "Cradle of Excellence and Leadership".*
Pinegrove School is a fully-residential, co-educational, senior secondary school nestled in the most picturesque scenery of the Kasauli Hills in Distt Solan HP. The school is affiliated to the CBSE and is highly-reputed for its high standards in value education, excellent work-ethics, personality development and discipline, whilst maintaining the highest standards of academic, co-curricular and sporting excellence.
BRITISH COUNCIL · ISO International Organization for Standardization · NPSC · BSAI · AFS · ROUND SQUARE
Numerous Affiliations for greater exposure
USPs — Unlike traditional schools, Pinegrove follows Best Practices in school education and is proud of its outstanding work-ethics, happy school environment and World Class Infrastructure.
Scan for
An Overview of the School
Some Unique Features
- Individual Benchmarks for each student
- Bully-free, substance-abuse-free, cash-free and mobile-free school
- International Exchange Programmes
- High Order Pastoral Care
- School Hospital with Resident Doctor
- Hostel facilities from Age 6 onwards
- High moral and ethical standards
- Multiple Sporting facilities
- Telephone facility for children within Hostels



Distt. Solan, Himachal Pradesh, India
Tele: +91 98050 04115 | +91 01792 264105
Email: headmaster@pinegroveschool.com | Website: www.pinegrove.in